विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 अंक 308 पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 05 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

शिक्षा की जड़ें कड़वी होती हैं, लेकिन फल मीठा होता है।
-अरस्तू

AKS University Satna
Agriculture
ICAR Accredited
भाकृअनुप ICAR
B.Sc. (Hons.) Agriculture
REWA 8889717776 8889647776
SIDHI 8889587776
AMANGANJ 7692807776
CAMPUS 8889207776

## अविस्मरणीय! ओवल फतह, श्रृंखला 2-2 से बराबर



इंग्लैण्ड को मैच और उसके साथ ही श्रृंखला जीतने के लिए मात्र सात रनों की दरकार थी और भारत अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने की खातिर एक विकेट के लिए जूझ रहा था। गेंद मोहम्मद सिराज के हाथ में थी। वे अपना 31वां ओवर फेंकने के लिए तैयार थे। दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के दिल की धड़कने ठीक वैसे ही चल रही थीं, जैसे रोलर-कोस्टर राइड के दौरान ऊपर-नीचे होती हैं। सिराज ने एक फुल लेंग्थ गेंद डाली जो गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप ले उड़ी, और इसके साथ ही अंतिम और निर्णायक टेस्ट मैच भारत की झोली में आ गिरा।

विस्तृत खबर पेज-11 पर

क्रिकेट की दुनिया ने एक बार फिर टेस्ट प्रारूप का बेहद रोमांचक और अविस्मरणीय रूप देखा, जब भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का समापन द ओवल के ऐतिहासिक मैदान पर हुआ। यह श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई, लेकिन इसका अंत जिस नाटकीय अंदाज में हुआ, वह वर्षों तक क्रिकेट प्रेमियों के जेहन में ताजा रहेगा। नायक बनकर उभरे मोहम्मद सिराज, जिन्होंने अंतिम टेस्ट के आखिरी दिन अपनी आग उगलती गेंदों से हारी हुई बाजी को भारत की झोली में डाल दिया।

श्रृंखला का सफर किसी रोलर-कोस्टर राइड से कम नहीं था। हेडिंग्ले में इंग्लैंड ने 5 विकेट से जीत के साथ शुरुआत की, तो भारत ने एजबेस्टन में शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक और आकाश दीप की घातक गेंदबाजी की बदौलत 336 रनों की विशाल जीत दर्ज कर जोरदार वापसी की। तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला गया, जो एक करीबी मुकाबला साबित हुआ। इस रोमांचक मैच में इंग्लैंड ने भारत को मात्र 22 रनों से हराकर 2-1 की अपनी बढ़त बना ली। मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट ड्रॉ रहा, जिसमें भारतीय बल्लेबाजों, विशेषकर कप्तान शुभमन गिल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने जुझारू शतक जड़कर श्रृंखला को अंतिम मैच तक जीवित रखा।

इसके बाद मंच सजा द ओवल में, जहां श्रृंखला का फैसला होना था। मैच की शुरुआत से ही कांटे की टक्कर देखने को मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली, लेकिन मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक (118), आकाशदीप (66), रविंद्र जडेजा (53) और वाशिंगटन सुंदर के महत्वपूर्ण अर्धशतक (53) की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रनों का एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड एक समय जो रूट (105) और हैरी ब्रुक (111) के शानदार शतकों की बदौलत जीत की ओर मजबूती से बढ़ रहा था। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी कर भारतीय खेमे में चिंता की लकीरें खींच दी थीं। लेकिन चौथे दिन के अंतिम सत्र में भारतीय गेंदबाजों ने वापसी का बिगुल फूंका और जल्दी-जल्दी विकेट चटकाकर मैच का रुख मोड़ दिया। जब पांचवें और अंतिम दिन का खेल शुरू हुआ, तो मुकाबला किसी थ्रिलर फिल्म की तरह था। इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 35 रनों की दरकार थी और उसके 4 विकेट बाकी थे, जबकि भारत को जीत के लिए इन्हीं 4 विकेटों की तलाश थी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## ऑफ बीट

### क्या आप मरकर फिर जन्म लेना चाहते हैं!

*कभी-कभी ऐसी खबरें आती हैं, जो हैरान करने वाली होती हैं। अब ऐसी ही खबर सामने आई है, जिसकी हर तरफ चर्चा है। अब एक कंपनी दो करोड़ लेकर पुनर्जन्म करवाएगी। आपको यकीन भले न हो, लेकिन यह सच है। जर्मनी की स्टार्टअप कंपनी ने मौत को हराने का अनोखा तरीका खोजा है। कंपनी क्रायो-प्रिजर्वेशन सर्विसेज दे रही है। दावा है कि अगर भविष्य में जब तकनीक का विकास होगा, तो इन फ्रीज लाशों को फिर से जिंदा किया जा सकेगा। जर्मनी की इस कंपनी का नाम टुमारो बायो है। यह डेड बॉडी को फ्रीज करने के लिए 1.8 करोड़ रुपए और सिर्फ ब्रेन को फ्रीज करने 67.2 लाख रुपए लेती है।*

## मानसून सत्र: आदिवासियों को जमीनों से बेदखल किया जा रहा-कांग्रेस

# आदिवासियों के पट्टे पर सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष में घमासान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सोमवार को आदिवासियों के वनाधिकार पट्टों को लेकर जमकर संग्राम देखने को मिला। विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि आदिवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है, जबकि सरकार ने दावा किया कि मौजूदा सरकार ने सबसे ज्यादा आदिवासियों को पट्टे बांटे हैं। दो दिन के अवकाश के बाद मानसून सत्र की कार्यवाही सोमवार को शुरू हुई। प्रश्नकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कई बार विपक्ष के सदस्यों से सरकार का जवाब सुनने को कहा, लेकिन कांग्रेस विधायक लगातार सरकार पर आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते रहे। वनाधिकार पट्टे को लेकर चर्चा के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि साढ़े तीन लाख लोगों के आवेदन पर सर्वे करने की कार्रवाई की जाएगी, तो क्या जिन आदिवासियों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं, उन्हें एक समय सीमा में सर्वे करा कर पात्रता के आधार पर पट्टे दिए जाएंगे। उन्होंने सवाल कि जिनके पट्टे निरस्त हुए उनको लेकर सरकार ने क्या रणनीति बनाई है। विधायक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि प्रदेश के किसी भी ग्रामसभा को वन प्रबंधन के अधिकारी नहीं दिए गए हैं। सरकार ने सिर्फ 15 लाख रुपए देने की घोषणा तो कही है, लेकिन यह राशि अब तक नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, मंत्री कह रहे हैं कि पट्टे नहीं दिए जाने से कोई आदिवासी अंचल में किसी भी तरह का आक्रोश नहीं है, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### 3 लाख 22 हजार पट्टे किए निरस्त : सिंघार



नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने आरोप लगाया कि सरकार आदिवासियों का हक मार रही है। उनकी जमीनें छीनकर निजी हाथों को सौंप रहे हैं। सरकार की नीयत साफ नहीं है, जो आदिवासी पीढ़ियों से जंगलों पर निर्भर हैं, उनसे जमीनें छीनी जा रही हैं। सरकार ने 3 लाख 22 हजार वनाधिकार पट्टे निरस्त कर दिए। नीति में बदलाव करना चाहिए। 10 सालों में 41 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया, जो प्रदेश की आबादी से भी अधिक है। उन्होंने पूछा, इतने पौधे कहां लग गए। शिवराज सरकार में नर्मदा किनारे लाखों पौधे लगाने का दावा किया गया, लेकिन एक भी पौधा नहीं बचा। क्या यह जनता के पैसे की बर्बादी नहीं है। सरकार सैटेलाइट इमेजरी, आधुनिक तकनीक के जरिए 2005 के पहले के दावों का पता लगा सकती है। वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

### हमने सबसे ज्यादा 26 हजार पट्टे दिए: सीएम



नेता प्रतिपक्ष के आरोपों का सीएम डॉ. मोहन यादव ने जवाब दिया। सीएम ने कहा, भाजपा सरकार में ही आदिवासियों को सबसे ज्यादा 26500 वनाधिकार के पट्टे बांटे गए हैं। बरसात में किसी भी जनजातीय समुदाय के लोगों को आवास से बेदखल नहीं किया जाएगा, उनके लिए धरती आबा योजना और प्रधानमंत्री जन-मन योजना के तहत कार्य हो रहे हैं। जनजातीय भाई-बहनों को 2-2 लाख पक्के मकान के लिए दिए जा रहे हैं। आदिवासी वर्ग के कल्याण के लिए दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य कर रहे हैं। आदिवासियों के उत्कर्ष के लिए सरकार सभी का पक्ष सुनने को तैयार है। अगर नेता प्रतिपक्ष या किसी सदस्य ने कोई कल्याणकारी सुझाव दिया है, तो हम बाहर भी बैठक कर चर्चा के लिए तैयार हैं। सीएम ने कहा, जनजातीय परिवारों को पात्रतानुसार जमीन के पट्टे आवंटित किए गए हैं।

**शाह ने भी दिया जवाब:** विपक्ष के निशाने पर रहे जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने जवाब देते हुए कहा, सेटेलाइट इमेज के जरिए दिसंबर 2005 की स्थिति की जानकारी लेकर वनाधिकार पट्टों के मामले में निर्णय किया जाएगा।

## राहुल के बयान पर कोर्ट ने जताई आपत्ति

# ...आप सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेना पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई है। कोर्ट ने राहुल से सवाल किया, आपको कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किमी जमीन चीनियों ने कब्जा कर ली है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास विश्वसनीय जानकारी है? अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। कोर्ट ने कहा-जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोले। इस मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी।



### यह है मामला

16 दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। राहुल ने कहा था-लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहुल की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। राहुल ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। कहा-शिकायत दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत दर्ज कराई गई थी।

## दो वोटर कार्ड पर घिरे तेजस्वी, शिकायत दर्ज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दो वोटर आईडी कार्ड मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। दो-दो पहचान पत्र रखने के मामले में उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज की गई है। तेजस्वी के खिलाफ पटना के वकील राजीव रंजन ने दीघा थाने में शिकायत दर्ज की है, साथ ही आवेदन में दो वोटर आईडी कार्ड रखने के मामले में जांच की मांग की है। पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर पहले से सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। अब पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पास दो वोटर कार्ड होने का मामला गरमा गया है। तेजस्वी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि वोटर लिस्ट ड्राफ्ट में उनका नाम नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### फिल्म निर्माता गोपाल कृष्णन पर केस दर्ज

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** फिल्म निर्माता अदूर गोपाल कृष्णन के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) फिल्ममेकर्स को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद बवाल मचा हुआ है। अब उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। केरल के केआर नारायण इंस्टिट्यूट में जातिगत भेदभाव के खिलाफ छात्रों की हड़ताल को अदूर गोपाल कृष्णन ने भद्दी हड़ताल करार देते हुए उसकी आलोचना की थी। सरकार के उस प्रोजेक्ट की भी आलोचना की, जिसमें एससी/एसटी और महिलाओं के फिल्म बनाने वालों को पैसे दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह बात 3 अगस्त को तिरुवनंतपुरम में एक फिल्म सम्मेलन में कही। अदूर ने कहा, मैंने अभी तक 2 करोड़ रुपए से ज्यादा की कोई फिल्म नहीं बनाई है, लेकिन सरकार एससी/एसटी फिल्ममेकर्स को 1.5 करोड़ दे रही है। इससे कुछ नहीं होगा, सिर्फ भ्रष्टाचार का रास्ता खुलेगा। मैंने पहले भी सरकार को चेतावनी दी थी, लेकिन अब तक कोई बदलाव नहीं हुआ।

### पंजाब फर्जी एनकाउंटर केस: 32 साल बाद सजा

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब के तरनतारन में 1993 में हुए फर्जी एनकाउंटर केस में सोमवार को सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने सजा सुनाई। कोर्ट ने रिटायर्ड एसएसपी भूपेंद्रजीत सिंह, डीएसपी दविंदर सिंह, इंस्पेक्टर सूबा सिंह, एएसआई गुलबर्ग सिंह और एएसआई रघबीर सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन सभी पर 7 लोगों की हत्या और आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा 302 और 120-बी के तहत मुकदमा चला। पहले इस केस में 10 पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया था, लेकिन ट्रायल के दौरान 5 की मौत हो गई। 1993 में 7 लोगों को मुठभेड़ में मरा दिखाया मामला 1993 का है, जिसमें 7 लोगों को 2 अलग-अलग मुठभेड़ में मरा हुआ दिखाया गया था, जबकि इनमें 4 स्पेशल पुलिस ऑफिसर के पद पर तैनात थे। दोषियों ने 27 जून 1993 को लोगों को उनके घरों से उठाकर कई दिनों तक अवैध हिरासत में रखा और उन पर अत्याचार किए।

### पहलगाम: पाकिस्तानी ही थे सभी आतंकवादी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तानी ही थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर स्लिप समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा-ये सबूत आतंकवादियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने कहा-यह रिपोर्ट सेना की ओर से जारी नहीं हुई है। आर्मर्ड फोर्सेज के किसी अधिकारी या प्रवक्ता ने यह जानकारी नहीं दी है।

## खाद के लिए लगी लंबी कतार किसानों ने किया चक्काजाम

### सदन में मंत्री बोले, यूरिया डीएपी का भरपूर स्टॉक

**जागरण, प्रांतीय डेस्क।** प्रदेश में खाद को लेकर दो तस्वीरें सामने आई हैं। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना ने विधानसभा में ऐलान किया है कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। किसानों को बांटने के बाद भी 2 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3 लाख मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक है, जहां जरूरत हो वहां भेज देंगे। दूसरी तरफा किसान खाद के लिए कहीं रतजगा कर रहे हैं तो टोकन लेकर सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है। इससे नाराज किसानों ने जबलपुर और दमोह में हाईवे पर चक्काजाम लगा दिया।



बैतूल में खाद के लिए कतार में लगे किसान।

**कहां जरूरत हैं बता दें, भेज देंगे: कंसाना:** प्रदेश के कृषि व कृषक कल्याण मंत्री कंसाना ने सोमवार को सदन में एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहाकि प्रदेश ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन भगवान सबके...?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में मंदिर कमेटी से तीखे सवाल किए। कोर्ट ने पूछा, मंदिर निजी हो सकता है, लेकिन देवता सबके हैं। वहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। मंदिर का फंड भक्तों की सुविधा, सुरक्षा से जुड़े विकास में क्यों नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच सुनवाई कर रही थी। उन्होंने कहा, उन्हें राज्य सरकार के कानून को हाईकोर्ट में चुनौती देनी चाहिए। मंदिर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर के प्रबंधन को लेकर अध्यादेश का विरोध करते हुए याचिका दाखिल की है, जिसकी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये टिप्पणी की। कमेटी ने 15 मई के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का भी विरोध किया, जिसमें फंड के इस्तेमाल की अनुमति दी गई थी।

## पत्नी को उकसाने के मामले में पति की सजा पर रोक, हाईकोर्ट बोला

# वैज्ञानिक का देशहित में बाहर रहना जरूरी

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वैक्सीन वैज्ञानिक डॉ. आकाश यादव की सजा और दोष पर फिलहाल रोक लगा दी है। कोर्ट ने सोमवार को कहा, डॉ. यादव का काम वैक्सीन विकास से जुड़ा है, देशहित और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है। डॉ. यादव की पत्नी ने 2015 में आत्महत्या कर ली थी और सुसाइड नोट में पति को जिम्मेदार बताया था। शादी को उस वक्त 7 महीने ही हुए थे। डॉ. यादव को दहेज उत्पीड़न, फिर पत्नी की आत्महत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। डॉ. यादव इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लि. (आईआईएल) में वरिष्ठ वैज्ञानिक हैं और वैक्सीन को लेकर रिसर्च कर रहे हैं। सजा के बाद उन्हें संस्थान से बाहर कर दिया गया था, जिससे उनके रिसर्च कार्य पर असर पड़ा। इस पर उन्होंने कोर्ट में अपील कर सजा और दोष पर रोक लगाने की मांग की थी। जस्टिस रवींद्र मैठानी की बेंच ने कहा कि अगर सजा नहीं रोकी गई, तो यह सिर्फ याचिकाकर्ता का पेशेवर नुकसान नहीं होगा, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और देशहित का भी नुकसान होगा। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों (राम नारंग बनाम रमेश नारंग 1995, नवजोत सिंह सिद्धू बनाम पंजाब सरकार 2007) का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि अपवाद वाले मामलों में दोष पर भी रोक लगाई जा सकती है।



### ट्रायल कोर्ट ने सुनाई थी पांच साल की सजा


डॉ. यादव को जनवरी में ट्रायल कोर्ट ने दहेज के आरोपों से बरी कर दिया था, लेकिन आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 5 साल और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

## स्मृति शेष

### झारखंड के 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन नहीं रहे, 81 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

# झारखंड में उलगुलान की बुलंद आवाज थे सोरेन

**रांची, जेएनएन।** झारखंड की संघर्ष परंपरा के बटवृक्ष रहे दिशोम गुरु शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया है। ८१ वर्ष की आयु में सोरेने ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में सुबह आखिरी सांस ली। झारखंड और देश के लोग सम्मान देते हुए उन्हें दिशोम गुरु (राह दिखाने वाला-पथ प्रदर्शक) कहते थे। सोरेन आदिवासियों के सर्वमान्य नेता थे। 11 जनवरी 1944 को पैदा हुए सोरेन ने झारखंड में उलगुलान (क्रांति) की वो आवाज बुलंद की थी, जिसे धरती आबा (पृथ्वी के पिता) बिरसा मुंडा ने हुंकार दी थी। बिरसा मुंडा की क्रांति अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ थी, वहीं दिशोम गुरु का प्रतिरोध देश में मौजूद अंदर की व्यवस्था के खिलाफ थी। आदिवासी समाज शोषण, महाजनी प्रथा, सूदखोरी प्रथा से जूझ रहा था। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब ये संघर्ष शुरू किया तो उन्हें झारखंड के जंगलों की खाक छाननी पड़ी।



### झामुमो को कहां से मिली 'मुक्ति'

लेखक और वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा ने किताब 'अनसंग हीरोज ऑफ झारखंड' में झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन का जिक्र किया है। 4 फरवरी 1972 को शिबू सोरेन और कॉमरेड एक के रॉय, बिनोद बिहारी महतो के घर में जुटे। बैठक में तय किया गया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया जाएगा, इससे एक साल पहले ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग स्वतंत्र राष्ट्र बना था और इसमें बांग्लादेश मुक्ति वाहिनी का अहम रोल था। इसी 'मुक्ति' शब्द से प्रभावित होकर अलग झारखंड के सपने के लिए मोर्चा बनाया।

### यूं सिस्टम से बागी हुए शिबू

एक घटना ने शिबू सोरेन का राजनीतिक भाग्य तय कर दिया। सोरेन के पिता सोबरन सोरेन पेशे से शिक्षक, व्यवहार से गांधीवादी थे। सजग और सक्रिय सोबरन सोरेन महाजनों की आंख में खटकते थे, झारखंड में महाजन आदिवासियों के सूद नहीं चुकाने पर जमीनें हड़प लेते थे। सोबरन विरोध करते थे। 27 नवंबर 1957 की सुबह सोरेन को पता चला कि उनके पिता की हत्या कर दी गई। ये घटना शिबू सोरेन की जिंदगी में यू टर्न बनकर आई।

### जब करना पड़ा सरेंडर

25 जून 1975 को इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा के बाद उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया, लेकिन शिबू तो फरार थे, तब केबी सक्सेना धनबाद कलेक्टर थे, उन्होंने सोरेन को कानून की गंभीरता, सियासी दांव पेंच समझाकर सरेंडर के लिए राजी किया। सोरेन भले ही आदिवासी समाज के नेता रहे, लेकिन वे नशे से दूर रहे। शराबबंदी को लेकर जिद ऐसी थी कि वे चाचा पर नाराज हो गए और पीटने पर उतारू हो गए।

### राजनीतिक यात्रा

तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे शिबू सोरेन पहला चुनाव 1980 में लड़ा था, लेकिन उन्हें हार मिली। हालांकि, 3 साल बाद मध्यावधि चुनाव में वह जीत गए। 1991 में उनकी पार्टी का बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस से गठबंधन हुआ, जिसमें प्रदर्शन शानदार रहा। 15 नवंबर, 2000 को बिहार से अलग झारखंड राज्य बना। पहले सीएम बाबूलाल मरांडी थे। सोरेन ने झारखंड के तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में 2005 में शपथ ली।

### आज अंतिम संस्कार, राष्ट्रपति, पीएम, खरगे ने दी श्रद्धांजलि

सिबू सोरेन का मंगलवार को रामगढ़ में अंतिम संस्कार किया जाएगा, जहां उनके छोटे बेटे बसंत मुखाग्नि देंगे। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी शामिल होंगे। इसके पहले सोमवार को राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने अस्पताल पहुंचकर सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, मीसा भारती, मनोज झा और आरजेडी के कई नेताओं ने भी परिवार से मुलाकात की। सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, इससे उनके शरीर के बायीं ओर पैरालिसिस हो गया था। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। वह किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी।

### संसद: आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद भवन में सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, आईबी डायरेक्टर तपन कुमार डेका, गृह सचिव गोविंद मोहन मौजूद रहे। इससे पहले संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू के साथ बैठक की। दिल्ली में ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के 6 साल पूरे होने से एक दिन पहले हुई हैं। मीटिंग्स में किन मुद्दों पर चर्चा हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक, देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई है। शाह ने सोमवार को संसद भवन के कक्ष में पार्टी नेताओं से भी मुलाकात की। मोदी और शाह ने रविवार को कुछ घंटों के अंतराल पर अलग-अलग राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की थी।

# नगर निगम की आईईसी टीम ने कचरा प्रबंधन की जानकारी देने चलाया जागरुकता अभियान



जागरण, सतना। स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों एवं प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में स्वच्छता से संबंधित एक दिवसीय जागरूकता एवं सफाई अभियान आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक प्रतिबंध, और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। वार्ड क्रमांक 34, 35 और 36 सहित मेन मार्केट रोड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में टीम ने व्यापक जनसंवाद के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्लास्टिक प्रतिबंध पर जागरूकतारू बाजार क्षेत्र में दुकानदारों और उपभोक्ताओं को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया और इसके व्यवहारिक विकल्प सुझाए गए। लोगों को सूखाए गीला घरेलू संक्रामक एवं सैनिटरी कचरे के लिए निर्धारित डस्टबिन रंग कोडिंग के बारे में विस्तार से समझाया गया। घरों से ही कचरे के सही तरीके से अलगाव की प्रक्रिया तथा गीले कचरे से खाद बनाने की घरेलू तकनीक पर जानकारी दी गई। कचरा और सेप्टिक टैंक प्रबंधन पर चर्चारू निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और सेप्टिक टैंक की समय.समय पर सफाई की अनिवार्यता पर विशेष रूप से फोकस किया गया। इसके अतिरिक्त वार्ड 34, 35 एवं 36 में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिससे नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाया गया।

## 10 अगस्त को होगा पेंशनर्स समाज का निर्वाचन

सतना । भारत पेंशनर्स समाज विकास खंड इकाई रामपुर बघेलान जिला सतना का त्रिवर्षीय निर्वाचन होने जा रहा है ।जिसकी जानकारी देते हुए पेंशनर्स समाज के ब्लॉक सचिव बृजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि त्रिवर्षीय कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी डॉ आर एस त्रिपाठी के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया 10 अगस्त 2025 दिन रविवार को सायं 2: 30 रामपुर बघेलान बाजार के सब्जी मंडी चबूतरे में आयोजित की जाएगी ।जिसमें सभी पेंशनर सदस्यों से निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होकर निर्वाचन में सहभागिता करने की अपील की गई है।

# बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मैहर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान प्रबोधिनी



जागरण, सतना। मैहर पुलिस के द्वारा जिले में किशोरियों के बढ़ते पलायन के मामले एवं उनके साथ घटित होने वाले अपराधों का विश्लेषण करते हुए किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान प्रबोधिनी चलाया जा रहा है। अक्टूबर 2024 में पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एव मार्गदर्शन में इस अभियान की शुरूवात की गई थी । जिसके तहत विभिन्न गावों एवं स्कूल कॉलेजों में जाकर महिलाओं बालिकाओं एवं किशोरियों को अभियान के तहत जागरूक किया गया है उक्त अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर,विभिन्न स्कूलों की बालिकाएं , शिक्षक, समस्त थाना प्रभारी महिला अधिकारी उपस्थित रही। सर्वप्रथम सरस्वती पूजा से कार्यक्रम की शुरुवात हुई। कार्यक्रम में बालिकाओं के लिए प्रेरणा हेतु मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री अंजना सिंह अंतराष्ट्रीय पर्वतारोही को आमंत्रित किया गया। जिन्हें यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस फतह करने एवम पुलिस के नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा शॉल श्रीफल पुष्प गुच्छ से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों के मन में अपने करियर का चुनाव एवम वर्तमान समय में घटित हो रहे महिला संबंधी अपराधों को लेकर बहुत सी जिज्ञासाएं थीं। जिनका संतुष्टि पूर्वक समाधान पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एव सुश्री अंजना सिंह द्वारा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक बालिकाओं से सीधा संपर्क बनाकर उन्हें वर्तमान परिवेश में होने वाले विभिन्न अपराधों से जागरूक करना एवम उनके पलायन की दर को कम करना है ।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हर नागरिक को : बालेश



जागरण, सतना। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार हमारे संविधान ने देश के हर नागरिक को दिया है यदि वही स्वतंत्रता जब स्वछंदता का रूप लेकर कोई व्यक्ति किसी को भी अभद्र शब्दों का प्रयोग कर निराधार अपराधिक लांछन लगाने लग जाए तो यह व्यापक अपराध की श्रेणी में आता है उक्त बातें सर्किट हाउस सतना में पत्रकारों को संबोधित करते हुए रामपुर बघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बालेश त्रिपाठी ने रामपुर बघेलान के ही अरुण शर्मा नामक व्यक्ति द्वारा 3 जुलाई को अपने सोशल मीडिया फेसबुक पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं रामपुर बघेलान जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बालेश त्रिपाठी पर हत्या के प्रयास एवं अपहरण जैसे अपराध को अंजाम देने का मनगढ़ंत आरोप लगाए जाने के विरोध में कहीं बालेश त्रिपाठी ने कहा कि इस विषय को लेकर 30 जुलाई 2025 को कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती पत्र सौंप कर आरोप लगाने वाले षड्यंत्र करता अरुण शर्मा के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। प्रेस के माध्यम से सरकार से यह भी जानना चाहा कि देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के विरुद्ध ऐसे संगीन आरोप लगाने वाले को शासन प्रशासन ने खुली छूट क्यों दे रखी है आखिर श्री पटवारी एवं मेरी छवि को खराब करने के षड्यंत्र के पीछे किसका हाथ है इसका मास्टरमाइंड कौन है इसे ऐसा करने के लिए कौन दुष्प्रेरित कर रहा है इसे कौन संरक्षण दे रहा है अगर भाजपा के अदने से कार्यकर्ता के विरुद्ध कोई इस तरह की भाषा का उपयोग कर अनर्गल और निराधार आरोप लगाए तो पुलिस प्रशासन तनिक भी देर न लगती श्री त्रिपाठी ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष को सरेआम दुष्ट कहने वाले को हम किसी भी तरह सहन नहीं करेंगे।

# गैवीनाथ धाम में उमड़ा भक्तों का शैलाब



जागरण, बिरसिंहपुर। सतना जिले के बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम में सावन के चौथे सोमवार पर लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक व दर्शन प्राप्त किए हला कि पिछले साल की अपेक्षा करे तो कुप्पा लगने के कारण इस बार चौथे सोमवार पर भीड़ आधी थी सावन के चौथे व आखिरी सोमवार पर मेले व्यवस्था को देखते हुए एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे भी मंदिर प्रांगण पहुंचे बिरसिंहपुर राजस्व विभाग तहसीलदार डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा व अपने पटवारियों समेत मेले में उपस्थित रहे साथ में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी व धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल भी मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम में आए हुए श्रद्धालुओं की देखभाल व प्राथमिक उपचार हेतु बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर देवेश मिश्रा के द्वारा सावन के प्रत्येक सोमवार पर मंदिर प्रांगण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम मंदिर प्रांगण में तैनात किया गया मंदिर में मेले व्यवस्था में सुरक्षा व्यवस्था को देखने में मानव समाज विकाश मंडल के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव भी अपने 50 से ज्यादा स्वयं सेवको के साथ मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम के अस्पताल चौराहे के पास सावन माह के चौथे सोमवार पर भी नगर के समाजसेवियो के द्वारा हर सोमवार के तरह पुलाव व लड्डू का महा प्रसाद वितरण किया गया साथ में बिरसिंहपुर नगर परिषद अधिकारी के द्वारा मेला व्यवस्था में जाम एवं भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रांगण के पास स्थिति नगर परिषद के चौराहे पर अपने कर्मचारी भी तैनात किए गए ।

# कथा सम्राट प्रेमचंद पर सतना प्रलेस की विचार गोष्ठी संपन्न



जागरण, सतना। प्रगतिशील लेखक संघ जिला इकाई सतना के तत्वावधान में एक विचारोत्तेजक गोष्ठी संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन इकाई के अध्यक्ष संतोष खरे ने किया। इस गोष्ठी के केंद्रीय विषय प्रेमचंद ने कहा था का प्रवर्तन महासचिव विजयशंकर चतुर्वेदी ने किया। उनका कहना था कि प्रगतिशील लोग प्रेमचंद से इश्क करते हैं। कथासम्राट प्रेमचंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को केन्द्र में रखते हुए पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने कहा कि प्रेमचंद की कहानी अगर एक बार भी पढ़ लिया तो जीवन पर्यन्त याद रहने वाली है। श्रीराम मिश्रा,आदित्य प्रताप सिंह, कुंवर अजीत प्रताप सिंह, टीपी पाण्डेय,धर्मेन्द्र सिंह बघेल, डा.अजय तिवारी,अज़ीज़ अहमद कुरेशी, रफ़ीक़ सतनवी,डा रामयश बागरी,गोरखनाथ अग्रवाल,मयंक अग्निहोत्री, अमित शुक्ल ने सोदाहरण प्रेमचंद की रचनाओं को कालजयी और प्रासंगिक बताया।

# अकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ अलंकरण समारोह



जागरण, सतना। एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल सतना में इन्वेस्टिट्यूचर सेरेमनी का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विभिन्न उत्तरदायित्वों हेतु शपथ दिलाई गई तथा बैज पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्वतारोही रत्नेश पांडेय रहे जिन्होंने माउंट एवरेस्ट पर राष्ट्रगान जन गण मन गाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। वे मध्यप्रदेश के पहले अधिकृत एवरेस्ट विजेता, विक्रम पुरस्कार प्राप्तकर्ता, फिट इंडिया मिशन, स्वच्छ भारत अभियान एवं सतना स्मार्ट सिटी के ब्रांड एम्बेसडर रह चुके हैं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्साह, साहस एवं देशभक्ति से भर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा जो सपना आप देख रहे हैं उसे पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करें और कभी हार न मानें। इस गरिमामयी समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की निर्देशक श्रीमती शताक्षी पुरी गोयल, प्राचार्या डॉ हिमानी सिंह तथा उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती अनामिका सिंह जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया प्रमुख रामा कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की उपस्थिति भी सराहनीय रही। समारोह में मुख्य छात्र प्रतिनिधियों को विभिन्न पदों हेतु बैज प्रदान किए गए जिनमें अध्यक्ष समृद्धि अर्जरिया, उपाध्यक्ष अर्चिता सिंहए खेल प्रमुख दीपांश सिंह, सचिव यशस्वी प्रजापति, उप सचिव वैष्णवी पांडे, सांस्कृतिक प्रमुख निकिता सिंघल, साहित्य प्रमुख मुस्स्फा नूरी, विज्ञान प्रमुख इल्मा खान, तथा सूचना प्रौद्योगिकी प्रमुख इशांत सोनी के नाम प्रमुख रूप से सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त चारों हाउस अचीवर्स, मोटिवेटस, इनोवेटर्स एवं प्रोग्रेसर्स के हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन एवं विभागीय प्रमुखों सांस्कृतिक साहित्यिक एवं खेल प्रमुख को भी गरिमापूर्वक बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इन हाउसों के हाउस कैप्टन अनन्या सिंह अचीवर्स पार्थ देव सिंह मोटिवेटर्स श्रीयांश केवट इनोवेटर्स और पूर्वी पाठक प्रोग्रेसर्स विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे।

## देवधरा मंदिर में भोलेनाथ का किया गया रूद्राभिषेक



सतना। सावन के आखिरी सोमवार की देवधरा मंदिर में भोले नाथ का प्रातः 4 बजे से रुद्राभिषेक किया गया तथा सायं 4 बजे से महिला मंडल द्वारा रामायण का पाठ किए इसके बाद रात्रि 8 बजे महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें काफी संख्या में भक्तगण प्रभु के श्री चरणों में अपनी हाजिरी लगाए और भूत भगवान देवधरा नाथ का आशीर्वाद ग्रहण करें देवघरा के पुजारी पंडित हरिहर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार होने के कारण दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा ओर शाम को महाआरती में काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे ।

# दीपक मिश्रा पर अवैध वसूली का आरोप, संचालक सहआयुक्त ने मैहर कलेक्टर को दिये जांच के निर्देश

जागरण, सतना। जनपद पंचायत मैहर में लम्बे समय से पदस्थ सहायक ग्रेड तीन दीपक मिश्रा की शिकायत अब भोपाल तक पहुच गई है। शिकायत के बाद संचालक सह आयुक्त छोटे सिंह ने मैहर कलेक्टर को जांच के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि दीपक मिश्रा के कारनामो की फेहरिस्त इतनी लम्बी हो गई है कि उसके विरूद्ध जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा विनोद लोधी ने पंचायत राज संचालनालय में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद अब मैहर कलेक्टर को जांच के निर्देश मिले है। अब देखना ये है कि उक्त निर्देश के बाद मैहर कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत मैहर में पदस्थ दीपक मिश्रा के विरूद्ध क्या कार्यवाही की जाती है।




## लगाये ये गंभीर आरोप

जनपद पंचायत मैहर की अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा विनोद लोधनी ने दीपक मिश्रा के विरूद्ध आरोपो की झड़ी लगाई है। की गई लिखित शिकायत में जनपद अध्यक्ष ने कहा है कि वह फर्जी दस्तावेज के सहारे नियम विरूद्ध तरीके से अनुकम्पा नियुक्ति पर पदस्थ है। जनपद अध्यक्ष ने कहा है कि मैहर के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच , सचिवों से निर्माण कार्यो , जांच वेतन आहरण , स्थानांतरण, पदस्थापना आदि के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। इतना ही नही आरोप में यह भी कहा गया है कि वह ग्रामीण हितग्राहियो से आवास , पेंशन आदि के नाम पर पैसो की मांग करते है। जनपद अध्यक्ष ने दीपक मिश्रा , सहायक ग्रेड तीन को प्रभार मुक्त कराये जाने के लिए पत्र लिखा है। संचालक सह आयुक्त छोटे सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि उपरोक्त बिंदुओ की जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें एवं की गई कार्यवाही व वस्तु स्थिति से संबंधित आवेदक को अवगत कराये एवं प्रतिवेदन संचालनालय को भेजे।


पंचायत राज संचालनालय,मध्यप्रदेश
द्वितीय -तल, विकास भवन, पुरानी जेल के सामने,
अरेरा हिल्स, भोपाल
(Telephone No.0755-2557727, dirpanchayat@mp.gov.in)

Digitally signed by Chhotay Singh
Date: 14-07-2025

# साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न



जागरण, सतना। सतना सिन्धी कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 4 अगस्त सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशअनुसार मध्य प्रदेश निः शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत वरिष्ठ समाजसेवी एवं वार्ड नंबर 21 के पार्षद श्री गोपी गेलानी के करकमलों से कक्षा छठवीं एवं नवमी में अध्ययनरत छात्रों को साइकिल वितरण की गई। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक व अभिभावकगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


## प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में



रीवा : अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक× विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हें के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। –Advt.


# 6 से सरकारी कार्य से विरत रहेंगे तहसीलदार, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरण, सतना। मध्य प्रदेश कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन विभाजन के मुद्दे पर जिला कलेक्टर सतना को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा सौरभ द्विवेदी, सुजीत नागेश प्रज्ञा द्विवेदी,ज्योति पटेल,राजेश सिंह,मणिराज सिंह बागरी,वीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। दिनांक 6 अगस्त से शासकीय कार्य से विरत रहेंगे।

# रक्षाबंधन के अवसर पर केन्द्रीय जेल में बंदियो से मुलाकात हेतु दिशा-निर्देश जारी

जागरण, सतना। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा द्वारा सतना जेल में निरूद्ध बंदियों के परिजनों को 9 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बंदियों से मुलाकात के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये है। जिसके अनुसार पुरूष बंदियों से मुलाकात, राखी बांधने हेतु केवल उनके परिवार की महिला सदस्यों व 6 वर्ष के बालक को ही जेल गेट के अन्दर प्रवेश दिया जायेगा। महिला बंदियों के भाईयों को दोपहर 12 बजे के बाद मुलाकात, राखी बंधवाने का समय दिया जा सकेगा। बंदी से मुलाकात का समय अधिकतम 10 मिनट निर्धारित किया गया है। 10 मिनट पूर्ण होते ही मुलाकाती परिजन को स्वतः जेल से प्रस्थान करना होगा।मुलाकात प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक पंजीकृत की जायेगी। बंदियो के परिजन पहचान हेतु जैसे आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, राशन कार्ड, मतदाता परिचय-पत्र, पेन कार्ड आदि में से कोई एक पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयेंगे। अपने कीमती सामान, पर्स, मोबाइल, रूपया पैसा इत्यादि अपने परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश करेंगे। इसके अलावा सामग्रियों जेल के अन्दर ले जाने की अनुमति नही होगी। किसी भी सामान के गुम हो जाने पर जेल प्रशासन की कोई जवाबदारी नही रहेगी। पके बने हुए भोजन व बाहर से बने किसी भी प्रकार के मिष्ठान को अन्दर ले जाने की अनुमति नही होगी। केवल मौसमी फ्ल सेव, केला, अनार व पैक्ड मिठाई जो जेल के कैण्टीन से क्रय की गई हो। उन्हें ही जेल के अन्दर ले जाना अनुमत किया जा सकेगा। सभी प्रकार के नारियल जेल के अंदर ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। जेल प्रशासन द्वारा पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें हल्दी, चावल, सिन्दूर आदि रहेगा। रूमाल, राखी आदि स्वयं के व्यय खर्च से जाने पर अनुमत दी जायेगी। कैदी से मुलाकात हेतु आने वाले सभी परिजन जेल के बाहर लाईन से एकत्र होंगे, मुलाकात पंजीकृत हो जाने पर जेल मुलाकात हेतु प्रवेश दिया जावेगा। बंदी की केवल एक बार ही मुलाकात की अनुमति होगी। नगद रूपये देना या लेना सख्त मना है एवं तम्बाकू, बीड़ी, गांजा, चरस व अन्य मादक पदार्थ जेल के अन्दर ले जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी प्रकार का विवाद करने पर कानूनी, वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। त्यौहार के उत्साह को आनंदित बनाये रखने के लिए मौके पर मौजूद प्राधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना जरूरी होगा। मुलाकात में आने वाले समस्त परिजन अपने वाहन मां वैष्णो देवी धाम के निकट निर्धारित वाहन स्टैन्ड में नियत स्थल पर ही खड़ा करेंगे। रक्षाबंधन पर्व की सुचारू व्यवस्था हेतु समय-समय पर दिये गये निर्देशो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

जागरण, शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। सिकल सेल मित्र द्वारा विकासखंड सोहागपुर के ग्राम पंचायत सामतपुर के पंचायत भवन एवं शासकीय हाई स्कूल सामतपुर में 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिकल सेल मित्र वंदना डोंगरे ने सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल एनीमिया की जांच जिला चिकित्सालय एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में नि:षुल्क की जाती है इसकी जांच अवश्य कराए। साथ ही सिकल सेल एनीमिया के लक्षणों एवं कारणों के बारे में एवं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओ के संबंध में भी लोगो को जानकारी दी गई। स्कूल की छात्र छात्रओं को सिकल सेल की जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया इस कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रेमवती कोल सचिव, सुंदरलाल कोल, विद्यालय शिक्षक राजेश तिवारी, रजनी मरकाम, रानी सिंह, सी.एच.ओ. उपेन्द्र चतुर्वेदी, पुष्पा पटेल, सुषमा वर्मा ए.एन.एम., आशा आरती कोल सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# पर्यटन स्थल में विकसित हो सकता है विसैंधा बांध

जागरण पर्यटन

## सावन में प्राकृतिक छटाओं से भरपूर है समूचा बांध क्षेत्र

### प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं युवा

जागरण, सीधी



जिला मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर स्थित विसैंधा बांध प्राकृतिक नजारों से लबालब है। जल संसाधन विभाग के विसैंधा बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग लंबे अरसे से होती रही है। किंतु प्रशासनिक निष्क्रियता के चलते विसैंधा बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। शहरी चकाचौंध से विसैंधा बांध की रौनकता सावन महीने में और भी ज्यादा बढ़ जाती है। आसपास की पहाड़ियों में लगे हरे-भरे वृक्षों के चलते यहां का नजारा काफी रमणीक हो जाता है। इसी वजह से यहां काफी संख्या में युवा प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने पहुंचते हैं। वैसे तो मनोहारी नजारों का लुत्फ उठाने के लिए विसैंधा बांध में युवाओं की आवाजाही हर महीने बनी रहती है। लेकिन श्रावण मास में जब बारिश का दौर शुरू होता है तो यह बांध पानी से लबालब भर जाता है। उस दौरान बांध से अतिरिक्त पानी को निकालने के लिए विभागीय स्तर से वेस्टवियर को खोल दिया जाता है। विसैंधा बांध के बगल में वेस्टवियर से पानी निकलने के लिए बनाई गई व्यवस्था भी काफी बेहतरीन है। इसी वजह से बारिश के दिनों में वेस्टवियर से निकलने वाले पानी वाले जगह में कुछ मछुआरे भी मछली पकड़ने के लिए आते हैं। विसैंधा बांध जिला मुख्यालय के समीपी होने के कारण इसे गोरियरा बांध की तर्ज पर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रशासन को ज्यादा कुछ नहीं करना पड़ेगा। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य इतना मनोहारी है कि पर्यटकों की आवाजाही स्थानीय स्तर पर बनी रहती है। यह अवश्य है कि पर्यटन के लिहाज से यदि यहां की व्यवस्था की जाए तो इससे यहां आने वाले लोग कुछ समय के लिए ठहर कर प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठाने में उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। गोरियरा बांध की तर्ज पर यहां नास्ता एवं वोटिंग की सुविधा बना दी जाए तो निश्चित ही पर्यटन के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र बन सकता है। चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना था कि विसैंधा बांध जाने के लिए जो मार्ग है उसको व्यवस्थित कराने के साथ ही पर्यटन के लिहाज से वोटिंग एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाए तो जिला मुख्यालय के काफी नजदीक एक बेहतरीन पर्यटन स्थल विकसित हो सकता है। इसी वजह से विसैंधा बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांगें काफी समय से उठती रही हैं। विसैंधा बांध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो इसके लिए जन प्रतिनिधियों को भी अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

### बांध की पहाड़ी पर है जर्जर रेस्टहाउस



विसैंधा बांध से लगी पहाड़ी में जल संसाधन विभाग का पुराना रेस्टहाउस मौजूद है। देखरेख के अभाव में समय के साथ यह रेस्टहाउस जर्जर हालत में पहुंच चुका है। तत्संबंध में विभागीय सूत्रों का कहना है कि विसैंधा बांध के काफी रमणीय स्थल में होने के कारण यहां बड़े अधिकारियों की आवाजाही हमेशा होती रही है। इसी लिहाज से यहां पर व्यवस्थित रेस्टहाउस का निर्माण 4 दशक पूर्व कराया गया था। उस दौरान यहां का रेस्टहाउस सर्वसुविधायुक्त के साथ ही काफी आकर्षक था। पूर्व में यहां वोट की सुविधा भी कुछ सालों तक रही है। बाद में विसैंधा बांध की ओर विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता भी शुरू हो जाने के कारण यहां जो सुविधाएं मौजूद थी वह भी गायब होना शुरू हो गई। वर्तमान में यहां रेस्टहाउस तो मौजूद है लेकिन सुविधाएं काफी कम हो चुकी हैं। इस लिहाज से रेस्टहाउस के जीर्णोद्धार की भी आवश्यकता है।

# कोतवाली पुलिस ने नशीली सिरप के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली सिरप बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि इंदिरानगर निवासी विजय साकेत उर्फ मोनू अपने घर में प्रतिबंधित नशीली सिरप बिक्री हेतु रखे हुए है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति विजय साकेत उर्फ मोनू पिता लाला साकेत उम्र 29 वर्ष निवासी इंदिरानगर को चिन्हित किया। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान की ओसारी में रखी एक बोरी से 170 सीसी प्रतिबंधित नशीली सिरप, जिसकी अनुमानित कीमत 34,000 है बरामद की गई। आरोपी का यह कृत्य धारा 8/21/22 एनडीपीएस एक्ट तथा धारा 5/13 मप्र ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत दंडनीय पाया गया, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं विधिवत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीधी भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, सहायक उप निरीक्षक राजमणि रजक, प्रधान आरक्षक रण बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक तिलक राज सिंह, आरक्षक बालेंद्र सिंह एवं महिला आरक्षक प्रिया तिवारी की सराहनीय भूमिका रही।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### नशे हेतु चोरी के आरोपी बालक से मोबाइल व नगदी बरामद

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी पिपरांव उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा घर में सेंध लगाकर चोरी करने वाले विधि के प्रतिकूल बालक को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाई की जा रही है। चौकी पिपरांव में फरियादी नंदीलाल प्रजापति द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 31 जुलाई की रात्रि अज्ञात चोर ने उनके घर की पीछे की दीवार में सेंध लगाकर 35,000 मूल्य का अनाज, चांदी के जेवर एवं मोबाइल चोरी किया था। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान एक विधि के प्रतिकूल बालक संदेह के आधार पर पकड़ा गया, जिससे पूछताछ पर उसने अपराध स्वीकार किया। उसने बताया कि वह नशे का आदी है और नशे के लिए पैसे न होने पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी किया गया अनाज 640 रुपये में बेचकर नशे में खर्च कर दिया गया एवं मोबाइल व 100 रुपये शेष हैं, जो बरामदगी हेतु प्रस्तुत किए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को चिन्हित कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में उनि शेषमणि मिश्रा चौकी प्रभारी, आरक्षक लक्ष्मीकांत पाण्डेय, सचिन साहू, तिलकराज सिंह, सैनिक चक्रधर मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गणेश विद्यालय के छात्रों ने बंधन बैंक का किया भ्रमण



जागरण, सीधी। श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल, अमहा के कक्षा 12वीं कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों को सोमवार को सीधी स्थित बंधन बैंक की शाखा में शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को बैंकिंग प्रणाली की वास्तविक जानकारी देना और उन्हें वित्तीय सेवाओं के प्रति व्यावहारिक रूप से जागरूक बनाना था। बंधन बैंक के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बैंकिंग की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे खाता खोलना, चेक जमा करना, पासबुक अपडेट, एटीएम उपयोग, ऑनलाइन बैंकिंग, ऋण सुविधाए और फिक्स्ड डिपॉजिट के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर बैंक कर्मचारियों ने सहज और सरलीकृत रूप में दिए। विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्र ने इस शैक्षणिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव देती हैं, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। साथ ही उन्होंने बंधन बैंक के सहयोग और सकारात्मक सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के कॉमर्स शिक्षक डॉ. मनीष गिरी एवं सौरव शुक्ला भी उपस्थित रहए जिन्होंने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया और बैंकिंग प्रक्रिया को समझने में सहयोग किया।

### वरिष्ठ लेखक सोमेश्वर सिंह की चौथी पुस्तक प्रकाशित



जागरण, सीधी। वरिष्ठ लेखक सोमेश्वर सिंह की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रकाशित चौथी पुस्तक राष्ट्रभक्त कम्युनिस्ट श्रीपाद अमृत डांगे कम्युनिस्ट आंदोलन के 100 वर्ष पाठकों के लिए उपलब्ध है। साहित्य ग्राम प्रशासन से प्रकाशित 151 पृष्ठीय इस पुस्तक की कीमत 120 रुपए है। इच्छुक पाठक पुस्तक ऑनलाइन अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, गूगल, किंडले से मंगा सकते हैं। इसके पहले सोमेश्वर सिंह की तीन पुस्तकें संस्मरण जो जिया और भोगा, व्यक्तित्व गांधी नेहरू परंपरा के अंतिम योद्धा अर्जुन सिंह तथा कविता संग्रह धूप की छांव प्रकाशित हो चुकी है। नव प्रकाशित पुस्तक में भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बहुमूल्य योगदान तथा आजादी के बाद संसदीय प्रणाली में भारत के आर्थिक, सामाजिक विकास में क्रांतिकारी भूमिका को रेखांकित किया गया है।

### अध्यक्ष के जन्मदिन पर पत्रकार संघ ने रोपा पौधा



जागरण, मझौली। पर्यावरण संरक्षण व एक पेड़ मां के नाम के तहत मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई मझौली के अध्यक्ष अरविंद सिंह परिहार के जन्मदिन पर ब्लॉक इकाई मझौली के श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाकर निर्धारित समय व स्थान अनुसार अधिवक्ताओं व यूवा समाज सेवियों के साथ दर्जन भर पत्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली पहुंच कई फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे रोपित किए। व रोपे गए पौधों की सुरक्षा व्यवस्था के जिम्मेदारी की शपथ लिए, तथा जन्मदिन के अवसर पर पोषण पुनर्वास केंद्र में रह रहे हितग्राहियों तथा हास्पिटल में भर्ती मारीजो को बिस्किट, मीठा एवं फल वितरित किया जाकर उत्साह, उमंग के जन्मदिन मनाते हुए खुशियों का इजहार किया गया। इस दौरान पत्रकारो के साथ अधिवक्ता गण व युवा समाज सेवी शामिल रहे।

### जिले में औसत वर्षा 904.8 मि.मी. दर्ज

जागरण, सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 04 अगस्त को सीधी जिले में 13.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 34.5 मि.मी., चुरहट 12.0 मि.मी., गोपद बनास में 8.0 मि.मी., सिहावल में 9.4 मि.मी., बहरी में 4.4 मि.मी., मझौली में 23.0 मि.मी. और कुसमी में 4.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 904.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 4 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1039.4 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 750.2, चुरहट में 775.0, गोपद बनास में 867.2, बहरी में 955.7, मझौली में 1035.0 मि.मी. और कुसमी में 911.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 568.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 336.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# पत्रकार राम बिहारी पांडेय को एयर एंबुलेंस से बंसल हॉस्पिटल भोपाल किया गया लिफ्ट

## हालत स्थिर, सीधी विधायक रीति पाठक ने मदद के लिए बढ़ाया हाथ

### एयर एंबुलेंस मंगाया और उन्हें भोपाल बुलाकर इलाज शुरू करवाया



जागरण, रीवा/ सीधी। सीधी जिले के वरिष्ठ पत्रकार राम बिहारी पांडेय को रविवार को रीवा से एयर लिफ्ट कर भोपाल बंसल हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। श्री पांडेय की स्वास्थ्य अब स्थिर बताया जा रहा है। इसके लिए सीधी विधायक की जितनी प्रशंशा की जाए उतनी कम है। रीति पाठक ने न केवल रीवा में स्वास्थ्य की हर पल जानकारी लेती रही। जब सुपरस्पेशलिटी के डॉक्टरों द्वारा क्रिटिकल कंडीशन बताया गया तो वह पूरी प्रक्रिया कराकर एयर एंबुलेंस रीवा भेजवा कर उन्हें भोपाल के बंसल अस्पताल में भर्ती कराया और कुशल क्षेम जानने भी पहुंची।

दरअसल एक अगस्त को रात में श्री पांडेय के सीने में अचानक दर्द उठा। दर्द असहनीय था। स्थानीय स्तर पर चेकप कराया तो हार्ट में दिक्कत बताई गई और अगले दिन उन्हें सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा भेज दिया गया। पत्रकार श्री पांडेय की पुत्री ऋचा पांडेय ने बताया कि वह अपने पिता जी को लेकर सुपर स्पेशलिटी में भर्ती कराया उस समय उनकी हार्ट बीट 190 पहुंच गई थी। वहां उनका इलाज चालू हुआ। उन्हें कोई भी किसी भी प्रकार का आराम नहीं था। डॉक्टरों ने कहा कि पेशेंट काफी क्रिटिकल कंडीशन में हैं इलाज चालू है बचने या बचाने की कोई संभावना नहीं है। ऋचा ने बताया कि तब वह चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया और सीधी विधायक रीती पाठक को फोन किया उन्हें सारी कंडीशन बताई। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक से लेकर डॉक्टर सहित सभी से बात की और उन्होंने बोला कि तो आप इलाज करवाओ हम आपके साथ हैं जहां कोई भी दिक्कत लगे मुझे बस एक बार फोन करना और दोनों ही लगातार मेरे सहयोग में लगे हुए थे।

**रीवा के डॉक्टरों ने खड़े कर दिए हाथ :** ऋचा ने कहा कि तबतक मेरे पापा की कंडीशन इतनी ज्यादा खराब हो गई थी कि रीवा के डॉक्टरों ने पूरी तरह से मना कर दिया और बताया कि उनके हाथ में नहीं है। पेशेंट लास्ट स्टेज में है बच जाए तो भगवान की कृपा है।

### जब कुछ नहीं सूझा तो फिर विधायक को किया फोन

ऋचा ने बताया कि जब डॉक्टरों ने कहा कि यहां रखकर रिस्क लीजिए या ले जाकर रिस्क लीजिए। तो ऐसी स्थिति में सीधी विधायक रीति पाठक को फोन किया उन्होंने बोला कि तुम जाने की व्यवस्था बनालो, कंडीशन देखो कैसी है ले जाने की हालत में है या नहीं बाकी हम एंबुलेंस की व्यवस्था तुरंत करवा रहे हैं उसकी तुम टेंशन मत लो। उसके बाद 3:30 बजे के करीब एंबुलेंस रीवा में आ गई और रीवा सुपर स्पेशलिटी से लेकर मैं पापा को एयर एंबुलेंस तक पहुंची 4:30 बजे के करीब एंबुलेंस मुझे भोपाल एयरपोर्ट पर पहुंचा दी वहां मेरे पहुंचने तक दूसरी एंबुलेंस की व्यवस्था हो गई थी। मेरे वहां पहुंचने तक लगातार विधायक जी का फोन मेरे फोन में आ रहा था यहां पर जो डॉक्टर थीं उन्हें उन्होंने पहले से ही सचेत कर दिया था। जब अस्पताल पहुंची तो पहुंचते ही सभी तैयारी थी और इलाज चालू हो गया। ऋचा ने कहा कि उसके पिता जी की स्थिति पहले से काफी सुधार है। बताया कि सोमवार को सीधी विधायक रीती पाठक जी बंसल हॉस्पिटल पहुंच कर उसके पिता जी के स्वास्थ की जानकारी हासिल की एवं साहस को बढ़ाया। उसने विधायक रीति पाठक की सहृदयता के लिए आत्मीय आभार दिया। इस संबंध में जब रीति पाठक से दूरभाष पर जागरण ने चर्चा की तो उन्होंने कहा कि यह उनका कर्तव्य है। मानवीयता भी है। भगवान उन्हें जल्द स्वस्थ करे। श्रीमती पाठक ने सुपर स्पेशलिटी के अधीक्षक अक्षय श्रीवास्तव की सहयोग के लिए सराहना की।

# महाविद्यालय की समस्या को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



जागरण, सीधी। पीएम एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं के लिए महाविद्यालय प्रशासन को अभाविप द्वारा ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्य रूप से पठन-पठान संबंधित व्यवस्थाएं हैं, सुचारू रूप से सभी संकायों के कक्षाएं ना संचालित होने से कॉलेज के एक तिहाई छात्राओं एटीकेटी फेल हो जाते हैं जबकि कालेज प्रशासन इस पर मौन साध हुए है। हाल ही में घोषित हुआ बीए, बीएससी, बीकॉम का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जो की संतोषजनक नहीं है। परीक्षा परिणाम में फेल एवं प्रमोट होने वाले छात्रों की संख्या ज्यादा है जिससे सभी छात्रों की मांग है कि उनका पुनः मूल्यांकन महाविद्यालय द्वारा जल्द कराया जाए और रिजल्ट में सुधार किया जाए एवं महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किया जाए, जिससे छात्राओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा परिणाम नियमित रूप से घोषित किया जाए, ताकि छात्रों के लिए अगले कक्षा में प्रवेश लेने में समस्याएं ना हो और पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके एवं महाविद्यालय में पेयजल की व्यवस्था कराई जाए व महाविद्यालय परिसर में निरंतर साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाए। महाविद्यालय के शौचालय में सफाई की व्यवस्था कराई जाए और शौचालय में जल का पर्याप्त व्यवस्था कराई जाए जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय के बचनालय मे पुस्तक एवं साफ-सफाई की व्यवस्था तथा वाचनालय में बैठने की व्यवस्था कराई जाए। छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हर जगह सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराई जाए, छात्रों को सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला चौकीदार की व्यवस्था की जाए एवं महाविद्यालय परिसर की जमीन में दिनों-दिन अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, गोमती एवं ढेलो में आसामाजिक तत्व द्वारा बैठकर आने जाने-वाले विद्यार्थी को परेशान करते हैं। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सभी संकायों में 10: की सीट वृद्धि की जाए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा यदि समस्याओं को 10 दिवस के अंदर पूर्ण रूप से निराकरण नहीं किया गया तो छात्र-छात्राओं उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन नारेबाजी करने में मजबूर हो जाएंगे, जिसकी पूर्व जवाबदारी महाविद्यालय प्रबंधन की होगी।

## भनमारी पंचायत में आवारा मवेशियों से परेशान किसान

जागरण, सीधी। भाजपा की प्रदेश सरकार यह कहती है कि आवारा मवेशियों के लिए हम पूरी व्यवस्था करेंगे लेकिन अब स्थिति यह हो गई है कि किसानों की फसल बोनी की अंतिम स्थिति में है इसके बाद भी आवारा मवेशियों पर लगाम नहीं लग रहा है। पंचायतों में भी इस मामले में कोई पहल नहीं की जाती है। जिससे बहरी तहसील अंतर्गत भनमानी पंचायत में किसान सर्वाधिक परेशान हैं। हालांकि जिले के सांसद, विधायकों का भी यह दायित्व होता है कि पंचायतों के सरपंच-सचिवों को निर्देश दें कि बाड़ा बनवाकर आवारा मवेशियों को वहां रखें, उनकी रख-रखाव के लिए बजट दिलाया जाए लेकिन अभी तक इस मामले में कोई निर्देश नहीं दिया गया है। इसके बाद भी पंचायत में कुछ ऐसे मद आते हैं जिसके माध्यम से बाड़ा बनाकर मवेशियों को रखने का माध्यम होता है लेकिन सरपंच-सचिव कोई पहल नहीं करते हैं। जिससे आम जनता तो परेशान ही है वहीं किसानों की खेती भी आवारा मवेशी चरने से उनकी मेहनत की कमाई भी फीकी पड़ जाएगी।

# अंतिम सावन सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने उमड़ी भीड़

जागरण श्रावण

## शिव मंदिर बढ़ौरा एवं महुआर हजारों भक्तों ने की पूजन

### श्रद्धालुओं ने शिव को प्रशन्न करने किया रूद्राभिषेक

जागरण, सीधी



श्रावण के अंतिम सोमवार को आज श्रद्धालुओं में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह नजर आया। भोर से ही शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजना शुरू हो गए थे। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढ़ौरा एवं नीलकंठ मौहार मंदिर में देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ रही थी। प्रसिद्ध शिव मंदिर बढौरा में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिले भर से श्रद्धालु पहुंचे थे। शिव भक्तों ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किए। लगभग 4 बजे भोर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहीं। बढौरा शिव मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल शिव मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरियों की वारदात ना हो इसीलिए पुलिस प्रशासन मौजूद रहें। शिव मंदिर प्रांगण में नारियल एवं चुनरी की सजी दुकानों में जमकर नारियल चुनरी की बिक्री हुई। वहीं प्रांगण में सजी दुकानों में जमकर हुई खरीददारी से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी दिखी। बढौरा शिव मंदिर के आधा किलोमीटर पहले ही दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोंक लगा दी गई थी। बढौरा शिव मंदिर में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को सुरक्षाकर्मियों द्वारा मंदिर क्षेत्र के पहले ही रोंक दिया गया था। बढ़ौरा मंदिर के पहले ही वाहनों को रोक लिए थे ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार का अव्यवस्था ना फैले। इसी तरह नीलकंठ मौहार मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर लगा रहा। सावन के महीने में बढ़ौरा एवं नीलकंठ मंदिर परिसर में मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसमें श्रावण मास में प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसी वजह से व्यवसायी भी सोमवार के दिन सबसे ज्यादा संख्या में दुकानें सजाने के लिए पहुंचते हैं। बताते चले कि श्रावण मास को शिव भक्ति का महीना माना जाता है। इस वजह से लोग पूरी आस्था के साथ भगवान भोले शंकर आराधना में पूरी तन्मयता के साथ जुटे रहते हैं। श्रावण मास के आगाज के साथ ही शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं द्वारा रूद्राभिषेक का आयोजन भी प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। आज अंतिम सोमवार को मंदिरों के साथ ही घरों में भी लोग रूद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव की आराधना कर रहे थे। श्रावण मास में रूद्राभिषेक का काफी महत्व होने के कारण लोग इसके माध्यम से अपनी शिव भक्ति को प्रदर्शित करते हैं। रूद्राभिषेक का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा किया जाता है। जिससे उनके यजमान की अभीष्ठ इच्छा पूर्ण हो सके।

### विशाल भंडारा के आयोजनों की रही धूम

सावन के अंतिम सोमवार को आज शिवालयों में जहां भक्तों की भीड़ जलाभिषेक करने भोर से ही उमड़ती रही। वहीं विशाल भंडारा के आयोजन की धूम भी रही है। प्रशिद्ध मंदिर परिसरों में कई श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा में भी पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी सावन के अंतिम सोमवार को भंडारा का आयोजन जगह-जगह किया गया। यहां भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूरी आस्था के साथ प्रसाद ग्रहण किया। श्रावण का अंतिम सोमवार आज पूरी तरह से शिव भक्तिमय नजर आया। सावन सोमवार को आज कई मंदिरों में भजन-कीर्तन के आयोजन भी होते रहे। कुछ स्थानों में तो चौबीस घंटे के लिए ओम नमः शिवाय का जाप भी किया गया। इन धार्मिक कार्यक्रमों में भी श्रद्धालुओं की पूरे उत्साह के साथ सहभागिता बनी रही। प्रशिद्ध मंदिर क्षेत्रों के लिए जाने वाले मार्ग भी आज वाहनों की भीड़ के चलते जगह-जगह जाम नजर आए।

# कीचड़ से सनी सड़कों में आवा गवन हुआ मुश्किल

## हर समय रहता है दुर्घटना का खतरा
## गांव में नहीं पहुंच पाती एम्बुलेंस



**जागरण, ब्यौहारी।** ब्यौहारी जनपद पंचायत ब्यौहारी के चरका पंचायत के अंतर्गत आदिवासी मोहल्ले मुन्ना कोल के घर से लेकर बंदरचुआ में फद्दू सिंह के घर तक 4 किलोमीटर की सड़क बारिश के मौसम आते ही कीचड़ से सन गई है बारिश के कारण कहीं बड़े-बड़े पत्थर निकल आए हैं कहीं कीचड़ ही कीचड़ है।

सड़क बनवाने के लिए ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा तहसील मुख्यालय से लेकर संभागीय मुख्यालय तक दौड़ लगाई सांसद विधायक से मिले लेकिन अभी तक सड़क की स्वीकृति नहीं हुई। गांव में सांसद डॉ राजेश मिश्रा का कार्यक्रम भी हुआ सांसद द्वारा पत्र प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को भेजा गया पत्र के बाद आधिकारिक सर्वे के लिए आए और सर्वे करके ले गए अधिकारियों का कहना है कि हमने सर्वे करके दिल्ली भेज दिया है अब वहां से कब रोड स्वीकृत होती है हमें नहीं पता पत्र भेजे हुए 6 माह से ऊपर हो गया लेकिन धरातल में काम कब शुरू होगा उसका जवाब अधिकारी भी नहीं दे रहे लेकिन अब बरसात के मौसम में ग्राम वासियों की परेशानी फिर से बढ़ गई महिलाओं और बच्चों को 4 किलोमीटर की दूरी दिन और रात के अंधेरे में पैदल ही सफर करना पड़ता है जिससे आए दिन उनके जान पर खतरा बना रहता है इसके अलावा कीचड़ होने के कारण एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती जिससे गर्भवतियों की जान को भी खतरा ग्राम वासियों की मांग है कि जब तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का काम शुरू नहीं हो जाता तब तक जिला प्रशासन इसको अस्थाई रूप से मरम्मत करा दे जिससे रोड चलने लायक हो जाए प्रदेश सरकार का निर्देश भी है जहां सड़के काफी खराब है वहां मरम्मत कार्य कराया जाए अब देखना यह है कि खबर दिखाने के बाद जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

### इनका कहना है

गांव मे प्रधानमंत्री सड़क बनाने के लिए सर्वे करके टॉप प्रायरिटी में दिल्ली भेज दिया गया है अब वहां से कब स्वीकृत होकर आता है कब काम शुरू होता है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। बीके गोहिया एजीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शहडोल

सड़क बनवाने के लिए 2 साल से गांव से लेकर संभागीय मुख्यालय तक आवेदन पत्र भेजा सांसद विधायक से मिला लेकिन अभी तक सड़क पर काम शुरू नहीं हुआ बारिश में रोड जर्जर है इसको किसी भी फंड से रिपेयर वर्क कराया जाए जिससे सड़क चलने लायक बन सके।

**विकास कुमार द्विवेदी**
**पंच ग्राम पंचायत चरका**

गांव में ऑटो भी नहीं आता हम लोग दिन हो रात पैदल ही 4 किलोमीटर का सफर इस कीचड़ भरी सड़क से तय करना पड़ता है

**मुन्नीबाई सिंह**
**स्थानीय महिला**

इस सड़क को शीघ्र बनवाया जाए हम लोग काफी परेशान है सांसद जी आए थे तो आश्वासन दिया था कि दो मा ह में काम शुरू हो जाएगा लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ

**राम लखन सिंह**
**पंच वार्ड 9**

# म.प्र.राज्य अधिवक्ता परिषद में 850 अधिवक्ताओं को नामांकित किया : आरके सिंह सैनी



## 6 की सनद बहाल की गई

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में लगभग 850 अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया। एड.अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकयत निवारण समिति ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। नामांकन समिति में परिषद के वाईस चेयरमेन आर.के.सिंह सैनी एवं कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे। नामांकन समिति के द्वारा अधिवक्ताओं के हितार्थ कार्य करते हुये नवीन नामांकन आवेदन फॉर्मों पर विचारोपरांत लगभग 850 नामांकन आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन कर मुहर लगाकर नये अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया व 6 सनद पुर्नबहाली कर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, देवेन्द पाण्डेय, प्रणय खरे, अंकित सेन इत्यादि उपस्थित रहे।

श्री सैनी ने बताया कि नवीन अधिवक्ताओ को यह भी सलाह दी गयी है की परिषद के नियम 145 के अंतर्गत परिषद से मान्यता प्राप्त अधिवक्ता सघो में नामांकन दिनांक से 3 माह के अंदर सदस्यता लेना अनिवार्य है नहीं तो उनके परिषद से कोई भी मेडिकल क्लेम, मृत्यु दावा क्लेम, वह कोई भी कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। श्री सैनी ने बताया कि नवीन अधिवक्ताओं को ऑनलाइन डिक्लेरेशन फॉर्म भरना भी अनिवार्य है जब तक ऑनलाइन डिक्लेरेशन फॉर्म नहीं भरा जाता यह अधिवक्ता गण नॉन प्रैक्टिशनर की श्रेणी में आता है।

परिषद के वाईस चेयरमेन आर.के.सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी, श्रीमती गीता शुक्ला, एड अंजुला सरावगी बजाज जिला प्रतिनिधि शिकयत निवारण समिति, एड संदीप दुबे, एड राजेश सिंह, एड अक्षय बजाज, एड हिमांशु शर्मा, एड संदीप विश्वास, एड अनुराग गुप्ता, एड विपिन चक्रवर्ती, एड अभिषेक सोनी, लभी गुप्ता, एड माहि विश्वकर्मा, एड सभया दुबे व अन्य अधिवक्ता गणों ने सभी नये अधिवक्ताओं को बधाई देते हुये विधि जगत में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

**जिला अस्पताल पोस्टमार्टम गृह के समीप युवक पर चाकू से हमला : कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज चाकूबाजी का मामला सामने आया है। यह घटना जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह के पास हुई, जहां दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया।



## नाम सुधार सूचना

मैं रोहित वर्मा पिता श्री बृजलाल वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम/पो. डेल्ही थाना बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ व शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि : आधार कार्ड न. 6780 4341 0344 है। हम शपथकर्ता के द्वारा पंजाब नैशनल बैंक शाखा सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) मे खाता खुलवाया था जिसका खाता क्रमांक 0868001700143761 है जिसमे मेरा नाम रोहित साकेत लेख है जबकि मेरे आधार कार्ड (6780 4341 0344) एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम रोहित वर्मा पिता श्री बृजलाल वर्मा लेख है। अतः मेरे खाता क्रमांक 0868001700143761 में रोहित साकेत के स्थान पर मेरे आधार कार्ड के अनुसार रोहित वर्मा पिता श्री बृजलाल वर्मा सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN-84203 रोहित वर्मा



## गुमशुदा की तलाश



श्री रामटहल मिश्रा पिता का नाम श्यामसुंदर मिश्रा 92 वर्ष के हैं रीवा के गोविंदगढ़ वार्ड क्रमांक 8 से 29 जुलाई को सुबह 6:30 बजे घर से निकले जिनका कोई पता नहीं चला है घर के लोग बेहद परेशान हैं अगर किसी भी व्यक्ति को कहीं भी दिखाई देते हैं या कोई जानकारी होती है तो कृपया कर के इन नंबरों पर सूचित करें।

सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा

RN-82591 **अजय कुमार मिश्रा (पुत्र)**
मो.: 9685368364,8962702078,8962169482,8770323468



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-37-25 दिनांकः 31.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ बलास्ट साइडिंग एट अनन्तपेठ यार्ड)।

**कार्य लागत लगभग :** ₹ 5879799.84 | **धरोहर राशि :** ₹ 117600/-

**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 25.08.2025 Time 15.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 09 माह

निविदा दिनांक **25.08.2025 को 15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 1367/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# शिवलिंग निर्माण की परम्परा का निर्वहन कर हम सब धन्य हुए : संजय सत्येन्द्र पाठक

**कटनी।** गुरुदेव देवप्रभाकर शास्त्री के द्वारा सौपीं गई पार्थिव शिवलिंग निर्माण की परंपरा का आज इस सावन माह के अंतिम सोमवार पर सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निर्वहन कर हम एवं हमारा मेरा पूरा परिवार धन्य हुआ। यह विचार आज श्रावण सोमवार पर निज निवास में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण आयोजन में श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विजयराघवगढ़ के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने व्यक्त किए।

श्री पाठक ने कहा कि आज हमने उनका निर्माण किया जिन्होंने हमारा और समूची सृष्टि का निर्माण किया। भगवान भोलेनाथ की कृपा हर मानव पर बनी रहे इसी प्रार्थना के साथ मुझे शिवलिंग निर्माण में शिव भक्तों के लिए व्यवस्था करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परमपूज्य दद्दा जी के गुरु पुत्र नीरज शास्त्री, सुनील शास्त्री जी के सानिध्य में पूरा आयोजन निर्विघ्न सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में दद्दा शिष्य मंडल के सहयोगी गुरु भाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। विधायक संजय पाठक के निवास पर रविवार की देर रात इस आयोजन की तैयारियां की गई। सोमवार को प्रातः काल विद्वानों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की विधिविधान से पार्थिव स्थापना मंत्रोच्चार के बीच कराई गई। जिसके बाद शिवलिंग निर्माण प्रारम्भ हुआ। मध्यकाल तक शिवलिंग निर्माण किया गया। ततपश्चात पार्थिव शिवलिंग का विधिविधान से रुद्राभिषेक किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ इस आयोजन में धर्मलाभ प्राप्त किया। कर्मयोगी पूज्य पिता स्वर्गीय श्री सत्येंद्र पाठक के आशीर्वाद से इस महा आयोजन में मातुश्री श्रीमती निर्मला पाठक, भाभी श्रीमती निधि पाठक, पुत्र यश पाठक, पुत्र वधु अनुकृति तथा बिटिया अतिशा के साथ पाठक परिवार के सदस्यगण, मित्रगण, शुभचिंतक, क्षेत्रवासी, गणमान्य जनों की मौजूदगी में भगवान भोलेनाथ की भक्तिभाव के साथ पूजन अर्चन सम्पन्न हुआ।

**बजरंग बाल रामायण समाज की सुमधुर प्रस्तुति** : इस अवसर पर रविवार की संध्या काल तथा सोमवार प्रातः काल से सम्पूर्ण आयोजन के दौरान कटनी की सुप्रसिद्ध श्री बजरंग बाल रामायण समाज के सदस्यों ने गीत स्तुतियों की प्रस्तुति से माहौल को धर्म के रंग में रंग दिया। तथा लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। सम्पूर्ण दिवस आयोजन के तहत प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। शोभायात्रा के साथ पार्थिव शिवलिंग को पवित्र नदी में विसर्जित किया गया।

## जीआरपी पुलिस ने चोरों से लाखों का माल बरामद किया

**कटनी।** रेल ईकाई जबलपुर के क्षेत्रातर्गत प्लेटफार्म व चलित ट्रेनों, आउटरों में यात्रियों के साथ हो रही लूट की घटनाओ की रोकथाम हेतु सुश्री शिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर भावना मरावी एवं उप पुलिस अधीक्षक अंकिता सुत्या के मार्गदर्शन में जीआरपी थाना कटनी में गठित टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरीक्षक एल.पी.कश्यप द्वारा किया जा रहा है। घटना दिनांक 28 जुलाई 2025 को फरियादिया श्रीमति जया बहेती पति लक्ष्मीचंद्र बहेती उम्र 65 वर्ष निवासी विवेकानन्द नगर थाना कोतवाली जिला धमतरी छग की ट्रेन नं 18202 एक्स कोच ए-2 में एक लडीज पर्स जिसमें नगदी 45 हजार रूपये हीरे का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, सोने की तुलसी माला, एक मोबाईल, इस्तेमाली सामान कागजात कुल कीमती 2 लाख रूपये चोरी जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना दिनांक 3 अगस्त को आरोपी विनोद यादव पिता व्दारिका प्रसाद यादव उम्र 47 वर्ष निवासी डभौरा पूर्वा थाना डभौरा जिला रीवा, संजय यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 33 वर्ष निवासी डभौरा बाजार थाना डभौरा जिला रीवा, नसीमुद्दीन पिता सममदीन उम्र 29 वर्ष निवासी महावीर नगर थाना मानिकपुर जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश, कल्लू यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 33 वर्ष निवासी हनुमान मोहल्ला डभौरा बाजार थाना डभौरा जिला रीवा के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद किया गया है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


## कलेक्टर ने सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतो का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**शहडोल।** शहडोल 4 अगस्त 2025- कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित षिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देष दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित षिकायतो के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देष दिए।


## मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन - 9425601511/9340714903

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत निर्माण कार्य 100 सीटर वर्किंग वूमन हॉस्टल सिंगरौली जिला सिंगरौली के कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_441942_1 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.08.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121410/2025 **परियोजना यंत्री**



## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)

**बी.फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु**

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.08.2025 से 29.08.02025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.08.2025 से 31.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.08.2025 से 02.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 03.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 06.09.2025 से 11.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.09.2025 से 12.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 13.09.2025 से 14.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 06.09.2025 से 16.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 17.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 20.09.2025 से 24.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 23.09.2025 से 25.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 26.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 27.09.2025 से 28.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 30.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121399/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**



## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

### ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)

**एम.फार्मेसी (M.Pharmcy) पाठ्यक्रम में वैध जीपेट स्कोर (Valid GPAT Score)/अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु**

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थान)

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण (वैध जीपेट स्कोर (Valid GPAT Score) के आधार पर)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.08.2025 से 29.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 30.08.2025 से 31.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.08.2025 से 02.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 03.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 06.09.2025 से 11.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **अर्हकारी परीक्षा के आधार पर पंजीयन दिनांक 05 अगस्त 2025 से 12 सितंबर 2025 तक उपलब्ध रहेंगे, शेष प्रक्रिया द्वितीय चरण अनुसार रहेगी।** | |
| **द्वितीय चरण (प्रथमतः वैध जीपेट स्कोर (Valid GPAT Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 05.09.2025 से 12.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 13.09.2025 से 14.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 06.09.2025 से 16.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 17.09.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 20.09.2025 से 24.09.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) (प्रथमतः वैध जीपेट स्कोर (Valid GPAT Score) तत्पश्चात अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 23.09.2025 से 25.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 26.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 27.09.2025 से 28.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 29.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 30.09.2025 से 30.09.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | 30.09.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**

- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क :- 0755-6720205, 2660441, ईमेल :- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/121401/2025 **तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

# सरपंच ने पाल परिवार के साथ फोन पर की गाली-गलौज

## वायरल हुआ ऑडियो, पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार




**जागरण, छतरपुर ।** राजनगर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के सरपंच और भाजपा नेता पर एक पाल परिवार के साथ फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गाली-गालैज का एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें जमीन हड़पने की बात भी सामने आई है। पीड़ित परिवार ने ओबीसी महासभा के साथ मिलकर पुलिस-प्रशासन से न्याय की मांग की है, वहीं पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामला सुर्खियों में आने के बाद समाजवादी पार्टी भी पीड़ित के समर्थन में आ गई है।

**यह है मामला :** प्राप्त जानकारी के मुताबिक विक्रमपुर सरपंच और भाजपा नेता लोकपाल सिंह बुंदेला पर ग्राम कोड़ा निवासी क्रांति पाल, प्रेमी पाल, चिरौंजी पाल, राकेश पाल सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि लोकपाल सिंह ने उन्हें फोन पर गंदी-गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी। यह धमकी जमीन हड़पने का दबाव बनाने के लिए दी गई है। लोकपाल सिंह द्वारा गाली-गलौज किए जाने का एक कथित ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें लोकपाल सिंह कथित तौर पर अभद्र भाषा का उपयोग करते और धमकी देते सुने जा सकते हैं। पीड़ित परिवार ने ओबीसी महासभा के समर्थन से राजनगर थाना में शिकायत दर्ज की है। राजनगर थाना प्रभारी परशुराम डाबर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और जांच के बाद सख्त कार्रवाई होगी।

**समाजवादी पार्टी ने की सख्त कार्रवाई की मांग :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कपूर सिंह यादव ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि लोकपाल सिंह ने पाल परिवार को न केवल धमकाया, बल्कि अशोभनीय गालियां दीं।

## अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया युवक

**छतरपुर ।** महाराजपुर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नैगुंवा रोड पर क्षेत्र भ्रमण के दौरान सचिन उर्फ डब्बू चौरसिया को एक अवैध देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी डीके सिंह ने बताया कि नैगुंवा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा था, जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने कॉलेज के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान सचिन उर्फ डब्बू पुत्र गुलाब चौरसिया निवासी वार्ड नंबर 6 महाराजपुर के पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी की अवैध हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो भी पूर्व में वायरल हुई थी। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

# हिंदू, हिंदुत्व, हिंदुस्तान के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे : पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

## शास्त्री ने सनातनियों से की अपील, षड्यंत्रकारियों से सावधान रहें



**जागरण, छतरपुर ।** करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र बन चुका बागेश्वर धाम सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का भी केंद्र बन गया है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सनातन धर्म प्रेमियों को एकजुट करने में दिन-रात लगे हैं। महाराज श्री की यह गतिविधियां लोगों को खटक रही है। सनातन विरोधियों की नींद उड़ गई है। सनातन विरोधी तरह-तरह के षडयंत्र कर लोगों को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। महाराज श्री पर सोशल मीडिया में अनर्गल टिप्पणी करने वाले एक प्रोफेसर के खिलाफ बमीठा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जल्द ही आरोपी प्रोफेसर मध्य प्रदेश पुलिस के गिरफ्त में होंगे । बागेश्वर महाराज ने कहा कि वह हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान के लिए अंतिम सांस तक कार्य करते करेंगे। उन्होंने सनातन प्रेमियों से कहा कि वह षड्यंत्र कारियों से सचेत रहें और अपने धर्म के कार्य में लग रहें। बागेश्वर महराज ने अपने एक वीडियो संदेश में सभी सनातन प्रेमियों से कहा कि वह एक जुट रहें, साजिशकर्ता अनवरत अपने कार्य में लगे रहेंगे और आप सभी को विचलित करने का भी प्रयास करेंगे लेकिन आप विचलित न हों। सोशल मीडिया के माध्यम से तमाम तरह का दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है इससे सभी सावधान रहें। महाराज जी ने कहा कि जातिवाद की दीवार खत्म करने का जो अभियान शुरू किया गया है वह जारी रहेगा। अभी तो शुरूआत है आगामी पदयात्रा का समय जैसे-जैसे निकट आएगा वैसे ही धर्म विरोधी ताकतों का पेट और खौलने लगेगा। महाराष्ट्र ने कहा कि सभी सनातनी प्रेमियों को एकजुट करने के संकल्प से डिगेंगे नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि वह ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे जिससे सनातन धर्मावलंबियों को नीचा देखना पड़े। लखनऊ के एक रविकांत नाम के प्रोफेसर के खिलाफ बमीठा थाने में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्य धीरेंद्र गौर ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया है।

# फर्जी जीएसटी बिल पर करोड़ों का भुगतान, सप्लायर ने टैक्स चोरी शासन को लगाया लाखों का पलीता




**जागरण, डिंडोरी।** जिले के मेहंदवानी जनपद पंचायत अंतर्गतकई ग्राम पंचायतों में रिजेक्ट जीएसटी दर्ज नम्बर के बिलों के जरिए पंचायती खजाने से करोड़ों रुपए का सरकारी भुगतान प्राप्त करते हुए शासन की आंख में धूल झोंक कर लाखों रुपए का घोटाला करने का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चौबीसा के उप सरपंच संतोष साहू द्वारा पंचायती राज अधिनियम के विरुद्ध स्वयं के ही पंचायत में लाखों रुपए पानी परिवहन, मुरूम परिवहन सहित गैर अनुमति कार्यों के नाम करोड़ों रुपए का भुगतान प्राप्त किया गया है, ग्राम पंचायत चौबीसा के सरपंच सचिव द्वारा अन्य व्यय और बगैर तकनीकी/प्रशासकीय स्वीकृति के ही मनमानी कार्यों के नाम पर सप्लायर/उपसरपंच के साथ राशि का बंदरबांट किए जाने का मामला सामने आया है। फर्जी जीएसटी से करोड़ों का भुगतान, लाखों रुपए टैक्स चोरी का मामला केंद्र सरकार द्वारा टैक्स प्रणाली में सुधार और पारदर्शिता जवाबदेही तय करने के लिए 2017 में एक देश एक टैक्स की मंशा को लेकर पूरे देश में जीएसटी बिल लागू किया गया था, लेकिन टैक्स प्रणाली को पलीता लगाते हुए कुछ सप्लायर रिजेक्ट जीएसटी बिल के जरिए करोड़ों रुपए का भुगतान प्राप्त कर शासन को लाखों रुपए का पलीता लगा रहे हैं।कुछ ऐसा ही मामला जिले के मेहंदवानी ब्लॉक में सामने आया है, यहां के कई ग्राम पंचायत जैसे चौबीसा, राघोपुर, कलगी टोला, पड़री टोला, सहित दर्जनों पंचायतों से करोड़ों रुपए का भुगतान लिया गया है, जबकि सप्लायर का जीएसटी 2019 में ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है। इस तरह सप्लायर संतोष साहू द्वारा वंदना बिल्डिंग मटेरियल फर्म के जरिए शासन को लाखों रुपए का टैक्स चोरी कर पलीता लगाया जा रहा है।

## आकांक्षी हाट देशी उत्पादों को बाजार से जोडऩे की पहल

**छतरपुर ।** मध्य प्रदेश के आकांक्षी जिलों में से एक छतरपुर में नीति आयोग के तहत 2 से 8 अगस्त तक आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के सामने मेला ग्राउंड में आयोजित इस हाट का शुभारंभ बीती शाम छतरपुर विधायक ललिता यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने हाट का भ्रमण किया और स्व सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर उपलब्ध स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की। विधायक श्रीमती यादव ने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल की संकल्पना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस हाट का उद्देश्य आजीविका मिशन के महिला स्व सहायता समूहों, किसान संगठनों और उत्पादक समूहों के देशी उत्पादों को बाजार से जोडऩा तथा प्रोत्साहित करना है। उल्लेखनीय है कि आकांक्षा हाट में स्थानीय हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, मसाले, और अन्य देसी सामग्री विक्रय के लिए उपलब्ध है। शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डीपीएम एनआरएलएम श्याम गौतम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड विकास निधि ने आयोजित किया स्वरांजलि कार्यक्रम

## ताजा हुई मोहम्मद रफी और किशोर कुमार को संगीतमयी यादें




**जागरण, छतरपुर ।** नगर पालिका के सभागार में बीती शाम भारतीय सिनेमा के दो महान पार्श्वगायकों की पुण्यतिथि और जयंती के अवसर पर बुंदेलखंड विकास निधि साख सहकारी समिति मर्यादित द्वारा एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों संगीत प्रेमियों ने बारिश के बावजूद हिस्सा लिया और दोनों दिग्गजों के अमर गीतों को सुनकर उनकी स्मृतियों को नमन किया। स्थानीय कलाकारों ने भक्ति, प्रेम और मस्ती भरे गीतों से समां बांधा, जबकि गणमान्य व्यक्तियों ने इन कलाकारों की संगीतमय विरासत की सराहना की। बुंदेलखंड विकास निधि साख सहकारी समिति मर्यादित के डायरेक्टर विकास चतुर्वेदी ने बताया कि मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि 31 जुलाई और किशोर कुमार की जयंती 4 अगस्त को समर्पित स्वरांजलि नामक संगीतमय शाम के आयोजन में नीरज म्यूजिकल इवेंट्स के कलाकारों ने मोहम्मद रफी के गीतों से लेकर किशोर कुमार के मस्ती और रोमांटिक नगमों तक की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारिश के बावजूद सैकड़ों लोग अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी ललित शाक्यवार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यूरो सर्जन डॉ. यशपाल सिंह बुंदेला, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, पूर्व परिवहन आयुक्त अजय गुप्ता, आरंभ स्कूल के संचालक दीपेंद्र सिंह बुंदेला, केयर इंग्लिश स्कूल के निदेशक मनीष दोसाज, प्रवीण प्रभात के डायरेक्टर प्रवीण गुप्त और बुंदेली रेडियो 90.8 एफएम के संचालक के.के. चतुर्वेदी उपस्थित थे। आकाशवाणी छतरपुर के उद्घोषक राकेश खरे और सविता मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर तीन रेस्टोरेंट से 6 सिलेंडर जब्त




**मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर खाद्य विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई की है। इस औचक निरीक्षण में शहर के तीन रेस्टोरेंट से कुल 6 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई खाद्य अधिकारी एवं उनकी टीम ने की है। इस दौरान कटरा स्थित खाना-खजाना रेस्टोरेंट, नेहरू स्मारक के पास अमृततुल्य चाय दुकान और पड़ाव क्षेत्र में चटोरे रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक कामों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। विभाग ने सभी 6 सिलेंडरों को जब्त कर लिया है। घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग की ओर से लगातार कार्यवाही की जाती है।

## अज्ञात हमलावरों ने ट्रक चालक से की मारपीट, लूटपाट के आरोप

**छतरपुर ।** शहर के चौबे तिराहे पर देर रात बोलेरो कार से आए अज्ञात हमलावरों ने एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। चालक का आरोप है कि बेरहमी से मारपीट के बाद उसके साथ लूट भी की गई है। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया, साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी है। ट्रक चालक संतोष राजपूत ने बताया कि वह कानपुर से पन्ना जिले के अमानगंज जा रहा था। देर रात एक बोलेरो कार से आए लोगों ने उसका ट्रक रोककर तोडफ़ोड़ की और इसके बाद मारपीट कर उसका मोबाइल तथा नकदी छीन ली। संतोष के मुताबिक घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए थे। सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घायल संतोष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने संतोष की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ लूट और मारपीट का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु की है।

# जबलपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप का निरीक्षण, पानी मिश्रण नहीं पाया गया



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार 04 अगस्त को जबलपुर रोड स्थित श्री जलाराम पेट्रोलियम पंप का निरीक्षण किया गया। यह जांच सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश तुरकर द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंकों में पानी के रिसाव की जांच कर पानी मिश्रण परीक्षण किया गया। साथ ही अग्निशामक यंत्रों की स्थिति, विस्फोटक लाइसेंस की वैधता, हवा-पानी शौचालय सुविधाए साफ-सफाई प्रतिदिन की जाने वाली डेंसिटी जांच, स्टॉक संग्रहण, 5 लीटर माप में डिलीवरी की जांच आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। जांच में पेट्रोल में किसी भी प्रकार का पानी मिश्रण नहीं पाया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी पेट्रोल पंपों में इस प्रकार की नियमित जांच की कार्यवाही सतत रूप से जारी है।

## शराबी की मारपीट के बाद सड़क पर चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**छतरपुर ।** बीती रात सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में आकाशवाणी तिराहे पर शराब की दुकान के सामने सड़क किनारे की दुकानों पर बीती रात शराबियों के बीच मारपीट के बाद हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा चिंता का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात आकाशवाणी तिराहे पर शराब की दुकान के पास कुछ अज्ञात शराबियों ने शराब के नशे में एक अन्य शराबी युवक की बेरहमी से पिटाई की और मौके से फरार हो गए। पिटाई के बाद शराबी ने करीब आधे घंटे तक यहां बेतहाशा गाली-गलौज और हाई वोल्टेज ड्रामा किया। इस दौरान अपनी पत्नी और बच्चों के साथ पत्नी ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को शांत कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही सड़क किनारे की अस्थाई दुकानों पर शराबियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है, जिससे आए दिन विवाद और मारपीट की घटनाएं हो रही हैं।

# डायरिया रोको अभियान के तहत सरपंच सचिव को मिला प्रशिक्षण




**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर वर्षाकाल में दूषित पेयजल के कारण लोगों को संक्रामक बीमारियाँ न हों इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा लगातार जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन तथा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला श्री मनोज भास्कर के मार्गदर्शन में लगातार जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिले के सभी विकासखंड में जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत नारायणगंज में पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की जल परीक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नारायणगंज श्री आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज श्रीमती दीप्ति यादव की उपस्थिति में जनपद सभागार में विकासखंड नारायणगंज की 50 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के बाद पंचायत इंस्पेक्टर श्री रम्मू सिंह मरावी, उपयंत्री श्री गौरव साहू, श्री मुकेश दोहरे द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों को फील्ड टेस्ट किट का वितरण किया गया।

## कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न

**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई.केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विद्यालयए शाला में छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के साथ प्रवेश दिलाने में विशेष ध्यान दें। जिससे जिले का कोई भी छात्र वंचित न रहे।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जिले के विद्यालय, शालाओं की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को पुराने विद्यालय से नवीन भवन में छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाकर संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ सीएमओ नगरपालिका को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी प्रकरण में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# महिष्मति घाट से निकली ऐतिहासिक नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत श्रावण मास में विशेष परंपरा बनी पहचान



**जागरण मंडला ।** सावन मास के अंतिम सोमवार को महिष्मति घाट मंडला से पहली बार नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यहां प्रात्काल विधि विधान से मां नर्मदा का पूजन अर्चन करते हुए महाआरती के साथ नर्मदा जल कांवड़ में भरा गया और सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी कांवड़ लेकर व्यास नारायण मंदिर किला घाट के लिए रवाना हुए। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट महिष्मति घाट के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा का आरंभ प्रात 9 बजे हुआ जिसमें सैकड़ो शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच महिष्मति घाट से की गई। इस पवित्र अवसर पर शिवलिंग की विशेष झांकी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही जिसे बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। पूरे मार्ग में भक्ति, उत्सव और श्रद्धा का अद्वितीय संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट के साथ ट्रस्ट सदस्य संजय तिवारी, नीरज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, मनोज फागवानी सहित सामाजिक लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने इस यात्रा में स्वयं कांवड़ सेवा की। साथ ही भगवान भोलेनाथ की पालकी भी उठाई। पुलिस बैंड द्वारा माँ नर्मदा आरती की धुन के साथ यात्रा को गंतव्य के लिए आगे बढ़ाया गया। कांवड़ यात्रा माहिष्मती घाट से सर्किटहाउस चौक, नेहरू स्मारक, बैगा-बैगी चौक, रेडक्रॉस, बड़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी बाजार से होते हुए किलाघाट स्थित व्यासनारायण मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में 151 कांवड़ यात्रियों ने माँ नर्मदा का पवित्र जल व्यास नारायण मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित किया। व्यासनारायण मंदिर परिसर में हवन एवं आरती कर जिलेवासियों के कल्याण की कामना की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में फलाहार का वितरण किया गया। नगर में अंतिम श्रावण सोमवार के अवसर पर आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल यात्रियों का नगर के विभिन्न चौक-चौराहों में आत्मीय स्वागत किया गया। नगर के धर्मप्रेमीजनों ने कांवडय़ात्रियों का तिलक-वंदन तथा पुष्पवर्षा कर सम्मान किया। नगरपालिका परिषद की ओर से कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। यात्रा मार्ग में स्थित श्रीराम मंदिर एवं श्री हनुमान मंदिर बुधवारी चौक में श्रृद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान शीतल जल भी उपलब्ध कराया गया। इस पूरी यात्रा के दौरान नगर में आस्था और अनुशासन का अद्भुत मेल देखने को मिला। भक्तजन भगवा वस्त्र, कांवड़, त्रिशूल और शिव ध्वज के साथ भक्ति भाव में लीन दिखे। युवाओं ने ढोल और बैंड की ताल पर शिव तांडव का उल्लास से स्वागत किया वहीं बुजुर्ग श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के नाम में मग्न दिखे। नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट द्वारा इस आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं अत्यंत सुनियोजित ढंग से की गई थीं। यात्रा मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक नियंत्रण आदि सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने दिन-रात परिश्रम कर इस इस भव्य आयोजन में अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों और युवाओं ने तन-मन-धन से सहभागिता निभाई। शहर के विभिन्न कोनों से आए श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को श्रावण मास की सबसे भव्य बताया और आयोजकों की सराहना की। ऐसी कांवड़ यात्रा मंडला में पहली बार देखी है सब कुछ दिव्य और अद्भुत था शिवलिंग की झांकी देखकर मन भाव-विभोर हो गया यह यात्रा अब हर साल होनी चाहिए। आयोजकों ने यह भी बताया कि यह यात्रा अब हर वर्ष श्रावण मास में एक विशेष परंपरा के रूप में आयोजित की जाएगी जिससे मंडला की धार्मिक पहचान को एक नई दिशा मिलेगी। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि यह यात्रा एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है जो हमें भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और आस्था व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा, नर्मदा के पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए निकाली जाती है। यह यात्रा विशेष रूप से सावन के महीने में भक्तों द्वारा उत्साहपूर्वक निकाली जाती है। इस यात्रा में भक्त नर्मदा से पवित्र जल भरकर कांवड़ में लाते हैं और फिर उसे विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं। वही पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि नर्मदा जल से भगवान शिव का अभिषेक करना, भक्ति और आस्था को प्रदर्शित करना, और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करना होता है। पंडित नीलू महाराज ने कहा कि यह यात्रा आमतौर पर सावन के महीने में विशेष रूप से सोमवार को निकाली जाती है। कांवड़िए नर्मदा तटों से जल भरकर, विभिन्न मंदिरों से होते हुए, अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। यात्रा के दौरान, भक्त बोल बम और हर हर महादेव जैसे जयकारे लगाते हैं, और रास्ते में उनका स्वागत किया जाता है। उन्होंने अन्य पुरोहितो के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन कराया। वहीं बड़ चौराहा में सिंधी समाज ने पुष्पवर्षा करते हुए कांवडियो का स्वागत किया तो वहीं उदय चौंक में परिषद के द्वारा पेयजल वितरण किया गया।

## जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सहित 8 अधिकारी, कर्मचारियों ने किया स्वेच्छिक रक्तदान



**मंडला ।** सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने स्वप्रेरणा से रक्तदान करते हुए जिला चिकित्सालय मंडला में पदस्थ सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों से रक्तदान करने की अपील की। सिविल सर्जन की अपील पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ 8 कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में सिविल सर्जन डॉ. विजय सिह धुर्वे के साथ डीईआईसी मैनेजर श्री अर्जुन सिंह, लैब तकनीशियन श्री इंद्र कुमार झारिया, श्री सुनील पटेल, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री दीपक तिवारी, श्री प्रवीण ज्योतिषि सहित स्टॉफ द्वारा रक्तदान किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता, केवल रक्तदान के माध्यम से ही दूसरों के जीवन को बचाया जा सकता है। आमजन अनेक भ्रांतियों के कारण रक्तदान से परहेज करते हैं, जबकि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है और इससे कोई कमजोरी नहीं आती तथा हृदयघात जैसी बीमारियों का रिस्क भी कम होता है। इस संदेश को लेकर आज चिकित्सालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्वप्रेरणा से रक्तदान किया गया तथा सभी से आग्रह किया कि स्वेच्छा से रक्तदान करके लोगों को जीवनदान देने में हमारी मदद करें।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# हाईवे पर वाहन चालकों को सतर्क रहना जरूरी

> अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे।

देश में जब तेजी से हाई-वे बने तो लगा कि अब आम आदमी की यात्रा सुगम व सुरक्षित होगी। तब सफर में लोगों के घंटों बचने लगे। यात्रियों के पेट्रोल व डीजल की खपत कम हुई। विडंबना यह है कि कालांतर वाहनों की गति सीमाएं तोड़ने लगी। जब व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक की गति से वाहन चलाता है तो विषम परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाना ही पड़ता है। ऐसे में पीछे से नियंत्रित गति में चलने वाले वाहन चालक भी सड़क दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। ऐसी ही दुर्घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला आया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि हाई-वे पर कोई वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाता है तो दुर्घटना की स्थिति में इसे लापरवाही माना जाएगा। अदालत ने माना कि हाई-वे पर वाहनों का तेज गति से चलना स्वाभाविक है, लेकिन यदि कोई चालक अचानक वाहन रोकता है तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह ब्रेक मारने से पहले पीछे आने वाले वाहन चालकों को चेतावनी या कोई संकेत दे। उल्लेखनीय है कि यह फैसला वर्ष 2017 में कोयंबटूर में एक इंजीनियरिंग छात्र के साथ हुए हादसे के बाबत आया है, जिसमें उसे अपनी टांग गंवानी पड़ी। दरअसल, उसकी मोटरसाइकिल अचानक रोकी गई एक कार से टकरा गई थी। इस टक्कर में उसके नीचे गिरने पर पीछे से आ रही बस ने उसके पैर को कुचल डाला। कोर्ट ने कार चालक की इस दलील को तार्किक नहीं माना कि उसे पत्नी के अस्वस्थ होने के कारण कार अचानक रोकनी पड़ी। अदालत का मानना था कि उसने भले ही किसी भी परिस्थिति में कार रोकी,लेकिन उसे पीछे से आने वाले वाहन चालकों को संकेत या चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी, ताकि इस हादसे को टाला जा सकता। दरअसल, हाई-वे पर होने वाले तमाम हादसों में वाहनों की निर्धारित सीमा से अधिक गति को मुख्य कारण बताया जा रहा है। 'हाई-वे रोड सेफ्टी रिपोर्ट 2021' के अनुसार दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि राजमार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं में 74 फीसदी हादसे वाहनों की निर्धारित गति सीमा से अधिक पर वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसके चलते राजमार्गों में सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। निस्संदेह, हमने यूरोपीय स्टाइल के हाई-वे तो बना दिए मगर चालकों को नियम-कानूनों के पालन के लिये जागरूक नहीं कर पाये। निस्संदेह, सड़क निर्माण में भी कई बार तकनीकी खामियां पायी जाती हैं। पदयात्रियों व जानवरों के हाई-वे पर आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने को मजबूर होना पड़ता है। लेकिन कोर्ट के निर्देश के अनुरूप ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को इसका संकेत देना जरूरी है। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट ने नजीर का फैसला दिया है, जो वाहन चालकों की जवाबदेही सुनिश्चित करता है। साथ ही पीछे आने वाले वाहन चालकों को आगे के वाहन से सुरक्षित दूरी बनाकर चलना होगा, ताकि अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में वे खुद का और पीछे आने वाले वाहनों का बचाव कर सकें।

# राष्ट्रीय हितों के लिए एक दूसरे के साथ व्यावहारिक सहयोग जरूरी

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**डी. उबायडुलेविया**



> अमेरिका अपनी भूमिका जिस नए ढंग से लिख रहा है, उसने एक ओर तो रूस और चीन को विश्व में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का अवसर दिया है, तो दूसरी ओर, इसने भारत समेत ग्लोबल साउथ के विभिन्न देशों को भी यह समझ दी है कि व्यावहारिक सहयोग ही उन्हें बहुध्रुवीयता की ओर बढ़ती दुनिया में अपने हितों को बचाने की ताकत देगा।

इस साल जब से डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, एक खास वर्ग यह प्रसंग बार-बार सामने लाता रहा है कि उनका शासन अमेरिका के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए खतरा है। अमेरिकी राजनीति विज्ञानी जॉन मियर्सहाइमर का एक बड़ा मशहूर तर्क है कि उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था शुरू से ही असफल होने को अभिशप्त थी, क्योंकि इसमें अपने विनाश के बीज समाहित थे। हाल के वर्षों में इस दृष्टिकोण ने काफी जोर पकड़ा है। और अब, ट्रंप के फैसलों ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या कोई नई विश्व व्यवस्था उभर रही है।

ट्रंप ने एक ऐसी नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की इच्छा जताई है, जहां अमेरिका, चीन और रूस जैसे देश अपने-अपने विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में प्रभुत्व रखें। यह दृष्टिकोण बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था से मेल खाता है, जहां कोई एक देश वैश्विक प्रभुत्व नहीं रखता है। यह व्यवस्था पहले के दौर से बहुत अलग है, जैसे शीत युद्धकालीन द्विध्रुवीय दुनिया, जिसमें अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ का प्रभुत्व था, या उसके बाद की एकध्रुवीय अवधि, जब केवल अमेरिका का प्रभुत्व था। आगे विश्व व्यवस्था का क्या होगा? हमने हाल के महीनों में इस बदलाव को होते देखा है। उदाहरण के लिए, ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का वादा किया था, लेकिन अब वह इसे रूस, यूक्रेन और यूरोप पर छोड़ रहे हैं। यूरोप, जो पहले अमेरिका के ही स्वर में बोलता था, अब स्वतंत्र नीति-निर्माण के संकेत दे रहा है। वह अब 'पश्चिमी लोकतांत्रिक सिद्धांतों' की रक्षा पर कम और अपने सुरक्षा संबंधी हितों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है।

ट्रंप के शासन में अमेरिका इजराइल का समर्थन पूरी तरह जारी रखेगा। अमेरिका क्षेत्रीय राजनीति में तभी शामिल होगा, जब उसके हित दांव पर होंगे, जैसा कि हमने हाल ही में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमलों में देखा। खाड़ी देशों के साथ बढ़ते आर्थिक रिश्ते दिखाते हैं कि इस क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगी प्रमुख आवाज बने रहेंगे, खासकर अब जब ईरान कमजोर हो चुका है। फिर भी यह स्पष्ट है कि ट्रंप क्षेत्र में सैन्य और राजनीतिक भागीदारी को कम करने की इच्छा का संकेत देकर और पिछले प्रशासनों के 'राष्ट्र निर्माण' प्रयासों की आलोचना करके क्षेत्र में अमेरिकी भूमिका को नया आकार दे रहे हैं।

ऐसा लगता है कि ट्रंप प्रशासन मुख्य रूप से आर्थिक संबंधों के माध्यम से प्रभाव क्षेत्र को बनाए रखना चाहता है। इस बीच, ग्लोबल साउथ में अन्य ध्रुव उभर रहे हैं। रूस और चीन ने अपने बीच सहयोग को और भी गहरा किया है। और दोनों ही खुद को पश्चिमी देशों के 'वर्चस्ववादी रवैये' के खिलाफ रक्षक के रूप में पेश कर रहे हैं। ट्रंप की व्यापार नीतियां और कई देशों पर प्रतिबंधों ने रूस और चीन के इस दावे को बल दिया है कि अमेरिका खुद उन नियमों का पालन नहीं करता, जो वह दूसरों पर थोपता है।

रूस भारत का लंबे समय से एक भरोसेमंद रक्षा और ऊर्जा भागीदार रहा है। ट्रंप की नीति भारत की इस रणनीतिक साझेदारी को निशाना बनाते हुए उसे एक कठिन स्थिति में डालती है, जहां उसे अपनी रणनीतिक साझेदारियों और अमेरिका के साथ व्यापारिक हितों के बीच संतुलन बनाना होगा। भारत को अपने निर्यात बाजारों में विविधता लाने की जरूरत है। हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुआ मुक्त व्यापार समझौता इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इसी तर्ज पर अब भारत को आसियान जैसे अपने प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, भारत को अपनी ऊर्जा और रक्षा नीतियों में दीर्घकालिक सोच के साथ वैकल्पिक स्रोतों की भी तलाश करनी चाहिए, ताकि दूसरे देशों पर से निर्भरता कम हो सके।

ट्रंप द्वारा अमेरिकी विकास सहायता (यूएसएआईडी) के फंड में कटौती ने चीन को अफ्रीका और अन्य क्षेत्रों में विकास का मुख्य साझेदार बनाने का मौका दिया है। और सुरक्षा के मोर्चे पर, रूस ने अफ्रीका और मध्य पूर्व के कई देशों में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है, जो अब पश्चिमी देशों पर कम भरोसेमंद और कम निर्भर हो गए हैं। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन का बढ़ता प्रभाव और उसका आक्रामक रुख चर्चा में है। अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी इस क्षेत्र में उसकी भागीदारी और चीन के उदय को रोकने की उसकी क्षमता को लेकर चिंतित हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मौके का फायदा उठाते हुए वियतनाम, मलयेशिया और कंबोडिया जैसे देशों में अपनी पैठ बढ़ाई है। लेकिन कई देश चीन के बढ़ते प्रभाव से चिंतित हैं, खासकर फिलीपींस, दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन से भिड़ गया है।

हालांकि, सभी देश किसी एक बड़े देश के साथ पूरी तरह नहीं जुड़ रहे हैं। वहीं छोटे देशों के लिए यह बहुध्रुवीय विश्व जोखिम और अवसर दोनों लेकर आया है। यूक्रेन इसका एक उदाहरण है, जिसके पास एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपनी राह चुनने का अधिकार है, लेकिन वह बड़े देशों की राजनीति में फंस गया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हुए हैं। कुछ छोटे देश अलग रणनीति अपना रहे हैं, वे अपने तात्कालिक हितों के आधार पर किसी या किसी अन्य बड़े देश की ओर झुक रहे हैं। उदाहरण के लिए, स्लोवाकिया नाटो और यूरोपीय संघ का सदस्य है, लेकिन इसके नेता रॉबर्ट फिको ने मई में रूस के विजय दिवस परेड में भाग लिया और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 'सामान्य रिश्ते' बनाए रखने की बात कही।

मध्य एशिया में भी रूस, चीन और यूरोप प्रभाव और आर्थिक साझेदारी के लिए होड़ कर रहे हैं। लेकिन अगर पुतिन मध्य एशिया के किसी देश पर हमला करते हैं, तो क्या अन्य बड़े देश हस्तक्षेप करेंगे? यह जवाब देना मुश्किल है। बड़े देश सीधे संघर्ष में शामिल होने से हिचकते हैं, जब तक कि उनके मूल हितों या सीमाओं को सीधे खतरा न हो। इसलिए मध्य एशियाई देश कई देशों के साथ रिश्ते बनाए रखकर अपने जोखिम कम कर रहे हैं।

हालांकि, अभी निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगा, लेकिन हाल के महीनों की घटनाएं एक बढ़ती प्रवृत्ति को दिखाती हैं। छोटे देश एक शक्ति के साथ एकजुटता दिखा रहे हैं, लेकिन अपने राष्ट्रीय हितों के लिए दूसरे के साथ व्यावहारिक सहयोग करते हैं। इसी कारण से, ग्लोबल साउथ के देशों में क्षेत्रीय शक्ति समूहों का आकर्षण बढ़ रहा है। उदाहरण के लिए, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) हाल के वर्षों में यूरेशिया में एक मजबूत और बड़ा समूह बन गया है।

ट्रंप का ध्यान 'अमेरिका को फिर से महान' बनाने पर है, जिससे अमेरिका पर उदारवादी नेतृत्व का बोझ कम हो गया है। बहुध्रुवीय दुनिया उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का अंत नहीं हो सकता, लेकिन यह उदारवादी शासन का एक नया रूप हो सकता है। यह कितना उदारवादी होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रत्येक क्षेत्रीय शक्ति इसे किस ओर ले जाती है।

**(लेखक ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं)**

# मां कुपोषित होगी तो बच्चे को नहीं मिलेगा उसके हक का दूध

स्तनपान सप्ताह

**बलवंत जैन**



> एक नवजात बच्चे के लिए मां का दूध अमृत है, लेकिन क्या आपने सोचा है कि जो मां स्तनपान कराती है अगर वह खुद स्वस्थ ना हो, तो उसके लिए स्तनपान कराना कितना सुरक्षित होगा। यह सवाल इसलिए क्योंकि भारत में 57फीसदी महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं। यह स्थिति यह बताती है कि ये महिलाएं गंभीर रूप से कुपोषण की शिकार हैं।

मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार है। अभी तक किसी भी वैज्ञानिक शोध में यह बात साबित नहीं हुई है कि मां का दूध किसी भी तरह से बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है, विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरुआत में यह बात मजबूती से इसलिए कही जा रही है ताकि हर शिशु को उसके हक का दूध मिले, ताकि उसके शरीर और दिमाग का संपूर्ण विकास हो। मां का दूध बच्चे के शरीर का तो विकास करता ही है उसे कई बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी प्रदान करता है। एक नवजात बच्चे के लिए मां का दूध अमृत है, लेकिन क्या आपने सोचा है कि जो मां स्तनपान कराती है अगर वह खुद स्वस्थ ना हो, तो उसके लिए स्तनपान कराना कितना सुरक्षित होगा। यह सवाल इसलिए क्योंकि भारत में 57फीसदी महिलाएं एनीमिया की शिकार हैं। वहीं एनएफएचएस-5 के एक आंकड़ों के अनुसार देश में 15-49 साल की लगभग 19फीसदी महिलाओं का बीएमआई 18.5 किलोग्राम से कम है। बीएमआई की यह स्थिति यह बताती है कि ये महिलाएं गंभीर रूप से कुपोषण की शिकार हैं। इस स्थिति में अगर वे मां बनती हैं और अपने शिशु को स्तनपान कराती हैं, तो उनके स्वास्थ्य पर और भी बुरा असर पड़ सकता है। स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2025 में विश्व स्तनपान दिवस का थीम रखा गया है-स्तनपान को प्राथमिकता दें, स्थायी सहायता प्रणालियां बनाएं। इसका आशय यह है कि जितना जरूरी है स्तनपान कराना, उतना ही जरूरी है स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा। ऐसा इसलिए कि अगर स्तनपान कराने वाली महिला स्वस्थ नहीं होगी, तो स्तनपान कराने से उसके स्वास्थ्य पर गंभीर असर होगा। ऐसी महिलाओं में एनीमिया, कमजोर रोग प्रतिरक्षा, मानसिक व शारीरिक समस्याएं अधिक होती हैं, इसलिए मां के लिए आत्म-सुरक्षा और पोषण की कमी को दूर करना बहुत जरूरी है।

## मां के कुपोषित होने से लैक्टेशन फेल्योर की समस्या

एक मां का आहार बहुत ही संतुलित होना चाहिए, यही वजह है कि गर्भवती महिला के भोजन पर डॉक्टर बहुत ध्यान देते हैं। पौष्टिक आहार के जरिए ही एक महिला गर्भावस्था के दौरान स्वस्थ रह सकती है और बच्चे के जन्म के बाद उसे संपूर्ण आहार के रूप में अपना दूध पिला सकती है। अगर मां कुपोषित होगी, उसे एनीमिया होगा, जो कि अपने देश में बहुत ज्यादा देखने को मिलता है तो संभव है कि बच्चे के जन्म के बाद उसके स्तन में दूध ना उतरे। हालांकि ऐसा बहुत कम होता है, लेकिन यह स्थिति भी बनती है। स्त्री रोग विशेषज्ञ और डॉ रूपाश्री पुरुषोत्तम बताती हैं कि अगर कोई स्त्री गंभीर रूप से एनीमिया की शिकार है और कुपोषित है तो संभव है कि वह लैक्टेशन फेल्योर की शिकार हो जाए। इस स्थिति में महिला के शरीर में दूध नहीं उतरता है। विगत कुछ वर्षों में ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मां का दूध बच्चे के लिए सर्वोत्तम है, इसलिए बच्चे को दूध की कमी ना हो इस स्थिति से बचने के लिए यह जरूरी है कि मां को प्रोपर डाइट मिले। उसके खाने में भोजन के तमाम पौष्टिक तत्व मौजूद होने चाहिए। डॉ रूपाश्री कहती हैं कि यहां गौर करने वाली बात यह है कि अगर कोई औरत एनेमिक होने के बाद भी स्तनपान करा रही है, तो अन्य कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें थकान, कमजोरी चक्कर आना जैसी समस्या हो सकती है। साथ ही ऐसी महिलाओं में प्रसव के बाद यूटरस आसानी से अपनी सामान्य स्थिति में नहीं लौट पाता है और उसमें संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। इसकी वजह यह होती है कि कुपोषित महिलाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है।

## मां के कुपोषित होने से कम नहीं होते हैं दूध के पोषक तत्व

वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि कुपोषित मां भी स्तनपान करा सकती हैं, उनके कुपोषण का असर उनके दूध पर नहीं पड़ता है, लेकिन यदि मां गंभीर रूप से कुपोषित है, तो दूध की मात्रा और उसमें मौजूद कुछ पोषक तत्वों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि मां दूध के प्रमुख पोषक तत्व प्रोटीन, वसा और लैक्टोज (शुगर) इनपर मां के कुपोषित होने का कोई असर नहीं पड़ता है। माता के कुपोषित होने के बावजूद उसके दूध में प्रोटीन, लैक्टोज और वसा का स्तर लगभग स्थिर रहता है, ताकि शिशु को पर्याप्त पोषण मिलता रहे। इन तत्वों का निर्माण मां के शरीर के भंडारण (body reserves) से खींचकर किया जाता है। हालांकि इन तत्वों के अलावा भी मां के दूध में कई विटामिन, मिनरल, एंजाइम, एंटीबॉडीज और हॉर्मोन्स मौजूद होते हैं, जो शिशु की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। अगर महिला कुपोषित होगी तो उसके दूध में इन तत्वों की कमी हो सकती है, इसलिए उसके आहार को बेहतर बनाना बहुत जरूरी है।

प्रसंगवश

# जीवन-व्यवहार में हताश करता सोशल मीडिया

> यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है।

एक हालिया अध्ययन में यूरोपीय आयोग ने चिंता जताई है कि सोशल मीडिया पर अतिसक्रियता से युवा पीढ़ी तनाव व थकान से जूझ रही है। इस संकट को लेकर भारतीय समाजविज्ञानी, चिकित्सक व मीडिया भी लंबे समय से चेतावनी देता रहा है। लेकिन जब कोई मुहिम व अध्ययन पश्चिमी जगत से आता है तो हम उसे विशेष महत्व देने लगते हैं। अब जब यूरोपीय आयोग जेनरेशन जेड को लेकर अपने निष्कर्ष सामने ला रहा है तो भारत में नये सिरे से उसकी चर्चा होने लगी है। विडंबना यह है कि पिछली सदी के अंतिम वर्षों से लेकर इस सदी के पहले दशक में पैदा हुए बच्चों की यह पहली पीढ़ी है, जिसे कम उम्र में ही सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों से रूबरू होने का मौका मिल गया था। यह पीढ़ी पारंपरिक मानकों को चुनौती देकर अपना नया आकाश तलाशने की जद्दोजहद में जुटी रही है। इस पीढ़ी ने परंपरागत जीवन मूल्यों को तिलांजलि देकर अपनी महत्वाकांक्षाओं को अंजाम दिया। साथ ही नये नजरिये की जीवनशैली का अंगीकार किया। यह पीढ़ी डिजिटल युग के साथ कदमताल करती नजर आई। इंटरनेट के विस्तार के साथ वह सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों के साथ सहज दिखी। लेकिन काल्पनिक धरातल पर उगा सोशल मीडिया इस पीढ़ी को यथार्थ से बहुत दूर ले गया। फलतः कठोर यथार्थ से जूझते हुए यह पीढ़ी कल्पना व वास्तविकता के द्वंद्व के चलते तनाव व असहजता के भंवर में जा फंसी। इस बात की पुष्टि यूरोपीय आयोग का अध्ययन भी करता है। आयोग कहता है कि लगातार सोशल मीडिया में सक्रियता के चलते युवाओं में चिंता, मानसिक थकान, कुछ खोने का भय व मोबाइल में चिपके रहने की विसंगतियां सामने आई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के विश्व खुशी सूचकांक रिपोर्ट में भी इन खतरों की तरफ इशारा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि युवा वर्ग सबसे अधिक दुखी है। चौंकाने वाली बात यह थी कि उनमें तनाव व डिप्रेशन की वजह पढ़ाई या कैरियर की चिंता नहीं थी बल्कि इसकी मूल वजह सोशल मीडिया ही था। वास्तव में हमने कोरोना संकट से उबरने के लिये जिस ऑनलाइन व्यवस्था को अस्त्र के रूप में अपनाया था, कालांतर वह ही शस्त्र बनकर युवा पीढ़ी को जख्मी करने लगा। उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के दौरान जब संचार बंदी लागू हुई तो पूरी दुनिया में जनजीवन ठप पड़ गया। जिसके चलते घरों में कैद लोगों को इंटरनेट ही अंतिम सहारा नजर आया। धीरे-धीरे युवाओं का जीवन इंटरनेट पर बहुत ज्यादा आश्रित हो गया। जहां छात्रों की पढ़ाई ऑनलाइन कक्षाओं पर निर्भर हो गई, वहीं मनोरंजन की दुनिया भी मोबाइल आदि तक सिमट कर रह गई। वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिये शिक्षा व कैरियर का दबाव यथावत बना रहा।

रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष व इस्राइल तथा ईरान के बीच हुए संघर्ष ने विश्व विकास की स्वाभाविक गति को बाधित किया, जिसका नकारात्मक प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा। वहीं वैश्विक टकराव के अलावा युवाओं के अपने राष्ट्रों की विषम स्थितियां व जलवायु परिवर्तन के कारकों के चलते रोजगार के सिमटते अवसरों ने भी नई पीढ़ी को हताश किया। ऐसे में यथार्थ से जूझते वक्त युवाओं का हताश व निराश होना स्वाभाविक ही है।

कालांतर में उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हुआ। कुछ देशों ने सोशल मीडिया के नियमन की कोशिश की भी, लेकिन प्रयास सिरे न चढ़ सके। ऐसे में सरकारों को स्क्रीन समय के नियमन के साथ ही सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग शिक्षा तथा रचनात्मक संवाद बढ़ाने के लिये करने की जरूरत है।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य**
**आस्ते मनसा स्मरन्।**
**इन्द्रियार्थान्विमूढात्मा**
**मिथ्याचारः स उच्यते॥**

**भावार्थ**

जो मूढ़ बुद्धि मनुष्य समस्त इन्द्रियों को हठपूर्वक ऊपर से रोककर मन से उन इन्द्रियों के विषयों का चिन्तन करता रहता है, वह मिथ्याचारी कहा जाता है।

जीवन दर्शन

# विद्वत्ता को नष्ट कर देता है घमण्ड

महाकवि कालिदास की विद्वत्ता को एक साधारण स्त्री ने चुनौती दी और उन्हें जीवन का सबक सिखा दिया। एक प्रेरक प्रसंग...

कालिदास बोले- माते पानी पिला दीजिए बड़ा पुण्य होगा।

**स्त्री बोली-** बेटा मैं तुम्हें जानती नहीं। अपना परिचय दो। मैं अवश्य पानी पिला दूंगी।

कालिदास ने कहा - मैं पथिक हूँ, कृपया पानी पिला दें।

**स्त्री बोली-** तुम पथिक कैसे हो सकते हो, पथिक तो केवल दो ही हैं सूर्य व चन्द्रमा, जो कभी रुकते नहीं हमेशा चलते रहते। तुम इनमें से कौन हो सत्य बताओ।

**कालिदास ने कहा -** मैं मेहमान हूँ, कृपया पानी पिला दें।

**स्त्री बोली-** तुम मेहमान कैसे हो सकते हो ? संसार में दो ही मेहमान हैं। पहला धन और दूसरा यौवन। इन्हें जाने में समय नहीं लगता। सत्य बताओ कौन हो तुम ?

(अब तक के सारे तर्क से पराजित हताश तो हो ही चुके थे)

**कालिदास बोले -** मैं सहनशील हूं। अब आप पानी पिला दें। स्त्री ने कहा - नहीं, सहनशील तो दो ही हैं। पहली, धरती जो पापी-पुण्यात्मा सबका बोझ सहती है। उसकी छाती चीरकर बीज बो देने से भी अनाज के भंडार देती है, दूसरे पेड़ जिनको पत्थर मारो फिर भी मीठे फल देते हैं। तुम सहनशील नहीं। सच बताओ तुम कौन हो ?

(कालिदास लगभग मूर्च्छा की स्थिति में आ गए और तर्क-वितर्क से झल्ला उठे)

कालिदास बोले - मैं हठी हूँ ।

**स्त्री बोली-** फिर असत्य। हठी तो दो ही हैं- पहला नख और दूसरे केश, कितना भी काटो बार-बार निकल आते हैं। सत्य कहें ब्राह्मण कौन हैं आप ?

(पूरी तरह अपमानित और पराजित हो चुके थे)

कालिदास ने कहा - फिर तो मैं मूर्ख ही हूँ ।

**स्त्री बोली-** नहीं तुम मूर्ख कैसे हो सकते हो। मूर्ख दो ही हैं। पहला राजा जो बिना योग्यता के भी सब पर शासन करता है, और दूसरा दरबारी पंडित जो राजा को प्रसन्न करने के लिए ग़लत बात पर भी तर्क करके उसको सही सिद्ध करने की चेष्टा करता है।

(कुछ बोल न सकने की स्थिति में कालिदास वृद्धा के पैर पर गिर पड़े और पानी की याचना में गिड़गिड़ाने लगे)

**स्त्री ने कहा -** उठो वत्स ! (आवाज़ सुनकर कालिदास ने ऊपर देखा तो साक्षात माता सरस्वती वहां खड़ी थी, कालिदास पुनः नतमस्तक हो गए)

**स्त्री ने कहा -** शिक्षा से ज्ञान आता है न कि अहंकार । तूने शिक्षा के बल पर प्राप्त मान और प्रतिष्ठा को ही अपनी उपलब्धि मान लिया और अहंकार कर बैठे इसलिए मुझे तुम्हारे चक्षु खोलने के लिए ये स्वांग करना पड़ा। कालिदास को अपनी गलती समझ में आ गई और भरपेट पानी पीकर वे आगे चल पड़े।

**शिक्षा-** विद्वत्ता पर कभी घमण्ड न करें, यही घमण्ड विद्वत्ता को नष्ट कर देता है।

दो चीजों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। अन्न के कण को और आनंद के क्षण को।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवा आतंक कहने वालों के मुंह पर तमाचा है ये फैसला : प्रज्ञा

**विसं भोपाल।** पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर का रविवार को भोपाल में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने न्यायालय के फैसले को लेकर कहा कि यह भगवा आतंक कहने वालों के मुंह पर तमाचा है। मालेगांव बम विस्फोट मामले में विशेष अदालत के फैसले के बाद भोपाल पहुंचने पर राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया। यहां पर प्रज्ञा ने पत्रकारों से कहा कि हमारे शास्त्रों में लिखा है सत्यमेव जयते आज वह सिद्ध हुआ। जो लोग भगवा आतंककी बात करते थे, उन्हें समाज और देश ने करारा जवाब दिया है।कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मालाओं, ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ भव्य स्वागत किया। समर्थकों ने इस फैसले को न्याय की जीत करार दिया और भगवा झंडे लहराते हुए नारेबाज़ी की।



### प्रदेश का स्वास्थ्य ढांचा सुधारने वन स्टेट वन हेल्थ इमरजेंसी का प्लान


**भोपाल।** मप्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुधारने एम्स भोपाल की ओर से प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान को राज्य सरकार को सौंप दिया गया है। एम्स भोपाल 'वन स्टेट, वन हेल्थ इमरजेंसी मेडिसिन' पहल के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका उद्देश्य मप्र के सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को एक समान बनाना है। यह पहल सुनिश्चित करती है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली आपातकालीन देखभाल प्राप्त हो सके। यह प्लान उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप उपचार प्रोटोकॉल को मानकीकृत कर आपातकालीन सेवाओं में एकरूपता लाता है और स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता को कम करता है। इसके अंतर्गत, एम्स भोपाल ने एक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्यकर्मियों और चिकित्सा छात्रों को वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया है। इस अभ्यास का उद्देश्य संकट की घड़ी में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करना था। वन स्टेट, वन हेल्थ इमरजेंसी मेडिसिन पहल का उद्घाटन पिछले वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा किया गया था। इस पहल का महत्व बताते हुए एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हर नागरिक तक विश्वस्तरीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा पहुंचाना हमारा मिशन है। एक समान प्रोटोकॉल अपनाकर हम जीवन रक्षक प्रयासों को प्रभावी बना सकते हैं और क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं की असमानता को कम कर सकते हैं। 'वन स्टेट, वन हेल्थ इमरजेंसी मेडिसिन' राज्यभर में स्वास्थ्य प्रणाली को एकीकृत और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे देखभाल के परिणामों में सुधार होगा और मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों को समान रूप से लाभ मिलेगा।

### अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**विसं, भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रविवार को सागर में सुभाष नगर वार्ड के तुलसीनगर मल्लपुरा मोहल्ले में डॉ. अंबेडकर विधान चौक का लोकार्पण एवं भारत रत्न, संविधान निर्माता, महान शिक्षाविद डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि यह पहली बार है जब हम वार्ड या मोहल्ले में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कर रहे हैं। इससे पहले चौक चौराहों पर ही प्रतिमा अनावरण किया है। बच्चे और युवा डॉ. भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलकर उनसे प्रेरणा लेकर समाज के साथ वार्ड, शहर और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# महाकाल की तर्ज पर मणिमहेश रूप में भक्तों से मिलने शाही सवारी पर निकले भोलेनाथ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मां अंबे सरकार जनता कॉलोनी में प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी सावन मास की नवमी तिथि रविवार को विशाल पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया। कथावाचक शशांक शेखर महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने शिव पंचाक्षरी मंत्र के साथ श्रद्धापूर्वक पार्थिव शिवलिंग एवं रूद्री का निर्माण किया। इस दौरान शशांक शेखर महाराज ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण के प्रताप का वर्णन कर उसके पुण्य फल प्राप्ति के बारे में बताया। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक कर मनमोहक रूप में श्रृंगार किया गया। महाकाल रूपी शिवलिंग का षोडशोपचार विधि से पूजन के बाद महाआरती की गई। भक्तों ने बड़े ही भाव से भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद बाबा महाकाल की तर्ज पर मणिमहेश रूप में पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। समिति के डमरू दल ने बाबा के मनमोहक सवारी को और भी आकर्षक बना दिया, जिसकी धुन में मगन हो नगरवासियों ने गाजे-बाजे के साथ बम भोले के जयकारे लगाए। भ्रमण के पाश्चात संकटमोचन हनुमान मंदिर में बनाए गए। कृत्रिम कुंड में पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन किया गया।





### गर्भग्रह में बने नील सरोवर में नौका विहार करेंगे बटेश्वर

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को फूल-पत्तियों का बगीचा बनाकर बाबा बटेश्वर को नील सरोवर में नौका-विहार कराया जाएगा। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातःकाल श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक, विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटी एवं अन्य द्रव्यों से बाबा बटेश्वर का अभिषेक के बाद पूजा आरती होगी। सांयकाल पूरे मंदिर को बगीचे के रूप में सजाया जाएगा। गर्भग्रह को नीलसरोवर का रूप देकर माता गोरा व बाबा बटेश्वर को नाव में विराजमान कर नौका विहार कराया जाएगा।

# जांच में खुलासा: पंचायतों ने किया दोहरा भुगतान, खर्च राशि का हिसाब भी नहीं

## तथाकथित अफसरों की वजह से योजनाओं में लगातार हो रहा भ्रष्टाचार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार और नेता भले ही यह कहें कि देश का विकास गांवों से होकर जाता है और उसके विकास के लिए तमाम योजनाओं पर फोकस किया जा रहा है। हकीकत यह है कि तथाकथित अफसरों की वजह से सरकार के प्रयास परिणाममूलक नहीं बन पा रहे हैं। योजनाओं में लगातार भ्रष्टाचार और गड़बड़ियां हो रही हैं। ऐसा ही एक खुलासा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा रिपोर्ट में हुआ है, जिसमें कहा गया है कि पंचायतों द्वारा जहां दोहरा, अनियिमित और अधिक भुगतान किया गया है, तो खर्च किए गए 250 करोड़ की राशि का हिसाब भी नहीं रखा गया। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा रिपोर्ट की मानें तो प्रदेश की पंचायतों द्वारा 14 करोड़ 43 लाख 62 हजार 722 रुपए का अनियमित भुगतान किया गया है। इसी तरह पंचायतों द्वारा विभिन्न प्रकरणों में निर्धारित सीमा से 60,29,292 रुपए का अधिक भुगतान किया गया है। इतना ही नहीं कुछ पंचायतों द्वारा 16 लाख 74 हजार 286 रुपए का दोहरा भुगतान भी किया गया है। इस पर कैग ने आपत्ति जताते हुए अपनी अनुशंसा की है। रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया है कि पंचायतों द्वारा 250 करोड़ की खर्च की गई राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं रखा है। जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि जिला और जनपद पंचायतों ने बजट की स्वीकृति लिए बिना ही पंचायतों द्वारा उक्त राशि खर्च कर डाली। लोकल आडिट फंड ने 125 करोड़ के भुगतान में अनियमितता होने की बात करते हुए सरकार से पूरे मामले की जांच कराने को कहा है।

### इन जिलों में अनियमितता आईं सामने

रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश के टीकमगढ़, सागर, दमोह, विदिशा, बड़वानी, सिवनी, ग्वालियर, मुरैना, उज्जैन, सीधी और खरगौन जिले के जिला पंचायतों के अकाउंट्स की जांच की थी। इसमें सामने आया कि इन पंचायतों में 125 करोड़ का अनियमित भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायतों ने 70 करोड़ की राशि ऐसे स्थानों पर खर्च कर दी, जिसकी कोई आवश्यकता ही नहीं थी। इस मामले में सबसे अहम बात तो यह थी कि उक्त राशि का अधिकारियों द्वारा भुगतान तो कर दिया गया, लेकिन उनके बिल ही प्रस्तुत नहीं किए गए। इस तरह 34 करोड़ की राशि के खर्चों के बिल के भुगतान ही नहीं हैं। रिपोर्ट में 16 करोड़ के लेन-देन में गड़बड़ी की आशंका होने की बात कही गई है। स्थानीय निधि संपरीक्षा की जांच रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि पंचायतों द्वारा राशि की वसूली पर ध्यान दिया जा रहा है। पंचायतों द्वारा तालाबों से लीज, दुकानों से किराया, मछली पालन, मेलों के अलावा साफ-सफाई आदि के रूप में टैक्स की वसूली की जा रही है , लेकिन बकाया राजस्व की वसूली पर उनका कोई ध्यान नहीं है.जबकि सरकार कई बार पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, तो उन्हें विभिन्न योजनाओं के जरिए अपने पैर पर खड़े होने का रास्ता भी बता रही है।





फाइल फोटो

### नियम के बाद भी करों की नहीं की गई कटौती

लोकल आडिट फंड की रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र और राज्य शासन द्वारा अधिरोपित करों की कटौती नहीं किए जाने से 42 लाख 19 हजार 188 के शासकीय राजस्व का नुकसान हुआ है। दरअसल केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न करों को प्रभावशील किया है,जिसके तरह विभिन्न प्रकार के भुगतान करते समय देयकों से निर्धारित दर से स्रोत पर कटौती करने का नियम है। इसमें आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194 के अनुसार व्यवसायी-ठेकेदार को एक मुश्त भुगतान करने पर 30 हजार या वार्षिक 75 हजार के भुगतान देयकों से 2 प्रतिशत आयकर राशि (टीडीएस) के रुप में कटौती की जानी चाहिए। लेकिन वर्ष 2020-21 में संबंधित पंचायतों द्वारा करो की कटौती नहीं की गई। इतना ही नहीं कुछ जनपद पंचायतों द्वारा श्रमिक कर्मकार कल्याण उपकर की कटौती तो की गई,लेकिन उसे कर्मकार मंडल को प्रेषित नहीं की गई।

# पूर्व स्पीकर गुलशेर अहमद को विधानसभा में किया गया याद



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नवाचार के तहत रविवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. गुलशेर अहमद को याद किया गया। इस मौके पर पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्पीकर नरेन्द्र सिंह तोमर सहित दूसरे जनप्रतिनिधियों ने स्व. अहमद के जीवन पर प्रकाश डाला। विधानसभा के सेंट्रल हाल में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पंचम विधानसभा के अध्यक्ष स्व. गुलशेर अहमद की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, स्व.अहमद के पुत्र एवं पूर्व मंत्री सईद अहमद, विधायक एवं पूर्व विधान सभा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिंह, स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी, विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह एवं सचिव अरविंद शर्मा के साथ बड़ी संख्या में विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### जनता से जुड़े नेता थे गुलशेर अहमदः तोमर

मीडिया से चर्चा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि गुलशेर अहमद मध्यप्रदेश की पंचम विधानसभा के अध्यक्ष थे। वे शरीर से आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से सदैव हमारे साथ हैं। उनकी जयंती पर हमें उनसे प्रेरणा लेना चाहिए। गुलशेर अहमद विद्वान और जनता से जुड़े हुए नेता थे। तोमर ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जयंती पर विधानसभा में उनके पुण्य स्मरण की श्रृंखला प्रारंभ हुई है। सभी के सहयोग से हम अपने उद्देश्य में सफल होंगे।

# वरिष्ठ नेताओं ने फंसाया पेंच, कांग्रेस अब तक नहीं बना सकी जिलाध्यक्ष

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 31 जुलाई तक सभी जिलों के संगठन अध्यक्ष नियुक्त होने का दावा किया था, किन्तु अब तक नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सूत्रों की मानें तो वरिष्ठ नेताओं की असहमति ने कई जिलों के अध्यक्षों के नामों पर पेंच फंसा दिया है, जिससे नियुक्तियां टल रही हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर के पर्यवेक्षक भेजकर जिलाध्यक्षों को चुनने के लिए पैनल तैयार कराया था। पांच-पांच नामों का पैनल पर्यवेक्षकों द्वारा केन्द्रीय नेतृत्व को सौंपा गया है। इनमें से दो -दो नाम प्रत्येक जिलें के लिए तय किए जाएंगे,जिन्हें साक्षात्कार के लिए दिल्ली बुलाया जाएगा। इसे लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के कई बार बयान आ चुके है,जिसमें उनके द्वारा दावा किया जाता रहा है कि जल्द ही नियुक्तियां कर दी जाएंगी। पटवारी ने तो जुलाई माह के अंत तक सभी जिलों में संगठन के अध्यक्ष तय करने की बात कही है, किन्तु अगस्त माह का पहला सप्ताह भी निकल गया है, लेकिन अब तक न तो साक्षात्कार के लिए चयनित कार्यकर्ताओं को दिल्ली बुलाया गया है और न ही इस पदों पर किसी भी जिले में नियुक्ति की गई है।



### संसद सत्र की वजह से देरी

जानकारों का कहना है कि संसद का पावस सत्र होने की वजह से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व व्यस्त है, जिसकी वजह से जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं हो सकी है, जिससे नियुक्तियों में देरी हो रही है। कहा जा रहा है कि नए जिलाध्यक्षों को चुनने के लिए निर्णयकर्ताओं द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है और जल्द ही अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

### प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से ली गई है सहमति

सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के कुछ वरिष्ठ नेताओं से पार्टी नेतृत्व ने उनके क्षेत्रों से जिलाध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे है। जिन्हें लेकर उनके दिल्ली ने चर्चा भी कर ली है और नामों को लेकर सहमति भी बना ली है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि कुछ जिलों के संभावित जिलाध्यक्षों के नाम पर कुछ वरिष्ठ नेताओं ने असहमति जताई है,जिसकी वजह से सूची जारी होने की देरी हो रही है।

### विधानसभा सत्र के बीच कांग्रेस का होगा प्रदर्शन

विधानसभा सत्र के दौरान ही कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग भोपाल में 6 अगस्त को सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है, जिसमें प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं को भोपाल बुलाया गया है। सम्मेलन में अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम मौजूद रहेंगे।

### विद्यार्थी दस तक यूजी व पीजी में होंगे प्रमोट

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने यूजी में द्वितीय, तृतीय और यूजी चतुर्थ वर्ष और पीजी तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश नवीनीकरण के लिए प्रवेश नियम जारी कर दिए हैं। निजी और सरकारी कॉलेजों के विद्यार्थियों को 10 अगस्त तक अगली कक्षा में प्रमोट किया जाएगा। विवि ने संबंधित कक्षा का रिजल्ट जारी नहीं किया है, तो रिजल्ट जारी होने के बाद 15 दिन के अंदर छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट करना होगा। नई शिक्षा नीति (एनईपी) में हुए परिवर्तन के तहत अब केवल मेजर विषय में अध्ययनरत विद्यार्थी ही चौथे वर्ष में प्रवेश के पात्र होंगे। इसके साथ ही जो विद्यार्थी आनर्स विथ रिसर्च स्ट्रीम चुनना चाहते हैं, उनके लिए न्यूनतम 7.5 सीजीपीए आवश्यक किया गया है। एनईपी के तहत अब यूजी कोर्स चार वर्षीय हो गया है। चौथे वर्ष में दो विकल्प होंगे। आनर्स और आनर्स विथ रिसर्च। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी तृतीय वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थी आनर्स में प्रवेश ले सकेंगे, लेकिन आनर्स विथ रिसर्च में केवल वही छात्र प्रवेश के पात्र होंगे जिनका तीसरे वर्ष तक का सीजीपी 7.5 या उससे अधिक रहा हो।

## प्रदेश के 260 स्कूल हुए सांदीपनि विद्यालयों में मर्ज

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश में शैक्षणिक ढांचे को सशक्त बनाने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेशभर के 260 से अधिक स्कूलों को संदीपनि विद्यालयों में मर्ज कर दिया है। डीपीआई द्वारा इसकी आधिकारिक सूची भी जारी कर दी गई है, जिसके तहत स्कूलों को 27 नए संदीपनि विद्यालयों में मिलाया है। इस प्रक्रिया से राज्य के 25 हजार से अधिक छात्र प्रभावित होंगे। इन छात्रों का नामांकन अब पुराने स्कूल से हटाकर संबंधित संदीपनि विद्यालय में किया जाएगा। भोपाल में स्थित एक संदीपनि विद्यालय में 13 स्कूलों के 1130 छात्रों का प्रवेश कराया जाएगा, जिससे स्कूल प्रबंधन असमंजस में है। स्कूलों के मर्ज करने का मुख्य कारण यह है कि कई स्कूल भवन जर्जर हैं। इनकी खराब स्थिति से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और उन्हें सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में, प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि खराब भवनों वाले स्कूलों को पास के अन्य स्कूलों में मर्ज कर दिया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं, संसाधन और सुरक्षित माहौल मिल सके।

**बालाघाट सबसे ज्यादा प्रभावित:** स्कूल मर्जर योजना के तहत मध्य प्रदेश का सबसे अधिक प्रभावित जिला बालाघाट है, जहां 62 स्कूलों को केवल तीन संदीपनि विद्यालयों में मिलाया जा रहा है। इसके अलावा मंदसौर जिले में 36, नीमच में 25, छतरपुर में 23, ग्वालियर में 19, निवाड़ी और बैतूल में 18-18, सीहोर में 13, मुरैना में 10 और उज्जैन में आठ स्कूलों को इस योजना में शामिल किया गया है।

#### राजधानी में ये 13 स्कूल कमला नेहरू में मर्ज

| स्कूल का नाम | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| शासकीय माध्यमिक स्कूल दीपशिखा | 195 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल प्रेमपुरा | 10 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल रोशनपुरा | 56 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल हर्षवर्धन नगर | 93 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल आंबेडकर नगर | 20 |
| शासकीय माध्यमिक स्कूल एमएसिटी | 118 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल पत्रकार भवन | 18 |
| शासकीय माध्यमिक गांधी बाल मंदिर | 86 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल पुलिस लाइन | 13 |
| शासकीय माध्यमिक स्कूल भीमनगर | 245 |
| शासकीय माध्यमिक स्कूल राजभवन | 155 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल नया बसेरा | 104 |
| शासकीय प्राथमिक स्कूल बरखेड़ी कला | 17 |

# सुगम परिवहन सेवा के लिए प्रदेश में जल्द दौड़ेंगी बसें

## सात सहायक कंपनियां गठित, मेट्रो के साथ बस सेवा को दिखाई जा सकती है हरी झंडी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सुगम परिवहन सेवा की बसें जल्द ही सड़कों पर नजर आएंगी। शासन स्तर पर तैयारी लगभग पूरी हो गई है। ऐसा माना जा रहा है कि भोपाल मेट्रो के संचालन के साथ प्रधानमंत्री सुगम परिवहन सेवा को भी हरी झंडी दिखा सकते हैं। नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा को मूर्त रूप देने परिवहन विभाग द्वारा अंतिम प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में राज्य स्तरीय कम्पनी के साथ 7 सहायक कंपनियां गठित की गई हैं। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को राज्य शासन द्वारा अप्रैल 2025 में स्वीकृति दी जा चुकी है। प्रदेश में राज्य स्तरीय कंपनी मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड कंपनी का गठन रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी एक्ट में 3 जुलाई 2025 को पंजीयन के साथ हो गया है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे। परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। राज्य स्तरीय कंपनी के अधीन राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार 7 सहायक कंपनी सम्पूर्ण प्रदेश में रहेंगी। वर्तमान में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा और ग्वालियर में कार्य कर रही सिटी बस कंपनी के शेयर होल्डिंग में परिवर्तन करते हुए इन सातों शहरों की नवगठित कंपनिया बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत सभी संभागों में वैज्ञानिक पद्धति से ट्रैफिक सर्वे करते हुए नये सिरे से नवीन बस रूट निर्धारण और इन रूट्स पर बस फ्रिक्वेंसी के निर्धारण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस क्रम में उज्जैन एवं इंदौर संभाग का ट्रैफिक सर्वे और रूट निर्धारण का कार्य अंतिम चरण में है। जबलपुर एवं सागर संभाग में सर्वे कार्य जारी है। इसके बाद भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर तथा चंबल संभाग के रूट्स सर्वेक्षण का कार्य भी किया जाएगा।

### हर जिले में बनेंगे बस डिपो

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में वर्तमान निजी बस ऑपरेटर्स को पारदर्शी प्रक्रिया के साथ शासन नियंत्रित बस कंपनी द्वारा अनुबंधित कर कंपनी के सुपरविजन में बस संचालित होंगी। इस योजना में प्रत्येक जिले में बस डिपो, अत्याधुनिक बस स्टेंड और बस स्टॉप का निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशीप) मॉडल में किया जाएगा। उज्जैन एवं इंदौर रूट सर्वे कार्य अंतिम चरण होने से इन बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिलेवार बस ऑपरेटर्स से सलाह कर रूट निर्धारण के संबंध में आवश्यक सलाह मशविरा कर सकेंगे। प्रदेश की 7 क्षेत्रीय सहायक कम्पनी अपनी क्षेत्राधिकार के जिलों में सिटी बस सेवा और अंतरशहरी बस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। प्रदेश में लम्बे समय से शहरी और अंतरशहरी बस सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन बस सेवाओं में इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और किफायती दर पर निर्धारित समय पर बस सेवा उपलब्ध हो सकें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### अविस्मरणीय! ओवल फतह...

यहीं पर मोहम्मद सिराज ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। दबाव की इस घड़ी में उन्होंने अपने करियर का एक सर्वश्रेष्ठ स्पेल डाला। उन्होंने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और स्विंग से इंग्लिश बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। सिराज ने एक-एक कर तीन विकेट झटके और इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अंत में, उन्होंने गस एटकिंसन को बोल्ड कर न केवल पारी में अपना पांचवां विकेट हासिल किया, बल्कि भारत को 6 रनों से एक ऐसी रोमांचक जीत दिलाई, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। यह जीत सिर्फ एक मैच की जीत नहीं थी, बल्कि यह भारतीय टीम के उस जज्बे, साहस और कभी हार न मानने वाली मानसिकता का प्रतीक थी, जिसने पूरी शृंखला में उनका साथ दिया। सिराज को उनके मैच विजयी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और इसी के साथ यह यादगार शृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई।

### आदिवासियों के पट्टे ...

यह गलत है। आदिवासी अपने-आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। चर्चा में विधायक सोहनलाल वाल्मीकि, अभय मिश्रा, नारायण सिंह पट्टा, झूमा सोलंकी और फूल सिंह बरैया ने भाग लेते हुए सरकार पर कई तरह के आरोप लगाए।

**मंत्री प्रहलाद पटेल ने संभाला मोर्चा:** चर्चा के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कांग्रेस विधायकों के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, पेसा एक्ट की लगातार मॉनिटरिंग होती है। राज्यपाल स्वयं इसे लेकर सक्रिय हैं। ग्राम सभा को वित्तीय अधिकार भी हैं, जिनके फैसले वह ले सकती है। पेसा एक्ट में जो भी और कमियां हैं, उन्हें लगातार हम संशोधित कर दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

### खाद के लिए लगी लंबी...

में खाद व फर्टिलाइजर की कोई कमी नहीं है। हमारे पास 14 लाख मीट्रिक टन यूरिया था। इसमें से 12 लाख टन किसानों को उपलब्ध कराने के बाद अभी भी दो लाख मीट्रिक टन स्टॉक में है। 10 लाख मीट्रिक टन में से 7 लाख मीट्रिक टन डीएपी किसानों को बांटा गया है। तीन लाख मीट्रिक टन डीएपी अभी भी उपलब्ध है। प्रदेश में कहीं कोई दिक्कत नहीं है। यह प्रश्न भाजपा के ही संजय सत्येंद्र पाठक का था, मगर वे अनुपस्थित थे। कांग्रेस के संदीप जायसवाल ने सदन में प्रश्न किए। मूल प्रश्नकर्ता ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों की बजाय निजी क्षेत्र को यूरिया, डीएपी, ग्रोमोर, सुपर फास्फेट सहित अन्य फर्टिलाइजर पहले भेज दिए गए। निजी विक्रेताओं के बाद बचा हुआ खाद किसानों को बांटने के लिए सहकारी समितियों को दिया गया। विभागीय मंत्री ने सारे आरोपों को नकारते हुए प्रश्न पूछ रहे कांग्रेस विधायक से कहाकि आपकी गलत जानकारी देने की आदत पड़ गई है। किस जिले और तहसील में खाद की जरूरत है, बता दें। सरकार तत्काल पहुंचा देगी।

**दुकानों के आगे लंबी लाइन, सड़क पर चक्काजाम :** दूसरी तरफ किसानों ने यूरिया और डीएपी न मिलने से नाराजगी जताते हुए बैतूल, जबलपुर, दमोह जिले में हंगामा कर दिया। टोकन मिलने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है। कहीं स्टॉक खाली बताया जा रहा है तो कहीं छोटे-बड़े किसानों के बीच अंतर किया जा रहा है। जबलपुर के पाटन, शहपुरा, कटंगी में लंबे समय से खाद और यूरिया का संकट बना हुआ है। किसान लगातार परेशान हो रहे हैं। खाद बांटने के लिए कलेक्टर ने टोकन सिस्टम लागू किया है। मगर सोमवार को टोकन मिलने पर किसान डबल लॉक सेंटर पहुंचे तो पता चला कि यूरिया खत्म हो गई। इससे नाराज किसानों ने हंगामा कर जबलपुर-दमोह मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। किसानों को कहना है कि टोकन कटने के बाद भी डबल लॉक सेंटर में यूरिया और खाद नहीं दी जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी यूरिया को ब्लैक कर रहे हैं। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और नाराज किसानों को समझाइश दी। करीब एक घंटे बाद एसडीएम अपनी टीम के साथ गुरू पिपरिया डबल लॉक सेंटर पहुंचे और किसानों को समझाकर चक्काजाम खत्म कराया। एसडीएम ने भी और केंद्र खोलने की जरूरत मानी है।

**बैतूल: सुबह 5 बजे से लगाई लाइन, फिर भी नहीं मिली यूरिया**

सुबह 5 बजे से लाइन लगाने के बाद भी बैतूल के हमलापुर डिपो और एमपी एग्रो आफिस में यूरिया न मिलने से किसानों ने हंगामा कर दिया। किसानों की परेशानी यह थी कि टोकन मिलने के बाद भी यूरिया नहीं बांटी जा रही थी। वहीं नए टोकन बंटने से किसानों में अफरातफरी मच गई। हंगामा इतना बढ़ा कि पुलिस बुलाकर खाद बांटी गई। एक किसान को केवल दो बोरी ही खाद दी गई। इससे किसान नाराज हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएस: खलिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की मौत



**वॉशिंगटन डीसी।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में खालिस्तान रेफरेंडम का खुलकर विरोध कर रहे थे।

### अमेरिका में 4 भारतीयों की कार हादसे में मौत



**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका में सड़क यात्रा के दौरान लापता हुए भारतीय मूल के परिवार के चार सीनियर सिटीजन रविवार को मृत पाए गए हैं। मार्शल काउंटी शेरिफ कार्यालय ने सभी वरिष्ठ नागरिकों के कार हादसे में मारे जाने की पुष्टि की है। मृत पाए गए सभी लोगों की उम्र 80 साल से अधिक है। उनका वाहन, एक हल्का हरा टोयोटा कैमरी, एक खड़ी ढलान पर क्षतिग्रस्त हालत में मिला था। ये इलाका बेहद दुर्गम था, जिसकी वजह से बचाव दल को दुर्घटना स्थल तक पहुंचने में पांच घंटे से से ज्यादा का वक्त लगा।

शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ीं

### मानवता के विरुद्ध अपराध मामले में सुनवाई शुरू



**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की दिक्कतें और बढ़ गई हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपों में गैर-मौजूदगी में मुकदमे की सुनवाई शुरू कर दी। यह मामला 2024 में छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों के दमन से जुड़ा है। अंतरिम सरकार द्वारा नियुक्त मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में शेख हसीना को सभी अपराधों की केंद्रबिंदु बताया और उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा की मांग की।

## रूस के क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में विस्फोट





**व्लादिवोस्तोक, जेएनएन।** रूस के पूर्वी कामचटका प्रायद्वीप पर स्थित क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी इतिहास में पहली बार फटा है, स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल (केवीईआरटी) ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि विस्फोट रविवार को स्थानीय समयानुसार 2.50 बजे (शनिवार को 16.50 जीएमटी) शुरू हुआ, जिससे राख का गुबार समुद्र तल से 3-4 किलोमीटर ऊपर तक उठा। अधिकारियों ने बताया कि राख का गुबार पूर्व की ओर प्रशांत महासागर की ओर बढ़ गया है। राख के बादल के रास्ते में कोई भी आबाद बस्तियां नहीं हैं और आबादी वाले इलाकों में राख गिरने की कोई खबर नहीं है। नारंगी रंग की विमानन चेतावनी जारी की गई है। पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से लगभग 200 किलोमीटर उत्तर और क्रोनोट्सकोये झील से 13 किलोमीटर दक्षिण में स्थित, क्रशेनिनिकोव, कामचटका के पूर्वी ज्वालामुखी क्षेत्र का हिस्सा है। इससे पहले, आपातकालीन मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा ने कई अन्य सक्रिय कामचटका ज्वालामुखियों से 6-10 किलोमीटर दूर संभावित राख उत्सर्जन की चेतावनी दी थी।

# इंडिया गठबंधन की सात को डिनर बैठक, बनेगी रणनीति

### एसआईआर और उपराष्ट्रपति चुनाव पर जुटेगा विपक्ष

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडिया गठबंधन के नेताओं की बड़ी बैठक सात अगस्त को बुलाई गई है। इस बैठक में गठबंधन के ज्यादातर प्रमुख चेहरे शामिल होंगे। बैठक के बाद डिनर का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस डिनर बैठक के लिए राहुल गांधी ने सहयोगी दलों के नेताओं को न्यौता दिया है। राहुल के नए सरकारी आवास पांच सुनहरी बाग रोड पर यह डिनर-बैठक हो सकती है। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे वोटरलिस्ट के विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रकिया के खिलाफ़ रणनीति बनाई जाएगी। इस मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन के सांसद मानसून सत्र के पहले दो सप्ताह में रोजाना प्रदर्शन करते आए हैं। आठ अगस्त को विपक्षी सांसद संसद भवन से चुनाव आयोग तक मार्च निकालने की तैयारी कर रहे हैं।



**उपराष्ट्रपति चुनाव : कांग्रेस उतार सकती है उम्मीदवार**

सात अगस्त की बैठक में उप राष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी विपक्षी नेता रणनीति बना सकते हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि विपक्ष अपना उम्मीदवार उतारेगा। हालांकि सत्तापक्ष को चुनाव जीतने में कोई परेशानी नहीं आएगी लोकसभा चुनाव नतीजों के क़रीब साल भर के अंतराल पर इंडिया गठबंधन के नेताओं की पिछली बैठक पिछले महीने उन्नीस जुलाई को हुई थी।

# यूक्रेन के न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला, रेडिएशन का बढ़ा खतरा

### आईएईए डायरेक्टर बोले-प्लांट में धमाके की आवाज, उठता धुआं दिखा

**कीव, जेएनएन।** रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है, दोनों ही देश एक दूसरे पर लगातार बड़े हमले कर रहे हैं। यूक्रेन के ड्रोन अटैक के बाद रूस अब बदला ले रहा है और लगातार यूक्रेन की कमर तोड़ रहा है। वहीं यूक्रेन भी किसी हाल में हार मानने के लिए तैयार नहीं है। अब बताया जा रहा है कि यूक्रेन के न्यूक्लियर प्लांट पर हमला हुआ है और यहां से धुआं उठता हुआ देखा गया है। एटॉमिक एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया गया है। ये वही न्यूक्लियर प्लांट है, जिस पर रूसी सेना ने कब्जा कर लिया था। आईएईए के डायरेक्टर जनरल राफेल मारियानो ग्रॉसी ने इस रिपोर्ट को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने बताया, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की टीम ने यूक्रेन के जापोरिजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट में धमाकों की आवाज सुनी और इसके पास की जगह से धुआं आते भी देखा गया। उन्होंने बताया कि प्लांट के एक हिस्से पर ये हमला हुआ था, इसकी दूरी न्यूक्लियर प्लांट से काफी कम थी। इस घटना से परमाणु सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो गया है। यूक्रेन के जापोरिजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट पर ये हमला पहली बार नहीं हुआ है, पिछले साल भी इस प्लांट पर एक ड्रोन अटैक हुआ था।

**सुबह 9 बजे गोलीबारी और ड्रोन से हुआ हमला**



आईएईए टीम को ये जानकारी दी गई थी कि न्यूक्लियर प्लांट की फेसिलिटी पर गोलाबारी और ड्रोन से हमला सुबह करीब 9 बजे से शुरू हुआ था। ये वही वक्त था जब टीम ने सैन्य गतिविधि की आवाज सुनी थी। एजेंसी की टीम ने दोपहर में भी उसी दिशा से धुआं देखा, जिससे हमले का शक और भी ज्यादा पुख्ता हो जाता है। जापोरिजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट में दिखी ये हलचल अब न्यूक्लियर लीक और इसके खतरों को लेकर चिंता पैदा कर रहा है।

**दावा-परमाणु केंद्र पर हमला हुआ**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने दावा किया यूक्रेन के जापोरिजिया परमाणु केंद्र पर तैनात उनकी एक टीम ने शनिवार को परमाणु केंद्र के नजदीक धमाकों की आवाज सुनी और साथ ही नजदीकी ठिकाने से धुआं उठता देखा।

**दोनों तरफ से हमले हुए तेज**

रूस के सोची के पास एक तेल डिपो पर रात में हुए यूक्रेनी ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। क्षेत्रीय गवर्नर वेनियामिन कोंद्रायेव ने टेलीग्राम पर बताया कि ड्रोन के मलबे के ईंधन टैंक से टकराने के बाद लगी आग लग गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो में तेल डिपो के ऊपर धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दे रहे हैं। हमले के बाद सोची हवाई अड्डे पर उड़ानें अस्थायी रूप से रोक दी हैं। उत्तर में, वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर 93 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी हमले के चलते कई जगह हुए विस्फोटों के बाद आग लग गई। स्थानीय दमकल कर्मियों ने जल्दी ही बुझा दिया।

## जेल: सांसद प्रज्वल रेवन्ना बने कैदी नंबर 15528



**बेंगलुरु, जेएनएन।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा पाए सांसद प्रज्वल रेवन्ना की नई पहचान है कैदी संख्या 15528। सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद जनता दल (सेक्युलर) के नेता को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में कैदी नंबर दिया गया। जेल अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के प्रमुख एच.डी. देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना ने शनिवार को अदालत के फैसले के बाद जेल में पहली रात बिताई। खबर है कि वह रो रहा था और काफी व्यथित दिखाई दे रहा था। जेल के चिकित्सकों ने शनिवार देर रात उसकी स्थिर हालत सुनिश्चित करने के लिए उसके स्वास्थ्य का आकलन किया। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डॉक्टरी जांच के दौरान वह रो पड़ा और उसने कर्मचारियों के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त की। प्रज्वल ने कथित तौर पर कर्मचारियों को सूचित किया है कि उसने अपनी सजा को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

## गाजा की सुरंग में खुद की कब्र खोदते दिखा इजरायली बंधक



**गाजा, जेएनएन।** एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें गाजा की एक तंग सुरंग में बेहद कमजोर हालत में एक इजरायली बंधक खुद अपनी कब्र खोदते नजर आ रहा है। इस वीडियो ने हमास की क्रूरता और गाजा की हालत एक बार फिर दुनिया के सामने ला दी है। 48 घंटे में दूसरी बार इजरायली बंधक का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो ने आम इजरायलियों और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को परेशान कर दिया है। वीडियो में दिख रहे शख्स 24 वर्षीय इव्यातर डेविड हैं, जो 7 अक्टूबर के हमले में हमास के कब्जे में आए बंधकों में से एक हैं। वीडियो में वह बेहद कमजोर, भूखे और बेबस नजर आ रहे हैं।

**वीडियो में क्या दिख रहा**

डेविड एक संकीर्ण सुरंग में फावड़े से खुदाई करते हुए नजर आते हैं और कैमरे की ओर देखते हुए कहते हैं, मैं अपनी कब्र खुद खोद रहा हूं। मेरा शरीर हर दिन कमजोर होता जा रहा है। मैं अपनी मौत की ओर बढ़ रहा हूं। यहीं मेरी कब्र है जहां मुझे दफनाया जाएगा।

## खुदाई में मिले सोने के नाम पर ठगों ने थमाया नकली गोल्ड

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के माधव नगर थाना क्षेत्र में नकली सोने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। उप्र के शातिर ठगों ने खुदाई के दौरान मिले सोने को बेचने के नाम पर इंडियन कॉफी हाउस के मैनेजर को पहले असली सोना चेक कराया और बाद में नकली सोना थमाकर फरार हो गए। मैनेजर को जब ठगी का पता चला तो उसने आरोपियों को कई फोन किए लेकिन जब उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ तो इसकी शिकायत थाने पर की थी। इसके बाद इन ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आईसीएच के मैनेजर मुरली कृष्णा पीवी निवासी कलियम परमवील हाउस केरल के पास 5 मई को दो लोग पहुंचे। उन्होंने अपना नाम मनीष और वेणु निवासी झांसी उत्तर प्रदेश बताया था। दोनों ने मुरली को बताया था कि वह दोनों लोग लेबर का काम करते हैं और उन्हें राजस्थान के कोटा मे एक मकान को तोड़ने के दौरान कुछ सोना मिला है, लेकिन पैसे की जरूरत होने के कारण वह इस सोने को बेचना चाहते हैं। मैनेजर मुरली को मनीष और वेणु की बातों पर यकीन हो जाए। इसके लिए दोनों ने उसे सोना चेक कराने के लिए भी दिया था। इसके सोने के निकलने के बाद मुरली को इन लोगों पर विश्वास हो गया और उसने सोने की एक चेन लेने के लिए 5 लाख रुपए में सौदा भी कर लिया लेकिन इतनी बड़ी राशि को जुटाने के लिए मुरली ने 10 दिन का समय मांगा था।

### एनसीपी विधायक का विवादित बयान

## सनातन धर्म ने ही बर्बाद कर दिया देश: अव्हाड़



**मुंबई, जेएनएन।** मालेगांव ब्लास्ट मामले में प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित सहित सात आरोपियों को बरी किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो गया है। एनसीपी विधायक जितेंद्र अव्हाड़ ने सनातन धर्म को लेकर ही विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि सनातन की विचारधारा ही विकृत है और इसने पूरे देश को बर्बाद कर दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए अव्हाड़ ने कहा, कभी किसी धर्म को सनातन धर्म नहीं कहा गया। हम सब हिंदू धर्म को मानते हैं। यह वही तथाकथित सनातन धर्म है जिसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने भी खारिज कर दिया था। सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज को भी बदनाम किया था। इसी सनातन धर्म वाले लोगों ने ज्योतिराव फुले को मारने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, उन लोगों ने सावित्रीबाई फुले पर गोबर फेंक दिया। सनातन धर्म वालों ने ही साहू महाराज को मारने की साजिश रची। यहां तक कि इन लोगों ने डॉ. आंबेडकर को स्कूल में पानी नहीं पीने दिया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा से ही मनुस्मृति का जन्म हुआ है। इसलिए किसी को सनातनी विचारधारा को विकृत कहने से परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं बीजेपी ने सनातन आतंकवाद और भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों पर कांग्रेस को घेरा है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा था कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। तब वह तुष्टीकरण में लगे थे। अब वही भगवा आतंकवाद और हिंदू आतंकवाद पर बयान दे रहे हैं। बता दें कि गुरुवार को एक विशेष अदालत ने मालेगांव ब्लास्ट के सभी आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं करवा पाई है। इसके अलावा एजेंसी की कार्यप्रणाली भी ही नहीं थी।

## जेब में था एक रुपया और बिल आ गया 97 रुपए

**मुंबई, जेएनएन।** अनुपम खेर की शुरुआत भी उन तमाम एक्टर्स जैसी ही रही थी, जिन्होंने मुंबई की सड़कों की खाक छानी और कड़ी मेहनत की। अनुपम खेर को जिंदगी ने वो सब कुछ सिखाया जो उन्हें स्कूल या कॉलेज नहीं सिखा सके। ऐसा ही एक किस्सा अनुपम खेर ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान सुनाया कि कैसे उन्हें एक घटना ने बिजनेस और इमोशन्स के बीच का फर्क समझा दिया। कैसे मुंबई में कुछ दोस्तों, उम्मीद और जेब में महज एक रुपये लेकर उनका एक दिन ऐसा बीता कि उन्हें आज तक याद है। जब उनका एक प्ले दूरदर्शन पर प्रसारित हो गया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था, वह अपने भाई और एक दोस्त के साथ एक ढाबे पर गए जहां के मालिक ने उन्हें पहचान लिया और उनकी तारीफ की। ढाबे के मालिक ने मेरी तारीफ की और कहा कि मैं एक दिन बड़ा एक्टर बनूंगा। मैं भावनाओं में बह गया और चिकन और बीयर ऑर्डर करना शुरू कर दिया। अनुपम खेर ने कहा कि उनकी जेब में सिर्फ 1 रुपये थे और जब बिल आया तो उन्हें वो सीख मिली जो आजतक उनके साथ है। मैंने ढाबे के मालिक से कहा कि मैं एक दिन बड़ा एक्टर बनूंगा तो इस पर उसने बड़ी शालीनता से मुझसे कहा कि तारीफ अपनी जगह है और बिजनेस अपनी जगह है, पैसे तो भरने होंगे। एक्टर के पास कोई रास्ता नहीं था, तो ऐसे में उन्होंने अपने भाई और दोस्त को वहां छोड़ा और फिर एक दूसरे दोस्त के घर जाकर वहां से 100 रुपये उधार लेकर आए और तब जाकर उन्होंने ढाबे के मालिक को पैसे चुकाए।



**लापरवाही:** रीवा और नर्मदापुरम में देखने को मिली अव्यवस्था, डाक्टरों के हाथ-पैर फूले

## ड्रिप चढ़ाते ही बिगड़ी 10 प्रसूताओं की तबीयत, वार्ड में मचा कोहराम



**जागरण, रीवा/नर्मदापुरम।** इंजेक्शन और आईवी फ्लूड लगाने के बाद प्रसूताओं की याददाश्त गुम होने से देश भर में चर्चा में आ चुके रीवा के मेडिकल कालेज में एक बार फिर ऐसा ही मामला सामने आया है, जब आईवी फ्लूड की ड्रिप चढ़ाते ही प्रसूताएं कंपकपाने लगीं। एक-एक कर दस महिलाओं को तेज ठंड लगने लगी। इससे पूरे वार्ड में कोहराम मच गया और चिकित्सकों के भी हाथ-पैर फूलने लगे। वहीं नर्मदापुरम में देर रात बिजली गुल होने से प्रसूताओं व नवजातों का दम फूलने लगा। काफी देर तक लाइट न आने से एक महिला की डिलीवरी रोकना पड़ी तो वार्ड के बाहर ताला लगा होने से परिजन भी यहां-वहां फड़फड़ाते रहे, लेकिन कुछ भी नहीं कर सके।

रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में शाम को उस समय अफरा-तफरी और हो-हल्ला मचने लगा, जब वहां भर्ती दस प्रसूताओं को ड्रिप चढ़ाते ही तेज ठंड लगने लगी। ठंड लगने के साथ ही सभी की तबीयत भी बिगड़ने लगी। आनन-फानन में चिकित्सकों ने सभी को दवा व इंजेक्शन देकर राहत दी, लेकिन इस बीच महिलाओं के परिजन बुरी तरह घबरा गए। डरने की वजह भी थी, पिछले दिनों आईवी फ्लूड व इंजेक्शन के बाद आधा दर्जन से अधिक प्रसूताओं की तबीबत बुरी तरह बिगड़ गई थी। चार महिलाओं की याददाश्त कई दिनों तक गुम रही। वे अपने बच्चों और पति को भी नहीं पहचान पा रहीं थी। इस मामले में दवा का पूरा बैच रोक दिया था। इस घटना के चलते वार्ड में पदस्थ चिकित्सक व स्टॉफ भी कुछ देर के लिए परेशान हो गया। एक साथ 10 प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ने पर पहले तो वार्ड में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. सोनल अग्रवाल और डॉ. शीतल पटेल ने आनन-फानन में सभी का उपचार बदला। फिर महिलाओं की तबीयत का हवाला देते हुए अस्पताल अधीक्षक को एक पत्र लिखकर संबंधित बैच के फ्लूड की जांच का आग्रह किया है। अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा ने भी माना है कि महिलाओं को कुछ परेशानी हुई है तो निश्चित तौर पर मामला बहुत संवेदनशील है।

### ढाई घंटे तक बिजली गुल होने से रोकनी पड़ी डिलीवरी



नर्मदापुरम के जिला अस्पताल में शनिवार-रविवार दरमियानी रात करीब साढ़े 4 घंटे बिजली गुल रही। पहली बार तो करीब डेढ़ घंटे बाद लाइट आ गई, लेकिन रात ढाई बजे गुल हुई बिजली ने प्रसूता और बच्चा वार्ड से लेकर बाहर तक हाहाकार मचा दिया। चारों ओर से बंद वार्डों में गर्मी और उमस के कारण नवजात और महिलाएं बिलखते लगे। कुछ प्रसूताओं की दम फूलने लगीं। वे घबराने लगीं। मगर वार्ड के बाहर ताला लगा होने से परिजन भी कुछ नहीं कर पाए। इससे और हंगामा बढ़ गया। बताया जाता है कि अस्पताल में जब रात 8:50 बजे से डेढ़ घंटे तक लाइट नहीं आई तो एक गर्भवती की डिलीवरी रोकना पड़ गई। मरीजों ने जैसे-तैसे यह समय काटा तो रात ढाई बजे फिर लाइट चली गई। उमस के कारण प्रसूताओं की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टियां होने लगीं। गर्मी के मारे नवजात बिलखने लगे। मगर परिजन केवल मोबाइल दिखाते रहे। वहीं प्रसूता वार्ड के स्टाफ ने गेट बंद कर ताला लगा दिया। इस वजह से महिलाएं और उनके साथ आई अटेंडर बाहर नहीं निकल पाए। जिला अस्पताल में लापरवाही का आलम यह है कि जनरेटर और इनवर्टर की व्यवस्था होने के बाद भी इसका इस्तेमाल नहीं किया गया। सब बंद पड़े थे। पूरे अस्पताल में अंधेरा छाया रहा। कई मरीजों ने सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत को भी लगातार फोन लगाए, लेकिन उन्होंने यह कहकर फोन काट दिया कि मेरे बंगले में भी लाइट नहीं है। सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले भी आपातकाल में अस्पताल नहीं पहुंचीं। सुबह पांच बजे बिजली कंपनी के स्टॉफ ने आकर यहां की लाइट सुधारी। अस्पताल में लाइन मैन या इलेक्ट्रिशियन भी मौजूद नहीं था।

**पुरातत्व** 11वीं-12वीं शताब्दी में चोल वंश ने कराया था मंदिर का निर्माण

# सांइस के लिए चुनौती 'छाया सोमेश्वर'

**तेलंगाना, जेएनएन।** 'विश्व के नाथ' को समर्पित सावन का महीना है। देश-दुनिया के हर शिवालय में 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' की गूंज है। देश में प्रत्येक शिव मंदिर अपने आप में भक्ति और आश्चर्य के साथ एक कथा को समेटे हुए है। ऐसा ही एक शिवालय तेलंगाना के नलगोंडा जिले में स्थित है, जो न केवल भक्ति की गाथा को सुनाता है, बल्कि हैरत में भी डालता है।

मंदिर का नाम छाया सोमेश्वर है, जहां महादेव की छाया दिखती है। तेलंगाना पर्यटन विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी मिलती है। पर्यटन विभाग के अनुसार, यह 11वीं-12वीं शताब्दी का शिवालय न केवल आध्यात्मिक केंद्र है, बल्कि विज्ञान और कला का जीवंत प्रमाण भी है। हैदराबाद से 104 किलोमीटर और नलगोंडा बस स्टैंड से 4 किलोमीटर दूर पनागल में स्थित यह मंदिर चोल वंश द्वारा निर्मित है। मंदिर का नाम 'छाया सोमेश्वर' इसलिए पड़ा, क्योंकि यहां एक स्तंभ की छाया दिनभर शिवलिंग पर पड़ती रहती है। यह छाया रहस्य और आश्चर्य का केंद्र है। यह छाया वास्तव में किसी एक स्तंभ की नहीं, बल्कि गर्भगृह के सामने रखे चार स्तंभों के प्रकाश परावर्तन से बनने वाला अंधकारमय क्षेत्र है। इन स्तंभों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि सूर्य की स्थिति बदलने के बावजूद छाया शिवलिंग पर स्थिर रहती है। मंदिर की दीवारों और स्तंभों पर रामायण व महाभारत के प्रसंगों की उभरी हुई मूर्तियां बारीकी से उकेरी गई हैं, जो कला प्रेमियों को आकर्षित करती हैं। परिसर में बना एक संग्रहालय भी दर्शनीय है, जहां येल्लश्वरम गांव से प्राप्त प्राचीन शिवलिंग और अन्य मूर्तियां संरक्षित हैं। ये मूर्तियां उस समय की हैं, जब पास का पचला रामलिंगेश्वर मंदिर जलमग्न हो गया था। छाया सोमेश्वर मंदिर से 1.2 किलोमीटर दूर स्थित रामलिंगेश्वर मंदिर भी श्रद्धालुओं के लिए एक और आकर्षण है। सावन और महाशिवरात्रि के अलावा अन्य विशेष दिनों में भी यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जो इस मंदिर की छाया के रहस्य और इसकी ऐतिहासिक भव्यता को देखने आते हैं।



**वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता का बेजोड़ नमूना**

यह वास्तुकारों की वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता का बेजोड़ नमूना है। मंदिर परिसर में तीन गर्भगृह हैं, जो ब्रह्मा, विष्णु और शिव को समर्पित हैं। ये तीनों अलग-अलग दिशाओं की ओर मुख किए हुए साझा महामंडप से जुड़े हैं।

## ईरान के राष्ट्रपति मसूद पाकिस्तान के दौरे पर

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान शनिवार, 2 अगस्त को पाकिस्तान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। यह उनकी राष्ट्रपति बनने के बाद पाकिस्तान की पहली यात्रा है। पेजेश्कियान पाक पीएम के निमंत्रण पर इस दौरे पर आए हैं। लाहौर के अल्लामा इक़बाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन के नेता नवाज शरीफ और पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने एयरपोर्ट पर खुद उनका स्वागत किया।

## हमारी संस्कृति के जीवंत उत्सव हैं त्योहार: गौर



**विसं भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंखयक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि भारतीय त्यौहारों की बात ही निराली है, हमारे उत्सव हमारी संस्कृति के जीवंत उत्सव होते हैं। सावन वह ऋतु है, जिसमें प्रकृति स्वयं नृत्य करती है। यह महीना केवल बारिश का नहीं है, यह शिव की भक्ति, नारी की शक्ति और प्रकृति की भव्यता का संगम है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर रविवार को अयोध्या नगर में सावन उत्सव समारोह में हजारों की संख्या में उपस्थित नारी शक्ति को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सावन तो जैसे नारी का ही महीना है, जिसमें वह घर को सजाती है, समाज को जोड़ती है और परंपरा को अगली पीढ़ी तक सौंपती है। नारी सिर्फ घर की नहीं, हमारी संस्कृति की संरक्षक भी हैं।

# बीजेपी सरकार के राज में हरिजन बस्ती के लोग परेशान

## हरिजन कोटे से विधायक होने के बाद भी गुनौर विधानसभा क्षेत्र के बराछ ग्राम के अहिरवार समाज के लोग परेशान



**जागरण, पन्ना**

गुनौर पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बराछ में निवासरत अहिरवार समाज के स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता चतुरेश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बतलाया कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा सीसी सड़क के ऊपर ही मिट्टी डाल देने के कारण यहां पर पानी का भराव हो रहा है। जिससे अहिरवार समाज के बच्चे विद्यालय अध्ययन करने नहीं जा पा रहे हैं। जो बच्चे स्कूल के लिए ड्रेस पहन कर तैयार होकर निकलते भी हैं तो उनमें से आधे बच्चे मिट्टी में फिसल कर कीचड़ में भीग जाते हैं और ड्रेस खराब होने के कारण वापस घर पहुंच जाते हैं। उन्होंने बताया कि बाराछ ग्राम का अहिरवार परिवार काफी पढ़ा लिखा सभ्य परिवार है। मगर यहां पर रोड नाली की जो मूलभूत सुविधाएं बेहतर होनी चाहिए वह हरिजन समुदाय होने के कारण उन लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि गुनौर विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है और यहां से हमेशा हरिजन समुदाय से ही विधायक चुनाव जीते हैं। इसके बावजूद गुनौर विधानसभा क्षेत्र के कई ऐसे हरिजन आदिवासी समुदाय के गांव है जहां पर रोड सड़क सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। कांग्रेस नेता चतुरेश अहिरवार ने बताया कि ग्राम बराछ के अहिरवार परिवार के घरों की जो सड़क है वह कीचड़ में तब्दील है। इसके साथ ही गुनौर विधानसभा क्षेत्र के द्वारी से नयापुरा मझौली मार्ग में भी 1000 परिवार आदिवासी हरिजन समुदाय के रहते हैं जहां पर सड़क ना होने से गांव के लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानी हो रही है। ऐसे गुनौर विधानसभा क्षेत्र में लगभग दर्जनों गांव है जहां पर आदिवासी और हरिजन समुदाय के लोगों के लिए सड़क पानी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। कांग्रेस नेता चतुरेश अहिरवार ने कहा कि यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं की जाती है तो इसको लेकर कांग्रेस पार्टी बहुत जल्दी गुनौर विधानसभा क्षेत्र में बड़े आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# अंधेरे से रोशनी की ओर, दक्षिण पन्ना वन विभाग ने बांटे सोलर लैंप



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलडावर में, जहाँ विगत एक वर्ष से बिजली आपूर्ति ठप्प होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे थे, वन विभाग ने एक सराहनीय कदम उठाया है। ग्राम वन समिति बेलडावर में सोलर लैंप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई।

बिजली की अनुपलब्धता के कारण आदिवासी समुदाय को रात के अंधेरे में भय और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, वहीं बच्चों की पढ़ाई भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए, वनमण्डल अधिकारी के निर्देशन में, उपवनमंडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में एवं पवई वनपरिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल के मार्गदर्शन में सोलर लैंपों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम वन समिति सचिव एवं वन रक्षक कपिल वर्मा तथा अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। बेलडावर के साथ-साथ पवई परिक्षेत्र के अन्य ग्राम जैसे मगरपुरा, सुनादर, चौपरा आदि में भी, जहाँ बिजली आपूर्ति नहीं है, वन विभाग द्वारा सोलर लैंप वितरित किए जा रहे हैं। इन सोलर लैंपों से न केवल रात के समय ग्रामीणों के जीवन में रोशनी आई है और बच्चों की पढ़ाई में सुधार होगा, बल्कि अंधेरे में होने वाले सर्पदंश के खतरों से बचाव में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में रोपे पौधे



## कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने किया पौधरोपण

**पन्ना।** पन्ना जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निरंतर पौधरोपण की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस क्रम में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट स्थित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। साथ ही वायुदूत अंकुर एप पर फोटो अपलोड की गई। सभी शासकीय सेवकों द्वारा पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया।

उल्लेखनीय है कि पौधरोपण अभियान अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा जिले में लगातार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय स्थित पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। इस मौके पर सहायक संचालक उद्यान प्रदीप श्रीवास्तव सहित ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी संजीत बागरी, धर्मेन्द्र सिंह, ईश्वर दयाल अहिरवार, आरती सिंह एवं सोनाली असाटी भी उपस्थित रहीं।


# शासकीय. सांदीपनि विद्यालय पवई में संपन्न हुआ दिव्यांग शिविर

## आधा सैकडा दिव्यांग विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन, नहीं पहुंचे आंख एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक



**पवई।** शिक्षा विभाग के द्वारा विकासखंड स्तर पर दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में दिव्यांग शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिवरों के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों से आए हुए दिव्यांग विद्यार्थियों की जांच,पहचान कर उनका चिकित्सा मूल्यांकन यू डी आई डी सर्टिफिकेट बनाना एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहे हैं। इसी कार्यक्रम के तहत पवई नगर के शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी नम्रता जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया गया। शिविर में जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाले विभिन्न संकुल केंद्र से लगभग आधा सैकडा दिव्यांग बच्चों को अभिभावक और उनके विद्यालय शिक्षकों के द्वारा लाया गया। जहां सबसे पहले बच्चों का पंजीयन किया गया तत्पश्चात उनकी जांच कर यू डी आई डी प्रमाण पत्र के साथ सहायक उपकरण दिए गए। इस शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। शिविर में ज्यादातर बच्चे आंख एवं हड्डी की समस्या से संबंधित पहुंचे,लेकिन नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ के न आने की वजह से उन्हें निराशा हाथ लगी। बता दें कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ ओम हरि शर्मा,डॉ डी पी प्रजापति ईएनटी विशेषज्ञ एवं डॉ महिका झा मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हुई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के निर्देश पर सहायक नोडल अधिकारी और सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच के द्वारा आए हुए दिव्यांग बच्चों एवं उनके अविभावकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

# गुनौर विधायक ने स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री से की भेंट



**पन्ना।** गुनाह डॉ. राजेश वर्मा गुनाह विधायक ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में भोपाल में उप- मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से भेंट की एवं क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत आवश्यक मांग रखी। विधायक डॉ. वर्मा ने गौरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेहा में स्थायी चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति के संबंध में उप मुख्यमंत्री से आग्रह किया। साथ ही जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन के संचालन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की पदस्थापना के लिए भी ध्यान आकृष्ट कराया।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग के पवई कार्यालय परिसर में ब्रॉन्ज़बैक ट्री स्नेक का अवलोकन



**पवई।** वन विभाग कार्यालय पवई (अरण्य भवन) परिसर में आज करौंदा की झाड़ी पर एक आकर्षक और पूरी तरह से ज़हर रहित ब्रॉन्ज़बैक ट्री स्नेक देखा गया। इस दुर्लभ दृश्य का अवलोकन पवई उप वनमण्डल कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सागर सोनी ने किया। पतले, लंबे और फुर्तीले शरीर वाला यह साँप प्रायः पेड़ों और झाड़ियों पर सक्रिय रहता है तथा अपनी तेज़ गति और उत्कृष्ट दृष्टि के लिए जाना जाता है। इसके शरीर का रंग भूरा-जैतूनी होता है, बगल में हल्की क्रीम या पीली पट्टी स्पष्ट दिखाई देती है, जबकि आँख से होकर एक काली धार गुजरती है। हिलने-डुलने पर इसके शरीर के स्केल्स के बीच से नीली चमक दिख सकती है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है।

कॉमन ब्रॉन्ज़बैक दिन में सक्रिय रहने वाला साँप है और मुख्य रूप से छोटे छिपकली, मेंढक, टिड्डे और अन्य कीट-पतंगों का शिकार करता है, जिससे यह पर्यावरण में कीट नियंत्रण में अहम भूमिका निभाता है। खतरा महसूस होने पर यह अपनी गर्दन को हल्का फैला कर चेतावनी देता है, परंतु मनुष्यों के लिए पूर्णतः हानिरहित है। यह साँप हमारे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उपयोगी है और कृंतक व कीटों की संख्या को नियंत्रित कर कृषि एवं बागवानी में अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाता है। दक्षिण पन्ना वनमण्डल आमजन से अपील करता है कि ऐसे साँप दिखने पर घबराएँ नहीं और दूरी बनाए रखें। इसे स्वयं पकड़ने या हानि पहुँचाने का प्रयास न करें। आवश्यकता पड़ने पर अनुभवी रेस्क्यूअर (सर्पमित्र) या वन विभाग को सूचित करें ताकि इसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सके।

# छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



## जन्मदिन पर रोपित पेड़ को राखी बांधकर दिया अनूठा संदेश

**पवई।** विकासखण्ड अंतर्गत नारायणपुरा के शासकीय माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अभिनव पहल की गई है, जिसके तहत अपने जन्म दिन पर रोपित पेड़ को राखी बॉधकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया एवं इसके जरिए अनूठा संदेश भी दिया। इससे जनसामान्य भी प्रकृति के साथ निकटता और वृक्ष रक्षा के लिए प्रेरित होंगे।

विद्यालय के शिक्षक एवं पर्यावरण संरक्षक सतानंद पाठक ने कहा कि इस अभिनव प्रयास से लोगों में जागरूकता के साथ सामुदायिक भागीदारी की भावना भी विकसित होती है और प्रकृति के प्रति सम्मान एवं प्रेम भाव भी बढ़ता है। विद्यार्थियों के इस प्रयास से युवा पीढ़ी भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित होगी। शिक्षक ने आमजनों से भी पौधरोपण एवं पौधों की सुरक्षा के संकल्प का आह्वान किया है, जिससे हरित पर्यावरण के साथ भावी पीढ़ी का भविष्य भी सुरक्षित हो और पारिस्थितिकी तंत्र बेहतर बने। इस कार्यक्रम में सहायक संचालक नम्रता जैन सहित प्रधानाध्यापिका माया खरे एवं राघवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र द्विवेदी व सिद्धार्थ सागर भी उपस्थित रहे।

# बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना, ईआरओ और एईआरओ को भी मिलेगा मानदेय

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार ईआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) और एईआरओ (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। बीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक राशि को 6000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये कर दिया गया है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दी गई है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12000 रुपये से बढ़ाकर 18000 रुपये किया गया है। इसके अलावा ईआरओ को अब 30000 रुपये और एईआरओ को 25000 रुपये का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था।

## प्रतियोगी परीक्षाओ की निष्पक्षता, पारदर्शिता व समय बद्धता को लेकर छात्रों ने दिया ज्ञापन

**पन्ना अजयगढ़।** अजयगढ़ मे आज छात्रों के द्वारा केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगी परीक्षायो की निष्पक्षता,पारदर्शिता व समयपद्धता को लेकर माननीय राष्ट्पति महोदय के नाम अजयगढ़ एसडीएम आलोक मार्को को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वाले छात्रों ने कहा कि वे वर्षों से मेहनत कर रहे हैं। लेकिन भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ियां उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि कई परीक्षाओं के लिए परीक्षा सेंटर इतनी दूर होते हैं कि छात्रों को एक-दो दिन पहले ही पहुंचना पड़ता है।फिर आखिरी वक्त में परीक्षा रद्द कर दी जाती है।जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। परीक्षा के दौरान कई छात्रों के कंप्यूटर हैंग हो गए। इससे उनका कीमती समय बर्बाद हुआ। ये समस्या केवल परीक्षा से ही नहीं बल्कि युवाओ के आत्म सम्मान, धैर्य और सामाजिक विश्वास से भी जुड़ चुकी है। छात्रों के द्वारा सभी से निवेदन किया गया कि इन मुद्दों को विभिन्न विभागों तक पहुंचाया जाये और साथ ही संसद व विधानसभा मे इस विषय को प्रभावी ढंग से उठाया जाये जिससे हम छात्रों का भविस्य सुरक्षित हो सके।उक्त ज्ञापन मे आकाश जाटव,राहुल खरे,सचिन श्रीवास्तव, ऋषभ जैन,शोभित सेन,लकी रैकवार,अमन विश्वकर्मा, बालकृष्ण विश्वकर्मा सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग की टीम ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग



## 39 हजार की चालानी कार्यवाही

**पन्ना।** परिवहन विभाग द्वारा जिले में निरंतर स्कूल वाहनों का चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। विभाग के दल द्वारा देवेन्द्रनगर एवं सलेहा क्षेत्र में अभियान चलाकर 19 वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6 वाहनों में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक उपाए नहीं बरतने तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर 39 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। बस संचालकों और स्कूल प्राचार्य को उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन मुताबिक बस संचालन करने सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए गए। साथ ही निर्धारित नियमों को पालन करने की समझाईश दी गई तथा लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी। इस दौरान यह भी बताया गया कि सभी वाहनों में परमिट, बीमा और फिटनेस सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज अनिवार्य रूप से होना चाहिए। आगामी दिवसों में भी यह अभियान निरंतर संचालित रहेगा।

# रक्तदान करें पुण्य कमाएं, आपका रक्त, जीवन का वरदान

## एक बूंद, अनंत आशीर्वादः ब्रह्माकुमारी

## रक्तदान केवल दान नहीं मूल्यों का उत्सव ब्रह्माकुमारी



**पन्ना।** विश्व बंधुत्व दिवस राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 18वीं पुण्य स्मृति में 22 से 25 अगस्त 2025 से ब्रह्माकुमारी विद्यालय के सभी सेवा केंद्रो पर विशाल रक्तदान अभियान का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना में अभियान को सफल बनाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया,

बहन जी ने रक्तदान की महिमा बताते हुए कहा कि रक्त की कमी एक गंभीर समस्या है दुनिया भर में लाखों लोग रक्त की कमी से पीड़ित है दुर्घटनाएं गंभीर बीमारियां और सर्जरी में रक्त की आवश्यकता होती है रक्त की कमी के कारण कई लोगों की जान चली जाती है रक्तदान करके आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं, आगे आपने कहा इस सेवा का मुख्य उद्देश्य केवल रक्त एकत्रित करना नहीं है बल्कि समाज में मानवता,एकता और करुणा जैसे मूल्यों को जागृत करना है यह एक जीवनदान और मूल्यों का उत्सव है , इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्रीमती निशा जैन पूर्व प्राचार्य श्री सनमत जैन,डॉक्टर किरण सिंह, अजय राय, नम्रता जैन प्रभा पटेरिया एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिला अस्पताल से आए हुए श्री रामनाथ ओमरे लैब टेक्नीशियन ने रक्तदान के बारे में जानकारी दी।

अंत में सभी ने इस महान रक्तदान अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रतिज्ञा की एवं सभी ने अपने-अपने विचार रखें। ब्रह्माकुमारी बहन ने जानकारी देती हुई कहां कि रक्तदान अभियान ब्रह्माकुमारीज विद्यालय 22 अगस्त को देवेंद्र नगर,23 अगस्त को पवई एवं 24 को ब्रह्मा कुमारीज पन्ना में रक्तदान अभियान होगा रजिस्ट्रेशन करने के लिए ब्रह्माकुमारी विद्यालय से संपर्क करें।

# मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव तत्काल भेजें

**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव आगामी 13 अगस्त तक चाहे गए हैं। इस संबंध में समस्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव को आवश्यक कार्यवाही के लिए पूर्व में सूचित किया गया था, लेकिन अब तक किसी भी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल से प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र द्वारा पुनः किसी मतदान केन्द्र में संशोधन या परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव 6 अगस्त के पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है।

# जिले में 872.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज, गत वर्ष से 204.4 मिमी अधिक

**पन्ना।** जिले में इस वर्ष एक जून से 4 अगस्त की अवधि में 872.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। यह गत वर्ष की समान अवधि में दर्ज औसत वर्षा 668.1 मिमी से 204.4 मिमी अधिक है। अब तक वर्षामापी केन्द्र अजयगढ़ में सर्वाधिक 1066.8 मिमी और सिमरिया में सबसे कम 574.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पन्ना में 875.9 मिमी, देवेन्द्रनगर में 979 मिमी, गुनौर में 937.1 मिमी, अमानगंज में 1020.4 मिमी, पवई में 788 मिमी, शाहनगर में 798.9 मिमी तथा रैपुरा में 812.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# पिकअप और बाइक की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत, पिकअप वाहन मौके से फरार

## पवई थाना क्षेत्र के सिमरा कलां गांव की घटना



**पवई।** पवई थाना अंतर्गत ग्राम सिमरा कलां में सोमवार शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सिमरा खुर्द निवासी सोनेलाल कुशवाहा पिता लाखन कुशवाहा (उम्र 30 वर्ष) घरेलू कार्य से पवई जा रहा था। जैसे ही वह सिमरा कलां मोड़ पर पहुंचा, तभी पवई से मोहंद्रा की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी रास्ते से मोहंद्रा की ओर जा रहे चंचल भारद्वाज ने ग्रामीणों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस ने पिकअप वाहन की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पवई पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर छा गई है।

# प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु जारी राशि का गलत उपयोग करने वाले हितग्राहियों की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करें : आयुक्त

## हरित मध्यप्रदेश अभियानके तहत आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण के तैयारियों की आयुक्त ने की समीक्षा

जागरण, बैढ़न

प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु जारी की गई राशि का गलत उपयोग करने वाले हितग्राहियो की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर राशि वशूली की कार्यवाही करे। साथ ही हरित मध्यप्रदेश अभियानके तहत आयोजित होने वाले वृहद वृक्षा रोपण की तैयारिया समय पर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित के उक्त आशय के निर्देश नगर निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा संबंधित क्षेत्र के सहायक एवं उपयंत्रियो को दिया गया। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुयें संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियो को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जो बार बार समझाईश देने के बावजूद में अपने आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण नही कर रहे है आवास निर्माण हेतु जारी राशि का गलत उपयोग करे रहे ऐसे हितग्राहियो की चल अचल सम्पत्ति कुर्क कर उनसे राशि वशूली की कार्यवाही करे।



निगमायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा यह राशि आवास निर्माण के लिए भेजी गई। इस राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए ही किया जाना है किंतु हितग्राहियो द्वारा शासन से अनुदान राशि प्राप्त करने के पश्चात भी भवन का निर्माण नही किया जा रहा है इसे किसी प्रकार से उचित नही ठहराया जा सकता है निगमायुक्त ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत नगरीय क्षेत्र में कराये जाने वाले वृहद वृक्षारोपण के तैयारियो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री तथा उपयंत्री स्थल चयन कर अवगत कराये ताकि शासन के मंशानुसार अभियान के तहत वृक्षारोपण कराया जा सके। उन्होने शहर के नाले नालियो की साफ सफाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि वर्षात के दौरान कही जल भराव कि स्थिति निर्मित न हो इसके लिए सभी उपयंत्री अपने निगरानी में नाले नालियो की साफ्ई कराये अगर कही से भी जल भराव या नाली जाम होने की शिकायत मिलती है तो तत्काल शिकायत का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। उन्होने सिवर लाईन निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को सहित वार्डो मोहल्लो की क्षतिग्रस्त सड़क के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़को के सुधार हेतु स्टीमेंट तैयार प्रस्तुत करे ताकि सड़को का सुधार कार्य कराया जा सके। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2०0 के शासन द्वारा जारी इन्ट्रेस्ट सब्सिडी स्कीम आईएसएस के तहत ईडब्ल्यूएस एलआईजी एमआईजी वर्ग के पात्र हितग्राहियो को लाभा प्रदान कराने हेतु बैंको से समन्वय बनाकर शिविर आयोजित करे ताकि हितग्राही इस स्कीम का लाभ उठा सके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि शिविर स्थल सहित जिन तिथियो मे शिविर आयोजित किया जाना उसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी कराया जाना सुनिश्चित करे ताकि पात्र हितग्राही शिविर में शामिल होकर स्कीम का अधिक से अधिक लाभ उठा सके। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त एच.एम श्रीवास्तव सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय प्रवीण गोस्वामी आलोक टीरू दिनेश तिवारी सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय उपयंत्री अनुज सिंह इन्द्रवेश यादव विशाल खत्री चन्द्रमणि द्विवेदी विष्णुपाल सिंह जीतेन्द्र शिवानी गर्ग हेनरी ठाकुर प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी उपस्थित रहे।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार में भक्तजनों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा आराधना



**जागरण, बैढ़न।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार के उपलक्ष्य में शिवधाम मंदिर वैढ़न में मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र के सानिध्य में अनेकानेक भक्तजनों द्वारा देवाधिदेव महादेव महामृत्युंजय भगवान भोलेनाथ की पूजा आराधना एवं कई भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। सायं महिला भक्त जनों द्वारा कीर्तन.भजन के माध्यम से भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न कर मनोवांछित फ्ल प्राप्त की कामना की। श्रावण मास के चौथे और अंतिम सोमवार की यह क्षणिका न केवल एक तिथि है बल्कि भक्ति की यात्रा का वह पड़ाव है जहाँ श्रद्धा तप और प्रेम एकाकार हो जाते हैं। ज्योतिषविद् पं डॉ एन पी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर वैढ़न के अनुसार हर सोमवार जब शिवलिंग पर जलधारा चढ़ाई गई तो वह केवल जल नहीं था वह अश्रु था आत्मा का वह प्रार्थना थी बिना कहे की गई। बेलपत्रों में छिपे संकल्परुद्राभिषेक में डूबी चेतना और व्रतों की नीरवता ये सभी आज पूर्णता को प्राप्त हो रहे हैं। सावन सोमवार केवल व्रत की समाप्ति नहीं है यह एक आध्यात्मिक अनुबंध की परिपक्वता है। आज जब शिव को अर्पित किया गया जल अंत हो गया है तब भीतर कुछ नया आरंभ हो रहा है शांत निस्पंद और शिवमय। शिव जो स्वयं विरक्ति हैं और अनुरक्ति भीय जो संहार हैं और सृजन भी उन्हीं के चरणों में आज इस समर्पण का अंतिम पुष्प अर्पित कर साधक अपने भीतर के शिव को पहचानने निकल पड़ता है। सावन के इन पवित्र सोमवारों ने हमें हर बार कुछ सिखाया है धैर्य मौन और अडिग श्रद्धा। और यही आशीर्वाद लेकर आज हम शिव को स्मरण करते हैं उसी सहजता से उसी प्रेम से स्मरण करते हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर ने शिव मंदिर पचौर में जा रहे कावड़ यात्रा का स्वागत किया



**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर ने बाबा जोगिया वीर बाबा धाम से चलकर प्राचीन शिव मंदिर पचौर में जा रहे कावड़ यात्रा का स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर द्वारा शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ माजन मोड़ में यात्रा में शामिल कांवरियों को मिष्ठान फ्ल वितरण कांवरियों को जलपान कराते हुए स्वागत किया गया जिस दौरान शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल द्वारा शोभा यात्रा रथ पर विराजमान भगवान शिव एवं पार्वती का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सिंगरौली वासियों के सुख समृद्धि हेतु कामना किया गया उक्त अवसर पर केडी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलल्लू कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश दुबे महासचिव रामनिवास तिवारी आईटी सेल आशुतोष सिंह महासचिव विष्णु दत्त पांडे महासचिव मनोज सिंह पिंटू पूर्व अध्यक्ष इंटक यूथ कांग्रेस केपी सिंह श्रमिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विद्यासागर बैंस मुख्य संगठन सेवादल शहर सूर्य कुमार द्विवेदी पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा कार्यालय महामंत्री राम ब्रिज कुशवाहा बेरोजगार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्याम बिहारी नापित केस कला जिला अध्यक्ष उपेंद्र रमन सिंह रावेंद्र शर्मा संध्या सिंह सुषमा वर्मा अनिल वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ संतोष सोनी श्रवण बैंस हरि कमल बैंस सूरज सिंह कुंदन पांडे सदाबृज वर्मा राजकुमारी कोल राजू सिंह सत्यनारायण बैंस जगजीवन शाह इत्यादि सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

# निगम सभागार में मिशन कर्मयोगी आईजीओटी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन





**जागरण, बैढ़न।** शासन के निर्देशानुसार आज निगम सभागार में नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के निर्देशन में सहायक आयुक्त एचएम श्रीवस्ताव के उपस्थिति में निगम के अधिकारियो कर्मचारियो हेतु मिशन कर्मयोगी आईजीओटी के अंतर्गत एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त् ने कहा कि मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक क्षमता को मजबूत करते हैं बल्कि यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को लगातार अपडेट करता रहे। उन्होंने कहा कि यह पहल अधिकारियो कर्मचारियो को पारदर्शी और नवाचारी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। उल्लेखनीय है कि एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण आईजीओटी प्लेटफॉर्म केंद्र सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक प्रशासनिक दक्षताओं से लैस करना है। यह प्लेटफॉर्म सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को समय.समय पर डिजिटल माध्यम से विषयवस्तु.आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका में और अधिक प्रभावी बन सकें।साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि 8 अगस्त के पूर्व सभी अधिकारी कर्मचारियो अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित कोर्स कम से कम 10 कोर्स का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करे।प्रशिक्षण के दौरान सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय सहायक समुदायिक संगठक प्रवीण पटेल सीएमएम कृष्णा पटेल पवन मिश्रा उपस्थित रहे।

# संदीप नायक ने कार्यकारी निदेशक का कार्यभार संभाला

## एनटीपीसी सिंगरौली को मिला नया नेतृत्व



**जागरण, शक्तिनगर।** संदीप नायक ने एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के कार्यकारी निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया है। एनटीपीसी के एक अनुभवी और समर्पित अधिकारी के रूप में श्री नायक का ऊर्जा क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रहा है। एनटीपीसी में वर्ष 1989 में कार्यकारी प्रशिक्षु ईटी के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ करने वाले श्री नायक ने विंध्याचल नोएडा नई दिल्ली और कहलगांव जैसी प्रमुख परियोजनाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने ऑपरेशन कॉमर्शियल एवं कंसल्टेंसी जैसे विविध क्षेत्रों में गहराई से कार्य कर संगठन की विविध आवश्यकताओं और लक्ष्यों को मजबूती से आगे बढ़ाया है। श्री नायक ने 1989 में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई की उपाधि प्राप्त की है। कार्यभार ग्रहण करते हुए श्री नायक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि सुरक्षा प्रणाली प्लांट प्रचालन तृतीय चरण विस्तार पर्यावरण मानकों का अनुपालन एवं सामाजिक विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। उन्होंने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान प्लांट से जुड़े प्रमुख मुद्दों का गहन विश्लेषण कर आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने यूनियन और एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ सार्थक संवाद कर समस्याओं के समयबद्ध समाधान के लिए स्पष्ट निर्देश दिए।

# ज़िला स्तरीय योग प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट विजय प्रदर्शन



**जागरण, विंध्यनगर।** खेल मंत्रालय से संबद्ध सिंगरौली जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में अंबेडकर भवन निगाही में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर के चार छात्रों ने विभिन्न आयु वर्गों के अंतर्गत प्रतिभाग करते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया। सब जूनियर बालिका वर्ग के अंतर्गत कलात्मक योग कक्षा सात में अध्ययनरत ॠतिका नायक ने प्रथम स्थान अर्जित किया वहीं सब जूनियर बालक वर्ग पारंपरिक योग में कक्षा आठ में अध्ययनरत् प्रतीक कुशवाहा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। जूनियर बालक वर्ग ;पारंपरिक योगद्ध के अंतर्गत कक्षा 10 में अध्ययनरत् रोहित कुमार ने तृतीय स्थान एवं सब जूनियर बालक वर्ग पारंपरिक योग में कक्षा 7 में पढ़ रहे रुद्र ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। योगासनों के प्रदर्शन से संबंधित इस प्रतियोगिता ने न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाया अपितु उन्हें और अधिक समर्पण के साथ योग में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित भी किया। इस प्रतियोगिता में डीपीएस विंध्यनगर के योग प्रशिक्षक रोशन पाठक का शिक्षण व मार्गदर्शन अत्यंत प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.जनार्दन पांडे ने विद्यार्थियों की इस सफ्लता पर हर्ष प्रकट किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए योग के मूल सिद्धांत कर्म में कुशलता् के सूत्र को आत्मसात करते हुए योग क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# एनसीएल की गृहिणियां सीख रहीं फर्स्ट एड के गुर

## 4000 से ज़्यादा को मिली ट्रेनिंग




**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल द्वारा गृहणियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण देकर उन्हें आपात परिस्थितियों में तुरंत सहायता देने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में कंपनी की सभी परियोजना एवं इकाइयों में गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। एनसीएल द्वारा अभी तक 121 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार की 4000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को सीपीआर हृदय पुनर्जीवन सड़क दुर्घटनाओं में आपात चिकित्सा सहायता सांप काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार जलने या गंभीर चोटों पर त्वरित उपचार के साथ.साथ रक्तचाप एवं सामान्य रोगों की पहचान इत्यादि की जानकारी दी जा रही है। ग़ौरतलब है कि एनसीएल द्वारा विगत 27 जनवरी को गृहणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी थी । महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में एनसीएल की यह पहल सराहनीय है।

# जिले भर में आयोजित होंगी तिरंगा यात्राएं

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मनेगा विभाजन विभीषिका दिवस




**जागरण, बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी तिरंगा यात्रा एवं विभाजन विभीषिका दिवस के सफ्ल आयोजन के लिए विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक को मूर्त रूप देने के लिए जिले की संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक व वरिष्ठ नेता अमर सिंह तिरंगा यात्रा के जिले के प्रभारी व निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय सह प्रभारी व जिलामंत्री ध्रुव सिंह मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ पितृ पुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ तथा स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम प्रभारी व निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय ने किया। स्वागत उद्बोधन निगम अध्यक्ष एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के जिले के प्रभारी देवेश पांडेय ने दिया। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे आगामी कार्यक्रमों की भूमिका को संक्षेप में बताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति हमारे समर्पण का दर्पण है। इसलिए प्रत्येक मंडल स्तर तक यह भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित हो तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व देश के विभाजन की त्रासदी को आज की पीढ़ी को बताने हेतु विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम प्रभावी रूप से सम्पन्न हो इसका विशेष ध्यान हमे रखना है। आपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश एवं समूचे विश्व ने प्रधानमंत्री के कुशल एवं निडर नेतृत्व को देखा है कि कैसे भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए समूचे विश्व मे अपने शौर्य का परचम लहराया इसलिए इस बार की तिरंगा यात्रा हमे दुगुने उत्साह के साथ आयोजित करनी है। मुख्य वक्ता के रूप में पधारीं जिले की संगठन प्रभारी श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सभी तिरंगा यात्राएं तो ऐतिहासिक ही होती हैं किंतु हमें आज की नई पीढ़ी को इसका भाष कराने की आवश्यकता है कि आज जो ये तिरंगा लहराने की स्वतंत्रता हम सब के पास है इसके पीछे हमारे पूर्वजों के कितने बलिदान छिपे हुए हैं। आज जन जन के मन में हमे तिरंगे के प्रति सम्मान का भाव पैदा करना है तथा इस स्वतंत्रता की धरोहर के पीछे हमारे पूर्वजों के बलिदान का सम्मान भी स्मृत करना है। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका के रूप मे हम हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग को विभाजन की त्रासदी से अवगत करा कर स्वतंत्रता व राष्ट्र के प्रति उनके सम्मान को जीवंत करना है। हमे अधिकाधिक रूप में युवाओं के बीच जाकर इन कार्यक्रमों की तैयारी करनी है तथा तय स्थानो पर मंचीय कार्यक्रम व मौन जुलूस का भी आयोजन करना है। प्रभारी ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन 16 को जन्माष्टमी का त्योहार है और हम अपने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती को जन्माष्टमी के दिन ही मनाते हैं इसके अतिरिक्त देश के पूर्व प्रधानमंत्री पुण्य आत्मा अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि 16 को ही है अतः इन दोनो कार्यक्रमों को हमें बूथ स्तर तक मानना है। बैठक का मंचीय संचालन जिला महामंत्री राजकुमार दुबे ने किया तथा आभार प्रकट कार्यक्रम के सह संयोजक एवं जिलामंत्री ध्रुव सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी सरोज शाह जिला महामंत्री लालपति साकेत जिलामंत्री अरविंद तिवारी पूनम गुप्ता विनोद चौबे द्रोपदी सिंह मरकाम कलावती यादव मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल विनोद चौबे आइ टी सेल संयोजक सुरेश गिरी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद दुबे रविन्द्र चौबे रामाधार गुप्ता समस्त मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ नेता अरुण देव पांडेय किरण सोनी मीना चौबे मधू झा विजया सिंह युवा कार्यकर्ता आदित्य त्रिपाठी शशांक विक्रम सिंह अर्जुन शाह विक्रम सिंह चंदेल अभिषेक दुबे समस्त अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन बना दिखावा, मेन मार्केट में लगा कचरे का ढेर



**जागरण, चितरंगी।** जिले के चितरंगी ब्लॉक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद से लेकर गांवो तक स्वच्छ भारत मिशन का खूब डफली पिटा जा रहा है लेकिन हकीकत कुछ और ही बया कर रही है चितरंगी मेन मार्केट में लगे कूड़े के ढेर से खुल रही स्वच्छता अभियान की पोल जगह.जगह जमें कचरे के ढेर से उठने वाली बदबू से लोग परेशान हैं बात करे राजस्थान मिष्ठान भंडार के सामने सड़क किनारे कचरा इस कदर बिखरा पड़ा है कि मानो जनपद में सफ्राई की कोई व्यवस्था ही न हो। जनपद की सफ्राई व्यवस्था पर बड़े.बड़े सवाल उठ रहे हैं। सड़क पर लगे गंदगी के ढेर चितरंगी जनपद की शोभा बढ़ा रहे हैं। लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। शहरों व गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए सरकारी व गैर सरकारी संस्था तरह तरह के प्रयास कर रही है। जिससे पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। लेकिन ऐसा लगता है कि नगर निगम भी इन्ही संस्थाओं के भरोसे बैठी हुई है। हालाकि समय.समय पर स्वच्छता को लेकर अधिकारी भी खुद अपनी पीठ थप थपाते रहते है। लेकिन सड़क पर कूड़ा होने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहता है। लोगों को सड़क से गुजरने के लिए मुंह पर कपड़ा रखना पड़ता है। बावजूद इसके अधिकारी चुप्पी साधे रहते हैं। जिसका खमियाजा आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों व गांवों में स्वच्छता लाने की अपील कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ सरकारी अधिकारी शहर की सड़कों पर कूड़ा डालकर मिशन का मजाक बनाते नजर आ रहे हैं।



# भारत की सबसे छोटी, लेकिन रोमांचक जीत

## ओवल टेस्ट में भारत ने सिराज के जादुई स्पैल से इंग्लैंड को 6 रन से हराया, पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर

**जेएनएन, लंदन**

इंग्लैंड को आखिरी दिन सिर्फ 35 रन चाहिए थे और भारत को इतिहास रचने के लिए चार विकेट लेने थे। कइयों को भरोसा नहीं था कि भारतीय टीम इस मुकाम से मैच जीत लेगी, लेकिन सिराज कुछ और सोचकर आए थे और उन्होंने वह कर दिखाया, जो क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे। चार में से तीन विकेट चटकाकर मोहम्मद सिराज ने भारत को छह रन से चमत्कारिक जीत और सीरीज में बराबरी दिलाई। इसके साथ ही पिछले कुछ अर्से की सबसे कड़ी और नाटकीय सीरीज में से एक का शानदार अंत हुआ। रनों के लिहाज से भारत की यह टेस्ट में सबसे छोटी जीत है। इससे पहले भारत ने 2004 में वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 107 रनों का बचाव करते हुए 13 रन से मैच जीता था। भारत ने 1972 में इर्डन गार्डेंस में इंग्लैंड को 28 रनों से शिकस्त दी थी। छह रन की हार इंग्लैंड की टेस्ट में तीसरी संयुक्त सबसे छोटी हार भी है। मैच के आखिरी दिन सुबह अपने फोन पर 'बिलीव' इमोजी वॉलपेपर लगाने वाले सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिए। दूसरे छोर पर प्रसिद्ध कृष्णा (126 रन पर चार विकेट) ने भी उनका साथ बखूबी निभाया और अंततः इंग्लैंड की टीम 374 रन के लक्ष्य से दूर रह गई और भारत ने पांच मैच की सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। चौथे दिन थोड़ी देर की बारिश के बाद समय से पहले दिन का खेल खत्म करने के फैसले पर स्टुअर्ट ब्रॉड और माइकल वॉन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने सवाल उठाए थे, लेकिन यह उचित ही लगा कि बेहद कड़ी सीरीज का निर्णायक मैच भी बाकी चार मुकाबलों की तरह आखिरी दिन तक चला। दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई, लेकिन खेल शुरू होने से दो घंटे पहले साफ आसमान को काले बादलों को घेर लिया, जिससे भारत और उनके प्रशंसकों की उम्मीदें और जग गई। पांचवें दिन द ओवल दर्शकों से खचाखच भरा था और 25 पाउंड के बावजूद 27,500 दर्शकों की क्षमता वाला स्टेडियम तुरंत भर गया। खेल शुरू होने से पहले ली फ़ोर्टिस के भारी रोलर से पिच को आखिरी बार दुरुस्त किया गया।

- भारत के खिलाफ यह लगातार चौथी टेस्ट सीरीज है, जिसे जीतने में इंग्लैंड की टीम नाकाम रही। यह सिलसिला 2018 से चला आ रहा है। यह पारंपरिक प्रारूप में इंग्लैंड का सीरीज में सफलता हासिल करने में नाकाम रहने का दूसरा सबसे लंबा दौर है। इससे पहले वे 1996 और 2011 के बीच पांच सीरीज में बिना किसी जीत के रहे थे।

**3809** कुल रन इस सीरीज में भारत ने बनाए, जो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया अब तक का सबसे ज्यादा स्कोर है।

**10** विदेशी धरती पर किसी टेस्ट सीरीज के पांचवें या छठे मैच में भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड 1-10 का है। ओवल में छह रन की जीत से पहले भारत ने ऐसे 17 में से 10 मैच हारे थे, जबकि सात ड्रॉ रहे। घरेलू मैदान पर भारत का ऐसे टेस्ट में रिकॉर्ड 7-4 है (कुल 27 मैच में)।

- एक समय इंग्लैंड का स्कोर 301 रन पर 3 विकेट था, जहां से वे सिर्फ 66 रन जोड़कर अपने 7 विकेट खो बैठे। इतिहास में केवल एक बार ही ऐसा हुआ है, जब किसी टीम ने चौथी पारी में 5वें विकेट के गिरने से पहले इंग्लैंड के 332 रनों से ज्यादा का स्कोर बनाने के बावजूद मैच गंवाया हो, और वह भी 1977 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड ही थी।





प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद सिराज 9 विकेट
प्लेयर ऑफ द सीरीज शुभमन गिल 754 रन
प्लेयर ऑफ द सीरीज हैरी ब्रूक 481 रन

**23** विकेट लिए सिराज ने इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ, जो कि टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड में किसी भारतीय गेंदबाज के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक हैं। उन्होंने जसप्रीत बुमराह की 2021-22 की 23 विकेटों की बराबरी की।

### अंतिम चार में तीन विकेट सिराज ने झटके

पांचवें दिन का जब खेल शुरू हुआ तो इंग्लैंड ने उम्मीद के मुताबिक शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। कृष्णा के 23वें ओवर की चार गेंद बाकी थी और उन्हें शुरुआत शॉर्ट गेंद के साथ की, जिसे जेमी ओवर्टन (09) ने बाउंड्री के दर्शन कराए। अगली गेंद पर अंदरूनी किनारे से चौका लगा, जिससे इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए सिर्फ 27 रन की जरूरत थी। सिराज ने इसके बाद पवेलियन छोर गेंदबाजी का जिम्मा संभाला और पुरानी गेंद से कहर बरपाया। उन्होंने खतरनाक जेमी स्मिथ (02) को तीसरी ही गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया। अगली गेंद पर गस एटकिंसन (17) भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके बल्ले से टकराने के बाद स्लिप में केएल राहुल के हाथों तक नहीं पहुंची। अपने अगले ओवर में सिराज ने ओवर्टन को तेजी से अंदर आती गेंद पर पगबाधा किया। सिराज ने डीआरएस का सहारा लिया, लेकिन अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा। प्रसिद्ध ने इसके बाद जोश टंग (00) को फुल लेंथ की गेंद पर बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर नौ विकेट पर 350 रन किया। क्रिस वोक्स बल्लेबाजी करने की स्थिति में नहीं थे, इसलिए एटकिंसन के पास बड़े शॉट खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। एटकिंसन ने लॉन्ग ऑन बाउंड्री को निशाना बनाया और आकाशदीप की ओर हवा में शॉट खेला, जिन्होंने गेंद तक पहुंचने में सफल तो रहे, लेकिन उनके हाथ से टकराकर गेंद सीमा रेखा के पार छह रन के लिए चली गई। जल्द ही लक्ष्य एकल अंक में पहुंच गया। एटकिंसन ने दो बार अंतिम गेंद पर रन लेकर स्ट्राइक अपने पास रखी लेकिन अंततः सिराज ने यॉर्कर पर उनका स्टंप उखाड़कर सीरीज का अंत किया।

- सिराज और कृष्णा टेस्ट में दोनों पारियों में चार या उससे ज्यादा विकेट लेने वाली भारत की दूसरी जोड़ी बने। इससे पहले 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बिशन सिंह बेदी और एरापल्ली प्रसन्ना ने यह कारनामा किया था।

- ओवल में सिराज और प्रसिद्ध का प्रदर्शन किसी टीम के लिए दोनों पारियों में दो गेंदबाजों के चार-चार विकेट लेने का 15वां उदाहरण है। पिछली बार इंग्लैंड के लिए 2012-13 में मुंबई में मोंटी पनेसर और ग्रेम स्वान ने ऐसा किया था।

### एक हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे वोक्स



रिषभ पंत पिछले मैच में जहां भारत के लिए पैर में फ्रेक्चर के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरे तो इस मैच में क्रिस वोक्स ने कंधे की चोट के एक हाथ से बल्लेबाजी के लिए उतरकर सभी का सम्मान हासिल किया। अदम्य साहस का वह क्षण 1963 की याद दिलाता है, जब कॉलिन काउड्रे टूटे हुए हाथ के साथ बल्लेबाजी करने आए थे और उन्होंने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रॉ कराने में मदद की थी।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 224**
**इंग्लैंड पहली पारी : 247**
**भारत दूसरी पारी : 396**
**इंग्लैंड दूसरी पारी : 367/10 (85.1 ओवर)**
**कल के स्कोर 339/6 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मिथ का. ध्रुव बो. सिराज | 2 | 20 | 0 | 0 |
| ओवर्टन पगबाधा बो. सिराज | 9 | 17 | 2 | 0 |
| गस एटकिंसन बो. सिराज | 17 | 29 | 0 | 1 |
| जोश टंग बो. कृष्णा | 0 | 12 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 23, **कुल** : 85.1 ओवर में 367 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-50, 2-82, 3-106, 4-301, 5-332, 6-337, 7-347, 8-354, 9-357, 10-367, **गेंदबाजी** : आकाशदीप 20-4-85-1, कृष्णा 27-3-126-4, सिराज 30.1-6-104-5, सुंदर 4-0-19-0. जडेजा 4-0-22-0.

## खेल एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय हॉकी टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इस महीने के आखिरी में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का ऐलान किया है, जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालिफायर टूर्नामेंट है, जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है, जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। भारतीय टीम आठ अगस्त को बेंगलुरु से आस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

**टीम इस प्रकार है : गोलकीपर:** कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा, **डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह, पूवन्ना सीबी, **मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह, **फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

# पाकिस्तान ने लगातार सातवीं बार वेस्टइंडीज से जीती टी-20 सीरीज

### तीसरे और अंतिम मैच में विंडीज को 13 रन से हराया, सीरीज 2-1 से अपने नाम की

**लॉडेरहिल ( अमेरिका ), जेएनएन।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 13 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। पाक ने विंडीज के खिलाफ लगातार सातवीं बार द्विपक्षीय टी-20 सीरीज में अपने नाम की। सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाए और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा, जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए। शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिए थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिए। उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाए और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की। उनके आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की जद से मैच निकलता चला गया।



### रॉस्टन चेज हुए रिटायर्ड आउट

वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रॉस्टन चेज दो पूर्णकालिक देशों के बीच हुए टी-20 में रिटायर्ड आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। वह 12 गेंदों पर 15 रन बनाकर खेल रहे थे, तब उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। नंबर चार पर बल्लेबाज़ी करने आए रदरफोर्ड ने तेजी से रन बनाना शुरू किया, लेकिन चेज बड़ा शॉट नहीं लगा पा रहे थे। इसके बाद उन्हें डगआउट वापस बुला लिया गया। उस समय वेस्टइंडीज को 18 गेंदों में 41 रन चाहिए थे, लेकिन टीम सिर्फ 27 रन ही बना सकी।

# मप्र शिखर खेल अलंकरण समारोह आज, खेल हस्तियों का होगा सम्मान

### रविंद्र भवन में समारोह शाम पांच बजे से, मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2025 के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह पांच अगस्त को रवीन्द्र भवन में किया रहा है। शाम पांच बजे से होने वाले इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। सम्मान समारोह में 12 खिलाड़ियों को विक्रम और 11 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरस्कार से नवाजा जाएगा। 38वें नेशनल गेम्स 2025 के 34 स्वर्ण पदक विजेता, 25 रजत और 23 कास्य पदक विजेता, कुल 82 पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

- **एकलव्य पुरस्कार:** रितुराज बुंदेला, भूमि बघेल, कृष्णा मिश्रा, पूजा दांगी, प्रभाकर सिंह राजावत, नेहा ठाकुर, प्रखर जोशी, अर्जुन वास्कले, प्रियांशी प्रजापत, अंकित पाल और गौरव पचौरी।
- **विक्रम पुरस्कार:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, जान्हवी श्रीवास्तव, रागिनी मार्को, शिवानी पवार, श्रुति यादव, यामिनी मौर्य, सचिन भार्गो, नीलू डाडिया, प्रवीण कुमार दवे, रूबिना फ्रांसिस, अपूर्व दुबे और भावना डेहरिया।
- **विश्वामित्र/लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार :** सम्मान समारोह में क्याकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक पीजूष कांती बारोई, तीरंदाजी प्रशिक्षक अशोक कुमार यादव और हॉकी प्रशिक्षक लोकेंद्र शर्मा को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिम्नास्टिक के रतनलाल वर्मा को लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# टॉसन ने विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को हराया

**मांट्रियल, जेएनएन।** डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विंबलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विंबलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लाटविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा। जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 6-1 से हराया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### बेस्ट जोन आइस स्टॉक चैंपियनशिप में मप्र को ओवरऑल तीसरा स्थान



**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बेस्ट जोन आइस स्टॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित चैंपियनशिप में एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के हर्षित जैन ने इंडिविजुअल टारगेट इवेंट में कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग टीम इवेंट में कृष्णकांत, हर्षित जैन और मोहम्मद अली ने मिलकर दो कांस्य पदक मध्यप्रदेश को दिलाए। इंडिविजुअल टारगेट इवेंट महिला वर्ग में रेनू ने कांस्य और अंडर-19 में हिमांशी मांडवी ने रजत पदक प्राप्त किया। नरेंद्र, समय तायडे, हिमांशी, दीपाली और दुर्गेश्वरी ने टीम इवेंट्स में दो-दो कांस्य पदक जीते। सभी विजेता खिलाड़ियों को एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे, आइस स्टॉक मप्र के अध्यक्ष एवं जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. अनुपम चौकसे और एलएनसीटी स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज कुमार जैन ने बधाई दी।

### सीबीएसई वेस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता : पहले दिन मप्र के तैराकों ने जीते तीन स्वर्ण सहित कुल 9 पदक

**भोपल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के तैराकों ने सीबीएसई वेस्ट जोन स्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन तीन स्वर्ण सहित नौ पदक पर कब्जा जमाया। इसमें चार रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। शहर के एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में सोमवार को 42 स्पर्धाएं हुईं। अंडर-19 बालिका वर्ग में एसपीएस की कृतिका श्रीवास्वत ने रजत और सरान्या ने कांस्य पदक जीता। अंडर-14 बालक 200 मीटर फ्री स्टाइल में इंदौर के सुहान जैन ने स्वर्ण पदक जीता। इंदौर के क्रितांत मित्तल ने रजत पदक जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग में 200 मी. फ्रीस्टाइल में निष्ठा हितेश पंडित ने स्वर्ण व इनाया छाबडा ने रजत पदक जीता। सेंट मोंटफोर्ट स्कूल भोपाल की मौली आहुजा ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, एनआरई ग्रुप के चेयरमैन सुबोध सिंह, सचिव जयश्री सिंह एवं डॉ. ए सीसिलिया ने किया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश, गुजरात और राजस्थान के 400 से अधिक स्कूलों की टीमें भाग ले रही है।






### लॉन्ग जंप में पल्लवेश और शॉट पुट में संजोग को गोल्ड



**भोपाल, खेप्र।** पल्लवेश पिल्लाई, संजोग पाठक और अभिषेक राज ने सीबीएसई क्लस्टर 12 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः लॉन्ग जंप, शॉट पुट और 600 मीटर में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में अंडर-19 लॉन्ग जंप में पल्लवेश, मोहम्मद प्रेशवाला और जोरावर सिंह मल्हारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 शॉट पुट में संजोग पाठक ने प्रथम, सोहा अली ने द्वितीय और आदित्य रावत तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 में 600 मीटर दौड़ में अभिषेक राज ने स्वर्ण, अभिन्न शर्मा ने रजत और विनायक कौशिक ने कांस्य पदक जीता।

## एमबीबीएस एवं बीडीएस में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने सतना एवं मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रित को सूचित किया है कि केन्द्रीय सैनिक बोर्ड की बेवसाइट का मरम्मत कार्य बंद है। आवेदन और सभी आवश्यक दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त निर्धारित की गई है।

## 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आपदा पीड़ित व्यक्ति के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) सतना राहुल सिलाडिया द्वारा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत धवारी निवासी आशा वर्मा की पुत्री की मृत्यु अग्नि दुर्घटना से होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# 70 लीटर अवैध शराब जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने दर्ज किया धारा 34-2 का अपराध



जागरण सतना

अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी ने उनके कब्जे से 70 लीटर अवैध शराब जप्त करने में सफलता पाई है। पकडे गये दोनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 34-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मैहर पुलिस ने की है।

### ये है विवरण

3 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल में हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब अत्यधिक मात्रा में लेकर नकतरा तरफ से देवी जी की ओर आ रहा मैहर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ा गया जिनके कब्जे से एक जरीकेन में 20 लीटर एवं एक जरीकेन में 50 लीटर टोटल 70 लीटर हाथ भट्ठी बनी महुआ शराब पाई गई एवं दोनों से नाम पता पूछे गए उन्होंने क्रमशः अपना नाम विक्रम भैया चौधरी एवं शिवाकांत चौधरी निवासी उदयपुर का बताया पुलिस द्वारा शराब के संबंध में कागजात मांगे गए जो कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए उक्त दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 34-2 आबकारी एक्ट का कायम कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### ये आरोपी गिरफ्तार

अवैध शराब के साथ पकडे गये जिन दो आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज हुआ है उनमें विक्रम भैया रवि पिता कमलेश कुमार चौधरी उम्र 19 वर्ष , शशिकांत पिता छोटेलाल चौधरी उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नंबर 2 उदयपुर मैहर का नाम शामिल है दोनो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है आरोपियों के कब्जे से 14 हजार रूपये कीमत की 70 लीटर हाथ भट्टी शराब जप्त की है। इस कार्यवाही में 70 हजार रूपये कीमत का दो पहिया वाहन भी जप्त किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के आने की भनक लगते ही बंद हुई रामपुर की दुकाने



**जागरण सतना।** सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम रामपुर बाघेलान पहुची मगर उनके कब्जे पहुचते ही कस्बे की अधिकांश दुकाने बंद हो गई। कलेक्टर सतना के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले में खाद्य कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इन दुकानो पर कार्यवाही कर लिये सेम्पल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने रामपुर बघेलान में कैलाश होटल एवं रवि एन ब्रदर्स भारत लाल किराना में टीम द्वारा जांच की गई। उक्त प्रतिष्ठानों से कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं खुरचन, मगज लड्डू, केक , टोस्ट, सत्तू घी आदि के नमूने लिए गए हैं जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल से जांच कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। होटल एवं रवि एन ब्रदर्स में कीट नियंत्रण कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र,खाद्य पदार्थों की परीक्षण रिपोर्ट दस्तावेजों का संधारण आदि की कमी पाई गई है। जिस पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

**महेश्वरी स्वीट्स से भी जप्त हुये नमूने :** रामपुर बघेलान के पूर्व सोमवार को महेश्वरी स्वीट्स में पेड़ा, मिल्क केक, खोवा बर्फी, कलाकंद की जांच चलित खाद्य परीक्षण वैन से की गई है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुर्मी और शीतल सिंह शामिल रहे।

# पत्नी को बचाने तालाब में कूदे युवक की मौत



**जागरण सतना।** उचेहरा थाना अंतर्गत परसमनिया चौकी के पास एक दर्दनाक हादसे में पत्नी को बचाने के प्रयास में एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। यह हृदयविदारक घटना रविवार को उस समय घटी जब राज बहादुर सिंह 32 पिता किशोर सिंह गोंड निवासी परसमनिया अपने परिजनों के साथ पास के तालाब में नहाने गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसारए राज बहादुर के परिवार में कुछ दिन पूर्व एक बच्चे की मौत हो गई थी। इसी दुखद घटना के बाद परिवार के सभी सदस्य घर के पास स्थित तालाब पर स्नान के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान राज बहादुर की पत्नी अंजू तालाब में अचानक फिसलकर गहरे पानी में गिर गई। पत्नी को डूबता देख राज बहादुर ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी और काफी मशक्कत के बाद पत्नी को बाहर निकालने में सफल भी रहा। हालांकि अंजू तो बच गई लेकिन राज बहादुर खुद गहरे पानी में फंस गया और डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय समय सीमा में पूरा कराएं : कमिश्नर



**जागरण सतना।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को तय समय सीमा में पूरा करें तथा इसके अंतर्गत संचालित सभी कार्य समानांतर रूप से किए जाएं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन बिछाने के साथ ही इंटेक वेल, पम्पिंग, टंकी निर्माण आदि सभी कार्य समानांतर रूप से संचालित कराए जाएं ताकि जनवरी माह तक कार्यों को पूरा किया जा सके। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखते हुए पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल जल योजनाओं के कार्यों के सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की सेवाएं लेते हुए नलजल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित कराएं।

# तो अब प्राधिकृत अधिकारियों पर विभागीय जांच की हो सकती है कार्यवाही



**जागरण सतना।** समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में लोक सेवा केन्द्र और समाधान एक दिवस सेवाओं की समीक्षा में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि लोक सेवा केन्द्र के लिए विहित प्राधिकृत अधिकारी अपने निर्धारित दिवस पर लोक सेवा केन्द्र में बैठकर प्रकरणों का निस्तारण करेंगे। विसंगति पूर्ण स्व घोषणा के अनुसार तर्क संगत प्रमाण पत्र नहीं जारी करने वाले प्राधिकृत अधिकारियों पर विभागीय जांच संस्थित कर कडी कार्यवाही की जायेगी। सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, जीतेन्द्र वर्मा, आरएन खरे, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सोमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, सहित विभाग प्रमुख अधिकारी एवं जनपद पंचायत के सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 9 लोक सेवा केन्द्र संचालित है और इनमें समाधान एक दिवस के तहत प्राधिकृत अधिकारी द्वारा समय-सीमा में सुसंगत प्रमाण पत्र सेवाओं के लिए जारी किये जाने का महत्वपूर्ण दायित्व है। लोक सेवा में आवेदकों द्वारा यदि तर्क संगत स्व घोषण नहीं की जाती है तो प्राधिकृत अधिकारी इसका परीक्षण कर सुसंगत प्रमाण पत्र ही अपने डिजिट सिग्नेचर के साथ जारी करें। भविष्य में विसंगतिपूर्ण प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकृत अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि इस अवसर पर पुरूस्कृत होने वाले व्यक्तियों, शासकीय कर्मियों की सूची नाम और उपलब्धियों की टिप्पणी के साथ आज शाम तक उपलब्ध कराये। समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में अंतरविभागीय मुद्दों पर सतना-रीवा रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के लिए भू-अर्जन संबंधी समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि बगहाई, कोठार, सतरी कोठार, पैपखरा, मनकहरी, बम्हौरी, बठिया एवं खारी गांवों में शेष किसानों एवं भू-स्वामियों को मूल अवार्ड और अतिरिक्त 5 लाख रूपये की राशि वितरण करने एसडीएम रामपुर बघेलान कैम्प का आयोजन करें। भूमि आवंटन संबंधी मामलों में संबंधित विभाग प्रतिवेदन आनलाइन दर्ज करायें। कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में बनने वाले फिश पार्लर का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

## राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती पर वरिष्ठ जनों व मेधावी छात्रों का सम्मान



**सतना।** गहोई वैश्य पंचायत सतना के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रकवि स्व मैथिलीशरण गुप्त की जयंती गरिमामय माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि आजाद वतन वर्मा रहेए जिन्होंने राष्ट्रकवि के कृतित्व और ओजस्वी रचनाओं पर सारगर्भित व्याख्यान देते हुए अपनी कविताओं से सभी को भावविभोर कर दिया। समाज अध्यक्ष संजय गुप्ता ने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्रकवि गुप्तजी ने समाज को नई दिशा देने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। सचिव पीयूष गुप्ता ने उनके साहित्यिक योगदान को प्रेरणास्रोत बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों का अभिनंदन किया गया पीडी कुचया, हरिश्चंद्र गुप्ता, दिनेश पहारिया, कस्तूरी देवी लोहिया, सरोजिनी खंतालए कमला देवी खांगट को शालए श्रीफल व शुभकामना पत्रक भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विनोद कुचया, जो विगत 10 वर्षों से सांई रोटी कपड़ा बैंक का संचालन कर रहे हैं को उनके इस जनहित कार्य हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
10 अगस्त, रविवार
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.) मो.: 9399312433, 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
मो.-7247097637
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF PHARMACY ENGINEERING
D. PHARMACY B. PHARMACY POLYTECHNIC B.TECH. ME | CE | CSE | EEE | MINING
BBA / MBA BCA / MCA B.A. LL.B. B.COM. LL.B. BBA LLB. LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा +91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा

Dr. Ortho
Orthopaedic Cervical Pillow
Memory foam pillow for a comfy good night Sleep
Traditional Pillow | Cervical Pillow
Contact For Dealership
85558 07777 • dealership@divisa.in

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें 9174566996 7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं: 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. ईशान गोयल, 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ, वेंटिलेटर एवं Bipap, 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज | सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ: IUI, IVF, ICSI • फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET) • एग फ्रीजिंग • एंब्रियो फ्रीजिंग • स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा स्त्री एवं प्रसूति रोग
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
कम खर्च, दर्द, निशान, रक्तस्राव
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॉडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट • डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स • सुडोपेन क्रियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.) 07662-356125, 8435896118

जैसे कोई खिलौना टूट गया आज ही के दिन हमसे हमारा केतन रूठ गया
पुण्य स्मरण
केतन जैन (सनी) 5 मार्च 1992 - 5 अगस्त 2012
हम सभी तुम्हे याद करते हैं हमारी यादों में हमेशा रहोगे
अश्रुपूरित श्रद्धांजलि
प्रतिष्ठान - पारसनाथ ग्राफिक्स, पारसनाथ सप्लायर्स, पारसनाथ प्रिंट एण्ड पैक, पारसनाथ लॉजिस्टिक्स कटनी

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com